वर्ष 20 | अंक 05 | पृष्ठ 12

देवघर

शनिवार, 05 जुलाई 2025

मूल्य ₹ 3/-

हिन्दी दैनिक

# श्वेत पत्र

आपकी बात सच के साथ




पेज 12 : वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया...


www.shwetpatra.co.in | देवघर व रांची से प्रकाशित एवं पूरे झारखंड, बिहार तथा बंगाल में प्रसारित | E-mail : shwetpatra10@gmail.com




## मथुरा के शाही ईदगाह पर हिंदू पक्ष को 'हाई' झटका

### मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने से किया इनकार

**मथुरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में शाही ईदगाह मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। कोर्ट ने मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने से इनकार कर दिया है। हिंदू पक्ष को झटका लगा है। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्र की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कोर्ट से मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग की थी, जिस पर कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा शाही ईदगाह और श्रीकृष्णजन्मभूमि विवाद मामले में आज फैसले पर सबकी नजर थी। अदालत ने हिंदू पक्ष को झटका देते हुए अर्जी खारिज कर दी है। इसमें मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की याचिका खारिज कर दी गई है। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह ने मासरे आलम गिरी से लेकर मथुरा के कलेक्टर रहे एफएस ग्राउस तक के समय में लिखी गई इतिहास की पुस्तकों का हवाला दिया था। उन्होंने कहा था कि वहां पहले मंदिर था और मस्जिद होने का कोई साक्ष्य शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष न्यायालय में पेश नहीं कर सका है।

हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने इतिहास की पुस्तकों का हवाला देते हुए कहा था कि वहां पहले मंदिर था। उन्होंने कहा, वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष न्यायालय में पेश नहीं कर सका। न खसरा खतौनी में मस्जिद का नाम है, न नगर निगम में उसका कोई रिकॉर्ड। न कोई टैक्स दिया जा रहा, बिजली चोरी की रिपोर्ट भी शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ भी हो चुकी है, फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए। इसलिए मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया जाए। श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं शाही ईदगाह मस्जिद केस के मंदिर पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने हाई कोर्ट में 5 मार्च 2025 को मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्र के न्यायालय में इस प्रार्थना पत्र पर बहस पूरी हो चुकी है। बहस के दौरान सभी हिन्दू पक्षकारों ने महेंद्र प्रताप सिंह की दलीलों का समर्थन किया।

## रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को दी मान्यता

- ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश, तालिबान ने फैसले को बहादुरी भरा बताया



**काबुल/मॉस्को (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा गुरुवार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी भरा फैसला बताया है। मुत्ताकी ने बैठक के बाद जारी एक वीडियो बयान में कहा, यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने भी मान्यता की पुष्टि करते हुए कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है।

## हमारे आपसी रिश्ते भौगोलिक सीमाओं से परे हैं: पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री बोले-त्रिनिनाद की प्रधानमंत्री कमला बिहार की बेटी

**पोर्ट ऑफ स्पेन (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने पीएम कमला प्रसाद बिसेसर को 'बिहार की बेटी' कहा और उन्हें राम मंदिर का मॉडल और सरयू नदी के जल के साथ-साथ प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का जल भी भेंट किया। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय की यात्रा को साहस की मिसाल बताया। पीएम ने कहा- वे (भारतीय प्रवासी) गंगा और यमुना को पीछे छोड़ आए, लेकिन अपने दिल में रामायण को साथ लाए।



उनके योगदान ने इस देश को सांस्कृतिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध किया है। वे अपनी मिट्टी छोड़ आए, लेकिन अपने संस्कार नहीं छोड़े। वे सिर्फ प्रवासी नहीं थे, बल्कि एक सभ्यता के दूत थे। पीएम मोदी ने ऐलान किया कि भारतीय मूल के लोगों की छठी पीढ़ी को भी ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड दिया जाएगा।



पीएम मोदी ने कहा- 25 साल पहले मैं यहां आया था। तब से अब तक हमारी दोस्ती और मजबूत हुई है। बनारस, पटना, कोलकाता और दिल्ली भारत के शहर हैं, लेकिन यहां भी इनके नाम की सड़कें हैं। नवरात्रि, महाशिवरात्रि और जन्माष्टमी यहां खुशी, उत्साह और गर्व के साथ मनाए जाते हैं। चौताल और भटक गाना यहां फल-फूल रहे हैं। मैं यहां कई परिचित चेहरों की गर्मजोशी और युवा पीढ़ी की आंखों में उत्सुकता देखता हूं, जो एक साथ जानने और बढ़ने के लिए उत्साहित हैं। हमारे रिश्ते भौगोलिक सीमाओं से परे हैं। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय की श्रीराम के लिए गहरी आस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा- मुझे आपकी प्रभु श्रीराम में गहरी आस्था का पता है। यहां की रामलीला वाकई अनोखी है। मुझे यकीन है कि आप सभी ने 500 साल बाद अयोध्या में रामलला की वापसी का स्वागत किया होगा। आपने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पवित्र जल और शिला भेजी थी।

### पीएम कमला को लोग बिहार की बेटी मानते हैं

मोदी ने इस साल हुए महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा, मैं महाकुंभ का पवित्र जल अपने साथ लाया हूं। मैं कमला जी से अपील करता हूं कि वे संगम और सरयू नदी के पवित्र जल को यहां की गंगा धारा में अर्पित करें। भारतीय प्रवासी हमारा गर्व हैं। आप में से प्रत्येक भारत के मूल्यों और विरासत का राजदूत है। पीएम मोदी ने कहा- हम सिर्फ खून या सरनेम से नहीं, बल्कि अपनेपन की भावना से जुड़े हैं। भारत आपकी ओर देखता है और आपका स्वागत करता है। पीएम कमला जी के पूर्वज बिहार के बक्सर से थे।

### बाल विकास मंत्री ने किया सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन

## यह एक विचार, एक विश्वास और एक विजन को हकीकत में बदलने का दिन है : अन्नपूर्णा



**रांची (एप्र)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को झारखंड की राजधानी रांची में मंत्रालय की ओर से संचालित सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया। पूर्वी क्षेत्र में प्रथम तथा देश का छठा, यह क्षेत्रीय केंद्र अपने नवाचार और नीतियों से क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा और प्रेरणा केंद्र के रूप में उभरेगा, ऐसी परिकल्पना है। मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज यहां नया क्षेत्रीय केंद्र शुरू कर रहे हैं, यह केवल एक उद्घाटन का अवसर नहीं बल्कि एक विचार, एक विश्वास और एक विजन को हकीकत में बदलने का दिन है। जब हम एक महिला की सुरक्षा और एक बच्चे की मुस्कान को विश्वास में बदलते हैं तब हम भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह नया क्षेत्रीय केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह नया क्षेत्रीय केंद्र विशेष रूप से मंत्रालय की प्रमुख पहलों-मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसमें झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, स्थानीय विधायक नवीन जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सचिव अनिल मालिक और वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल थे।

## 12 घंटे की शिफ्ट, नाइट शिफ्ट में काम कर सकेंगी महिलाएं

- गुजरात में फैक्ट्री ऐक्ट में बड़े संशोधन, अध्यादेश कर दिया जारी



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अगुवाई वाली राज्य सरकार ने फैक्ट्री एक्ट में संशोधन करके महिलाओं को नाइट शिफ्ट में काम करने की स्वीकृति दे दी है। इसके साथ सरकार ने काम के घंटों में भी बढ़ोतरी कर दी है। राज्य सरकार के इन फैसलों को गुजरात में आर्थिक गतिविधियों को तेज करने से जोड़कर देखा जा रहा है। गुजरात सरकार ने फैक्ट्रीज (गुजरात संशोधन) अध्यादेश, 2025 जारी किया है, जिसमें फैक्ट्रीज एक्ट, 1948 में संशोधन किया गया है।

## कोलकाता केस में पुलिस ने किया क्राइम सीन रीक्रिएट

### सुबह 4.30 बजे आरोपियों को लेकर कॉलेज पहुंची, 25 जून को हुई थी घटना

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता पुलिस ने शुक्रवार को लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप की जांच के सिलसिले में क्राइम सीन रीक्रिएट किया। पुलिस गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के साथ साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज पहुंची थी। तीनों मुख्य आरोपियों मोनोजीत मिश्रा, मौजूदा स्टूडेंट प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को सुबह करीब 4.30 बजे कॉलेज ले जाया गया। इस प्रक्रिया को पूरा करने में करीब चार घंटे लगे। इसके बाद सभी को पुलिस स्टेशन वापस लाया गया। पुलिस के अफसर ने बताया कि जो नतीजे मिले हैं, उनसे अब महिला के आरोपों से जांच की जाएगी और बाकी सबूतों से पुष्टि की जाएगी।



सुरक्षा गार्ड पिनाकी को दोपहर बाद अदालत में पेश किया जाएगा, क्योंकि उसकी पुलिस रिमांड 4 जुलाई तक है। मामले की जांच फिलहाल कोलकाता पुलिस का डिटेक्टिव डिपार्टमेंट कर रहा है। घटना 25 जून को पश्चिम बंगाल की राजधानी के कस्बा क्षेत्र में साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई।

- उप सेना प्रमुख बोले-दुश्मनों ने देखी 'ऑपरेशन सिंदूर' की धमक

## एक बॉर्डर, तीन दुश्मन, हमने तीनों को हराया

### कहा-चीन ने हमें हथियारों की टेस्टिंग लैब समझा, तुर्किये ने ड्रोन दिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने बड़ा खुलासा किया है। उप सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को लाइव इनपुट दे रहा था। साथ ही चीन ने पाकिस्तान को भारतीय हथियारों के बारे में जानकारी दी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की के ड्रोन और पायलट पाकिस्तान में मौजूद थे। डीजीएमओ वार्ता के दौरान चीन पाकिस्तान को जानकारी दे रहा था। उन्होंने कहा कि हमने एक साथ तीन दुश्मनों को मात दी। उप



सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह फिक्की की तरफ से आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोल रहे थे। उप सेना प्रमुख सिंह ने कहा कि पूरे अभियान के दौरान वायु रक्षा और उसका संचालन महत्वपूर्ण था। इस बार, हमारे जनसंख्या केंद्रों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन अगली बार, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक सीमा थी और दो विरोधी थे, वास्तव में तीन। हमें बहुत तेजी से आगे बढ़ना होगा। हम इजराइल को देख रहे हैं। उनके पास आयरन डोम हैं। दूसरे एयर डिफेंस सिस्टम हैं। हमारे पास वैसी सुविधाएं नहीं है क्योंकि हमारा देश विशाल है और इन पर बहुत पैसा खर्च होता है।

### पिछले युद्धों की तरह दर्द बर्दाश्त नहीं कर सकते थे

लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की भी तारीफ की। साथ ही टारगेट चुनने, प्लानिंग के अलावा रणनीतिक संदेश, टेक्नोलॉजी और ह्यूमन इंटेलीजेंस के इस्तेमाल के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर से कुछ सबक मिले हैं। लीडरशिप का संदेश साफ था। जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी।

## मंत्री इरफान अंसारी को मिली जान से मारने की धमकी

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को गुरूवार देर रात एक अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी। कॉलर ने मंत्री को 24 घंटे के भीतर उड़ा देने की धमकी दी और अपशब्द भी कहे। यह धमकी फोन नंबर 7903928578 से दी गई, जब मंत्री दिल्ली में थे। अंसारी ने इस घटना की जानकारी रांची एसएसपी को दी है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मंत्री ने इसे गंभीर साजिश बताते हुए कहा कि वह डरने वाले नहीं हैं और जनता की सेवा करते रहेंगे। पुलिस ने कॉल नंबर को ट्रेस कर कॉलर की पहचान के लिए तकनीकी जांच शुरू कर दी है।

## 2 बार बीएलओ घर जाएगा, नहीं मिले तो कट जाएगा आपका नाम

- बिहार में चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट पुनरीक्षण पर संग्राम

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग की ओर से कराए जा रहे वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को रोकने के लिए कांग्रेस पार्टी ने कमर कस ली है। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि 14 पार्टियों ने मिलकर चुनाव आयोग के सामने अपनी बात रखी है। इस दौरान बिहार के लोगों की भावनाओं के बारे में बताया गया। जिस तरह से यहां 25 दिनों की प्रक्रिया में जो पूरी इलेक्ट्रो प्रोसेस को प्रभावित करने का जो चुनाव आयोग का निर्णय है उसका हम लोगों ने विरोध जताया। इलेक्शन कमीशन ने कहा कि हम



वोटर लिस्ट का पूर्ण पुनरीक्षण नहीं कर रहे हैं। लेकिन आज की डेट में पिछली बार इलेक्शन कमीशन ने जो प्रिंट किया उसे खारिज करके उसे पूरी तरह से नये सिरे से वोटर लिस्ट तैयार किया जा रहा है हम उसी के रिप्रजेंटेशन में गए थे। इलेक्शन कमीशन का जो रवैया है उसमें हमें तीन बातें मुख्य रूप से बताया गया। इससे साफ जाहिर है कि 20 फीसदी वोटर लिस्ट से हट जाएंगे। ये उन्होंने स्पष्ट तौर से कहा।

## एस्ट्रोनॉट शुभांशु बोले-उड़ने का डर, खुद को बांधकर सोता हूं

### इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से छात्रों से की बात, कहा-रोज योग करता हूं

**लखनऊ (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर पहुंचने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश और केरल के छात्रों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। इस दौरान छात्रों ने अंतरिक्ष में जीवन से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनके शुक्ला ने डिटेल में जवाब दिए।

इस दौरान उन्होंने जीरो ग्रैविटी में तैरते हुए गेंद से खेलकर दिखाया। छात्रों ने पूछा- अंतरिक्ष में कैसे सोते हैं। जवाब में शुक्ला ने बताया- अंतरिक्ष में फर्श या छत जैसी कोई चीज नहीं होती, इसलिए कोई दीवार पर सोता है तो कोई छत पर।



सोते समय खुद को बांधना पड़ता है ताकि तैरते हुए कहीं और न चले जाएं। यूपी के 150 बच्चों और केरल के कोझिकोड जिले के छात्रों को बातचीत के लिए चुना गया था। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सियम मिशन- 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ स्पेस के लिए रवाना हुए थे और 10 जुलाई को धरती पर वापस आएंगे। छात्रों ने शुभांशु शुक्ला से बातचीत को बेहद प्रेरणादायक बताया।

## एफ-35 जेट को केरल से ले जाना पड़ रहा भारी

- आसान नही राह, अमेरिकी इंजीनियरों के छूटेंगे पसीने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ब्रिटेन का एफ-35 बी फाइटर जेट 14 जून को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग के बाद से केरल में खड़ा है। मरम्मत की तमाम कोशिशें नाकाम होने के बाद जेट के कुछ हिस्सों को खोलकर सी-17 ग्लोबमास्टर जैसे विशाल विमान से ले जाए जाने की तैयारी की खबरें हैं। हालांकि, स्टील्थ टेक्नोलॉजी वाले पांचवीं पीढ़ी के इस लड़ाकू विमान को ब्रिटिश रॉयल नेवी के लिए ले जाना आसान नहीं होगा। विमान को सी-17 में ले जाने में भी कई चुनौतियां हैं, जैसे विमान का आकार और इसकी स्टील्थ टेक्नोलॉजी वाले डेटा की सुरक्षा का खतरा। क्योंकि, विमान को ले जाने से पहले उसके पंखों को निकालना जरूरी होगा। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इसकी स्टील्थ टेक्नोलॉजी का सीक्रेट कोड डिकोड हो सकता है, जिससे यह विमान अपनी गोपनीय ताकत खो देगा। सी-17 ग्लोबमास्टर एक बड़ा सैन्य विमान है।



हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, शनिवार, 05 जुलाई, 2025



## एक नजर

### लायंस क्लब का स्थापना समारोह धूमधाम से संपन्न



**बाघमारा(एप्र)।** बीसीसीएल गेस्ट हाउस डुमरा में गुरुवार देर रात को लायंस क्लब बाघमारा सेंटिनल का चार्टर्ड नाइट और स्थापना समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 11 क्लबों ने भाग लिया। समारोह की शुरूआत सभी चार्टर सदस्यों को सम्मानित करने से की गई, और सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और शॉल देकर किया गया। कार्यक्रम के पदस्थापना अधिकारी पीडीजी लायन एलसी राठी, मुख्य अतिथि जिलापाल पीएमजेएफ लायन संजय कुमार,विशिष्ट अतिथि बाघमारा विधायक शत्रुध्न महतो,और उद्घाटनकर्ता पीएम जे एफ लायन राजीव लोचन के साथ मुख्य वक्ता एम जे एफ लायन कंचन साहू ने क्लब का जन्मदिन ( चार्टर नाइट समारोह ) केक काटकर मनाया। लायन सुनील कुमार सिंह ने अपने गीतों से समारोह को रंगीन बना दिया। पदस्थापना समारोह की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। इस अवसर पर नए पदाधिकारियों जैसे अध्यक्ष लायन शशिकांत शरण, सचिव लायन विक्की कुमार रवानी, और अन्य का शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने लायन क्लब बाघमारा सेंटेनियल के सेवा कार्यों की सराहना की। समारोह में कई अन्य सदस्य भी मौजूद थे,जिन्होंने नए टीम को बधाई दी।

### सिमरन ने पॉलिटेक्निक में एससी रैंक में 17 वां स्थान लाकर बढ़ाया मान



**बाघमारा(एप्र)।** राज चौहान सर अकादमी तेलोटाङ काली मंदिर से सिमरन कुमारी झारखण्ड पॉलिटेक्निक परीक्षा मे जनरल केटेगरी रैंक 331 तथा एस.सी केटेगरी रैंक 17 ला कर अपने गुरु तथा माँ पिता का नाम को रौशन किया है। उनकी सफलता पर उनके माता- पिता एवं परिजन काफी खुश है।मालूम हो कि अपर मांद्रा जैसे पिछड़े जगह, जहाँ पर शिक्षा का माहौल नहीं होने के बावजूद भी पढ़ाई पर एकाग्रता रख कर अच्छा रैंक हासिल की है। सिमरन कुमारी ने बताया की वो सिर्फ इस परीक्षा को पास कर के अपने तैयारी के स्तर को जांच करना चाह रही थी। वो किसी पॉलिटेक्निक कॉलेज मे नामांकन नहीं करवाएगी. सिमरन कुमारी बोली की भविष्य मे जे ई ई परीक्षा को पास कर के देश के अच्छे आई आई टी कॉलेज मे नामांकन लेना चाहती है, एक अच्छा इंजीनियर बन कर देश और समाज को सेवा करना चाहती है.अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु राज चौहान सर को दी। उन्होंने कहा कि सर हमेशा मार्गदर्शित करते रहते है जीवन मे आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहते है. उनके माँ मानती देवी पिता बिन्देश कुमार भुईआ है जो हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित करते है।

### लीज पट्टे देने के उद्देश्य से डीसी ने की बैठक

**धनबाद(एप्र)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) के तहत बलियापुर टाउनशिप में आवंटित मकानों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान बेलगड़िया टाउनशिप में आवंटित हो चुके मकान में रह रहे परिवारों तथा आवंटित होने वाले मकानों को मकान के लीज पट्टे देने हेतु बीसीसीएल के जीएम स्टेट, जीएम झरिया मास्टर प्लान, सब रजिस्ट्रार एवं जेआरडीए की टीम के साथ चर्चा की गई। इस संबंध में उपायुक्त ने बीसीसीएल, जेआरडीए एवं सब रजिस्ट्रार को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सही प्लान एवं प्रक्रिया बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर बीसीसीएल के जीएम स्टेट, जीएम झरिया मास्टर प्लान, सब रजिस्ट्रार एवं जेआरडीए की टीम मौजूद रही।

### कल झारखंड आयेंगे अर्जुन राम मेघवाल, राजधानी में होगा अभिनंदन

**रांची(एप्र)।** केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल रविवार 6 जुलाई को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आएगें। रविवार की सुबह केंद्रीय मंत्री नई दिल्ली से रांची आएंगे और यहां से हेलीकॉप्टर से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। धनबाद में दोनों मंत्री झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में शामिल होंगे। धनबाद में कार्यक्रम के बाद दोनों मंत्री रांची आएंगे। यहां होटल रामदा में अर्जुन राम मेघवाल का भव्य नागरिक अभिनंदन झारखंड स्टेट बार काउंसिल, अधिवक्ता परिषद, चेंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नए वकीलों को लाइसेंस भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही मेडिकल एड का चेक भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश से बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि केंद्रीय कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री का ऐतिहासिक अभिनंदन रांची के नागरिक करेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, व्यावसायी पवन बजाज, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, बार काउंसिल के राजेंद्र कृष्ण, मुकेश के द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना

**रांची(एप्र)।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह के नेतृत्व में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए शुक्रवार को रांची रेलवे स्टेशन से रवाना हुए। इस मौके पर भक्तों ने चैती दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा और बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इस यात्रा में कुल 10 भक्त शामिल हैं। इस यात्रा में संजय कुमार सिंह उर्फ लल्लू सिंह, राकेश वर्मा, रंजन गुप्ता, शंकर वर्मा, प्रमोद साहू, करण सिंह, आशीष रजक, और रोहन सिंह शामिल हैं।

### रामविलास की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आज

**रांची(एप्र)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के संस्थापक रामविलास पासवान की जयंती के अवसर पर शनिवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय, कृष्णा एन्क्लेव, डोरंडा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में संपन्न होगा। इस संबंध में पार्टी की ओर से कहा गया है कि रामविलास पासवान भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे जिन्होंने सात प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया। वे सामाजिक न्याय के प्रबल पैरोकार थे।

# श्रावण मास को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिये कई दिशा निर्देश



#### भक्तों को पूजा-अर्चना के लिए हो बेहतर व्यवस्था

**रांची(एप्र)।** रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति की एक अवश्यक बैठक आगामी श्रावण के आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित सभागार में हुई। श्रावण माह के सफल संचालन एवं अन्य मुद्दों के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

#### पहाड़ी मंदिर के आस-पास से हटेगा अतिक्रमण

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि यह श्रावण माह बहुत पवित्र और पावन महीना हैं। इसे अच्छे से संचालन करना जिससे भक्तों को कोई परेशानी ना हो वह अपने आराध्य देव की पूजा पूरी श्रद्धा भक्ति से कर पाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी और पहाड़ी मंदिर से जुड़े सभी सदस्यों की भूमिका काफी अहम होगी।

#### बैठक में लिये गये निर्णय

सरकारी पूजा के उपरान्त 3.30 पूर्वाहन में आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का द्वारा खोला जाना चाहिए। पहाड़ी मंदिर परिसर में अवस्थित सभी मंदिर में अरघा सिस्टम से जलाभिषेक की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। ताकि ज्यादा से ज्यादा भक्त जल अर्पित कर सकें। पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार एवं प्रत्येक सोमवार को मंदिर की पुष्प से सजावट किया जाएगा। मंदिर परिसर के बाहर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था बैरेकेटिंग लगाने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। खोया पाया एवं अन्य सूचना देने हेतु साउण्ड सिस्टम लगाने की व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था नगर निगम, चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति एवं अग्निशामक हेतु संबंधित विभाग को अनुरोध पत्र भेजने का निर्देश देते हुए इसे सुनिश्चित कराने को कहा।

**आम श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु समय सारणी लगाने का निर्देश**

पहाडी परिसर से अतिक्रमण हटाने को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। मंदिर के आस-पास असामाजिक तत्वों के जमावड़े को लेकर संबंधित थाना को लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश, श्रावण माह के अवसर पर एवं विभिन्न मद में अनुमानित खर्च को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए हैं। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव सह एसडीओ उत्कर्ष कुमार, एसपी शहर अजीत कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी राँची (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, बैठक में शामिल रहे।

### छह माह बाद भी उत्पाद सिपाही की लिखित परीक्षा ठंडे बस्ते में: बाबूलाल



**रांची(एप्र)।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने युवाओं के सवालों पर हेमंत सरकार को निशाने पर लिया है। कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व राज्य सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ आयोजित कराई थी।

सरकार के कुव्यवस्था और हठधर्मिता के कारण कई युवाओं की मौत होने लगी, लेकिन सरकार ने दौड़ को नहीं रोका जिससे मौत का आंकड़ा बढ़ता ही चला गया। युवाओं को उम्मीद थी कि सरकार जल्द लिखित परीक्षा लेगी, लेकिन हेमंत सरकार गठन के 6 माह बीत जाने के बाद भी लिखित परीक्षा न होने के कारण अबतक उत्पाद सिपाही भर्ती प्रक्रिया पर संशय बना हुआ है। झारखंड के युवा हेमंत सरकार की राजनीति के सबसे आसान शिकार हैं। साधन संपन्न धनाढ्य परिवार में जन्म लेने के कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने युवावस्था में साधारण युवकों के संघर्ष को महसूस नहीं किया है। इसलिए उनकी शासन पद्धति में भी युवाओं के प्रति संवेदनहीनता नजर आती है। जब भी युवाओं द्वारा नौकरी की मांग की जाती है तो परीक्षा कैलेंडर का झुनझुना थमा दिया जाता है।आज झारखंड में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो चुका है। न कोई ठोस नियोजन नीति, न पारदर्शी परीक्षा, न ससमय रिजल्ट। युवाओं को मिलता है तो सिर्फ फर्जी आश्वासन दिया है।

## श्रावणी मेले के लिए 11 जुलाई से नौ अगस्त तक मेला स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**रांची(एप्र)।** श्रावणी मेले में भीड़ को लेकर मेल, एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। इसमें ट्रेन संख्या 03511 आसनसोल-पटना श्रावणी मेला स्पेशल 11 जुलाई से 09 अगस्त तक 22 ट्रिप चलने वाली है। यह ट्रेन हर शुक्रवार, शनिवार, सोमवार, मंगलवार और बुधवार को शाम 17:00 बजे आसनसोल से रवाना होगी। जबकि ट्रेन नंबर 03512 पटना-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 12 जुलाई से 10 अगस्त तक 22 ट्रिप चलेगी। यह प्रत्येक शनिवार, रविवार, मंगल, बुध और गुरुवार को 02:50 बजे पटना से रवाना होगी।

स्पेशल ट्रेन (मेमू/पैसेंजर) चलेगी

03480/03479 जमालपुर सुल्तानगंज -जमालपुर पैसेंजर स्पेशल (प्रतिदिन) 60 ट्रिप चलेगी।

03442/03441 जमालपुर देवघर -जमालपुर स्पेशल (रविवार) 10 ट्रिप चलेगी।

03444/03443 देवघर गोड्डा देवघर स्पेशल (रविवार) 10 ट्रिप चलेगी।

सुल्तानगंज में इन ट्रेनों का 2 मिनट का ठहराव

12253 एसएमबीटी बेंगलुरु-भागलपुर अंग एक्स 08:20 बजे सुल्तानगंज पहुंचेगी।

12254 भागलपुर-एसएमबीटी बेंगलुरु अंग एक्सप्रेस



दोपहर 02:16 बजे सुल्तानगंज पहुंचेगी।

सावन में देवघर जाने वालों को दो स्पेशल ट्रेनों की सुविधा मिलेगी। इसके लिए रांची रेल डिवीजन ने प्रस्ताव बनाया है, जिसे दक्षिण-पूर्व रेल मुख्यालय गार्डेनरीच भेजा गया है। वहां से स्वीकृति और समय सारिणी मिलने के बाद घोषणा की जायेगी। रेलवे के अधिकारी ने बताया कि एक स्पेशल ट्रेन रांची, मुरी, बरकाकाना, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, तिलैया, किउल, सुल्तानगंज होते हुए जायेगी। वहीं, दूसरी ट्रेन रांची, मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चंद्रपुरा, कतरासगढ़, चितरंजन, विद्यासागर, मधुपुर, जसीडीह होकर चलेगी।

## झारखंड में मुहर्रम पर 13 फीट से ऊंचा ताजिया नहीं निकलेगा, बिजली आपूर्ति नहीं होगी बाधित

**रांची(एप्र)।** झारखंड में मुहर्रम के मौके पर 13 फीट से ऊंचा ताजिया नहीं निकलेगा। हाई कोर्ट के निर्देश पर राज्य विद्युत आपूर्ति निगम ने एसओपी तैयार किया है। अब त्योहारों के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी। सुरक्षा के लिए इलेक्ट्रिक पोल पर प्लास्टिक कवर और हर जुलूस में मेंटेनेंस टीम की मौजूदगी अनिवार्य होगी। मुहर्रम को लेकर झारखंड में इस बार सख्त नियम लागू किए गए हैं। राज्य सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश के बाद त्योहारों के दौरान बिजली आपूर्ति न रोकने का फैसला लिया है।

इसके तहत मुहर्रम जुलूस के दौरान भी बिजली नहीं काटी जाएगी और सभी व्यवस्थाएं पूरी सतर्कता से की जाएंगी। बिजली विभाग ने विशेष एसओपी तैयार किया है, जिसके अनुसार अब मुहर्रम में 13 फीट से ऊंचा ताजिया नहीं निकाला



जा सकेगा। सुप्रिटेंडेंट इंजीनियर ने जानकारी दी कि इस निर्णय के पीछे सुरक्षा कारण हैं। मालूम की 2023 में बोकारो के खेतको गांव में ताजिया जुलूस के दौरान बिजली के तार की चपेट में आने से 13 लोग झुलस गए थे, जिनमें से 5 की मौत हुई थी। इसी तरह की घटनाओं की आशंका से पहले बिजली काट दी जाती थी, जिससे अस्पतालों और अन्य संस्थानों में परेशानी होती थी।

#### बिजली विभाग की मेंटेनेंस टीम रहेगी तैनात

अब हर जुलूस में बिजली विभाग की मेंटेनेंस टीम तैनात रहेगी। बरसात को देखते हुए पोल पर 6 फीट तक प्लास्टिक चढ़ा दिया गया है ताकि अर्थिंग से कोई खतरा न हो। मुहर्रम कमेटियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे ताजिया की ऊंचाई 13 फीट तक ही रखें और हुड़दंगियों पर नजर रखें। हाई कोर्ट के आदेश के बाद यह पहली बार है जब झारखंड में मुहर्रम पर बिजली की सप्लाई बनी रहेगी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## कृषि मंत्री ने पाल हाउस का किया औचक निरीक्षण

**रांची(एप्र)।** झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को नेपाल हाउस में औचक निरीक्षण किया। जहां उनके पहुंचते ही विभागीय कार्यालय नेपाल हाउस में हड़कंप मच गया। कार्यालय में उपस्थित कई कर्मचारियों ने कार्यालय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को मोबाइल से मंत्री के औचक निरीक्षण की जानकारी दी। इस दौरान मंत्री विभाग के दफ्तर में सभी कोषांग का निरीक्षण किया। इसमें कई कर्मचारी, पदाधिकारी और अधिकारी अपने दफ्तर में अनुपस्थित पाए गए। जहां मंत्री ने पदाधिकारियों से उनके काम और योजनाओं से संबंधित जानकारी भी ली। मंत्री के जाने के बाद विभाग में कर्मचाारियों के बीच इस बात की चर्चा है कि अब अनुपस्थित पाये जाने वाले



अधिकारियों, कर्मचारियों पर आगे मंत्री क्या कार्रवाई करती है।

### 4 करोड़ 60 लाख की लागत से बनेगा बुदधू बगीचा के समीप जुमार नदी पर पुल



**सांसद से किया शिलान्यास**

**रांची(एप्र)।** सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को कांके प्रखंड के बुदधू बगीचा के समीप जुमार नदी पर बनने वाले पुल की पूजा-अर्चना कर कार्य का शिलान्यास किया। पुल का निर्माण केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अनुशंसा पर 2 साल के अथक प्रयास के बाद इस निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। इस पुल के निर्माण में 4 करोड़ 60 लाख की लागत से इस पुल का निर्माण होगा। पुल निर्माण के बाद आसपास के कई गांव एक दूसरे से जुड़ सकेंगे। इस मौके पर श्री सेठ ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान हो और मेरे प्रयास से लगातार जनहित के कार्य किये जा रहे हैं। बरसात में भी आवाजाही सुगम होगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुरेश बैठा, प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अजय बैठा, जिला परिषद सदस्य किरण देवी, मुखिया राम लखन मुंडा, प्रभात भूषण उपस्थित रहे।

## कृषि मंत्री ने की विमल लकड़ा से अस्पताल में मुलाकात



रांची। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को रांची के दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल में इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की। उन्होंने लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनकी पत्नी कांति बा और समाजसेवी अनिल अभिताभ पन्ना से घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने चिकित्सकों से विमल लकड़ा के इलाज संबंधी जानकारी ली और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि वे जल्द ही अपने परिवार के बीच स्वस्थ होकर लौटें, यही कामना है।

## ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए रामकनाली पहुंचे सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी

#### सांसद ने जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

**बाघमारा(एप्र)।** गुरुवार की देर रात अपराधियों ने रामकनाली कोलियरी के विद्युत सब स्टेशन में धावा बोलकर करीब 350 फीट कापर केबल लुट कर चलते बने। जिससे आस पास के कॉलोनियों में पिट वाटर व बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित होने के कारण लगभग तीन हजार की आबादी प्रभावित हो गई हैं। खबर पाकर कोलियरी प्रबंधन,सीआईएसएफ तथा रामकनाली ओपी पुलिस मौके पर



पहुंच जायजा लिया। इधर बार-बार केबल चोरी की घटनाक्रम से परेशान होकर रामकनाली के ग्रामीण नाराज होकर बीसीसीएल के विधुत सब स्टेशन और स्थानीय पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया।जिससे नाराज होकर ओपी प्रभारी ने विरोध-प्रदर्शन कर रहे पुरूष और महिलाओ को कई प्रकार से धमकी देते हुए कहा की केबल चोरी से इतने ही परेशान हो तो खुद-ब-खुद बिजलीघर की पहरेदारी क्यो नही करते हो। पुलिस की उल्टी धमकी से परेशान होकर महिलाओ ने गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी से गुहार लगाई। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए शुक्रवार को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी रामकनाली पहुंचकर घटनाक्रम की जानकारी ली। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने महिलाओ को आश्वाशन दिया की जब तक मै हूं पुलिस आपलोग को वे वजह परेशान नही कर पाएगी।उन्होने दूरभाष पर बीसीसीएल प्रबंधन व पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारीगण से बातचीत कर मामले की जानकारी देते जल्द बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा।

### अवैध बालू लदा ट्रक जब्त, पूर्वी टुंडी थाना में एफआईआर दर्ज



**धनबाद(एप्र)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने आज पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रक को जब्त किया है।इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में आज दोपहर लगभग 12:45 बजे जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, सुमित प्रसाद, बसंत उरांव एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया।जांच के क्रम में पूर्वी टुण्डी से गोविन्दपुर की ओर आ रहे एक ट्रक, रजिस्ट्रेशन नंबर यू.पी. 78 ए.टी. 5166, को बिना परिवहन चालान के बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसके बाद ट्रक को जब्त कर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्वी टुण्डी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## एक नजर

### इनर व्हील क्लब ने स्कूल में कराया वॉश बेसिन का निर्माण



**बैद्यनाथधाम (निसं)।** इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर द्वारा स्थानीय आर एल सर्राफ स्कूल के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए वाटर स्टेशन (वाश बेसिन) का उदघाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ने किया। क्लब की अध्यक्ष ज्ञानी मिश्रा और सचिन कंचन मूर्ति साह के प्रयास से उक्त काम हुआ। वाश बेसिन से बच्चे हाथ धोने का सही तरीका जान पाएंगे और उसका प्रयोग कर स्वास्थ्य और स्वच्छ रह सकेंगे। अध्यक्ष ज्ञानी मिश्रा व सचिन कंचन मूर्ति साह ने बताया कि इनर व्हील क्लब वाश बेसिन स्कूल के छात्रों के लिए एक विशेष उपहार है जो उन्हें हाथों को स्वच्छ रखने में मदद करेगा। साथ ही स्कूल में स्वच्छता कायम रखने में मदद करेगा। बच्चों को हाथ धोने का सही तरीका भी सीखना चाहिए क्लब की अधयक्ष ज्ञानी मिश्रा ने बताया कि बच्चों के साथ हर सावन माह में आने वाले तीर्थयात्रियों को भी इसकी सुविधा मिलेगी। ज्ञात हो सर्राफ स्कूल में सावन माह में कावरियों एवं सेवकों का शिविर भी लगाया जाता रहा है। पहले भी इनर व्हील क्लब देवघर अलग-अलग विद्यालयों में वाश बेसिन का निर्माण कर चुकी है। इस वर्ष इनरवेल क्लब द्वारा आर एल सर्राफ स्कूल में यह भेंट दी गई है। डीईओ विनोद कुमार ने कहा कि बच्चों को स्वच्छ रखने के लिए वास बेसिन बहुत ही जरूरी है। यह स्कूल में स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देगा और बच्चों को स्वस्थ रखने की जिम्मेदारी सिखाएगा। वॉश बेसिन का यह उपहार बच्चों के लिए बहुत खास है, क्योंकि अल्पाहार घंटी के समय हाथ धोने के लिए लंबी उन्हें लंबी कतार में लगना पड़ता है। साथ ही बेसिन नहीं होने की वजह से पानी के छींटे से उनके कपड़े गंदे हो जाया करते हैं। वॉश बेसिन लग जाने से बच्चे के कपड़े और जूते भी गंदे नहीं होंगे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जूली प्रसाद, रश्मि रंजन झा, उपाध्यक्ष ममता किरण, कोषाध्यक्ष श्वेता केशरी, अर्चना भगत, सरिता अग्रवाल, रूपा छावछरिया, सारिका साह, रीता चौरसिया, रंजना मुंद्रा, नमिता भगत, मिनी दास मौजूद थी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बेबी रोमा ने दी।

### निर्मला भारती ने दिल्ली में सीएम से की मुलाकात

**देवघर (का.प्र.)।** झामुमो नेत्री व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी निर्मला भारती ने दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुलाकात कर दिशोम गुरू शिबू सोरेन का हालचाल लिया। निर्मला भारती ने कहा कि झारखंड अलग राज्य निर्माण में गुरूजी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। आज उन्हीं की बदौलत राज्य में आदिवासी-मूलवासी सत्ता में हैं और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। गुरूजी के राजनीतिक अनुभवों की झारखंड को अभी बहुत जरूरत है। भगवान उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ रखे।

### फूड टू हंगर कार्यक्रम आयोजित

**मधुपुर (निसं)।** लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी द्वारा जनसेवा की भावना से प्रेरित साप्ताहिक कार्यक्रम फूड टू हंगर के तहत आज शुक्रवार को जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शौकत नाज के काजल टेक्सटाइल्स, हाजी गली, मधुपुर में संपन्न हुआ। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के उन वर्गों तक भोजन पहुंचाना है जो रोजमर्रा की जिंदगी में दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करते हैं। लायंस क्लब मधुपुर यूनिटी के सचिव शीलू समद ने सभी सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकताओं से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। लायंस क्लब का यह प्रयास न केवल मानवीय संवेदना को दशार्ता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि समाज में सेवा की भावना अभी भी जीवित है और जरूरतमंदों के लिए मददगार हाथ बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं कई सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पुनीत कार्य में सक्रिय योगदान दिया।

### आरोपितों को जमानत मिली

**देवघर (का.प्र)।** एडीजे प्रथम स्पेशल जज की अदालत में बिजली चोरी के अलग-अलग मामलों की सात आरोपितों को राहत मिली है। सभी आरोपितों की ओर से दाखिल जमानत आवेदन पर सुनवाई हुई, जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के उपरांत आरोपितों को 5000 के एक मुचलके पर छोड़ा गया।

# केकेएन स्टेडियम में डॉ. सुनील खवाड़े क्रिकेट ट्रॉफी आज से

### छह टीमें ले रहीं भाग टेनिस बॉल से होगा मैच

**श्वेत पत्र/देवघर (का.प्र)।** पांच जुलाई स्थानीय केकेएन स्टेडियम में डॉ. सुनील खवाड़े देवघर क्रिकेट ट्रॉफी की शुरूआत हो रही है। आईपीएल के तर्ज पर टेनिस बॉल में भी देवघर में पहली बार उक्त आयोजन हो रहा है। शनिवार को जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार और जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील खवाड़े ट्रॉफी का उदघाटन करेंगे। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में देवघर जिला वॉलीबॉल संघ के मुख्य संरक्षक डॉ जेसी राज, हैंड बॉल संघ के चेयरमैन संजय मालवीय, ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सचिव लॉन बॉल संघ कृष्ण कुमार, साइक्लिंग संघ के सचिव ज्ञान शाही, युवा नेता राहुल चंद्रवंशी मौजूद रहेंगे।




### आईपीएल की तर्ज पर खिलाड़ियों का हुआ है ऑक्शन

इस टूनार्मेंट में कुल छह टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें पीवीआर पैंथर, कैलाश फाइटर, स्टाइलिश इलेवन, मुकेश फ्लावर, मां मनसा ऑरेंज लॉयन, लिटिल पैराडाइज इलेवन टीम शामिल हैं। टूनार्मेंट 5 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक चलेगा। इसका ऑक्शन देवघर के उत्सव प्लेस में 29 जून को कराया गया था, जिसमें सभी टीम और आईकॉन खिलाड़ी मौजूद थे। आइकॉन की सूची में अंकित पांडेय, मनीष यादव, रंजीत यादव, संजीव झा, शालू मिश्रा, उज्वल राय के नाम शामिल हैं। ऑक्शन में सबसे महंगे खिलाड़ी विक्की सिंह 11 हजार की राशि में बोली लगाकर पीवीए पैंथर ने अपने साथ जोड़ा। डॉ. सुनील खवाड़े ने कहा कि इस टूनार्मेंट को कराने का मकसद है कि टेनिस बॉल क्रिकेट के खिलाड़ियों को एक प्लेटफॉर्म मिलेगा। जैसे कि इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) और टेनिस बॉल क्रिकेट प्रीमियर लीग (टीबीसीपीएल), टेनिस बॉल का उपयोग करके आयोजित किए जाते हैं. वैसे हीं यहां के खिलाड़ियों को एक प्लेटफार्म मिलने जा रहा है, ताकि वो भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बड़े स्तर पर भी कर सके।

# श्रावणी मेले में सप्ताह भर शेष, तेज हुई तैयारियां





**देवघर (का.प्र)।** श्रावणी मेले में अब मात्र सप्ताह भर शेष बचे हैं। जिला प्रशासन के स्तर से कांवरिया पथ और मेला क्षेत्र में की जा रही तैयारियों को तेज कर दिया गया है। एक-दो दिनों में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार मेले की तैयारियों की समीक्षा को देवघर पहुंच सकते हैं। पहले भी वे दो बार मेले की तैयारियों को लेकर देवघर और दुमका जिले के अधिकारियों के साथ बैठक चुके हैं। उधर, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने 7 जुलाई तक सारी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश दिया है। बाबा मंदिर, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, परिहवन विभाग, भवन प्रमंडल विभाग, राष्ट्रीय उच्च पथ विभाग, विद्युत आपूर्ति, वर्क डिविजन, पथ निर्माण विभाग एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग समेत अन्य विभाग की तैयारियां अंतिम चरण में है। कांवरिया पथ में बालू बिछाव, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, इंद्र वर्षा, विद्युत व्यवस्था, सूचना केन्द्र, साफ-सफाई, स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कई काम हो रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अस्थाई ओपी का निर्माण कराया जा रहा है। कांवरियों के रहने के लिए टेंट सिटी बनकर तैयार हो रहा है। यहां सारी मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

#### मेले में 32 स्वास्थ्य केंद्र बनेंगे, 190 डॉक्टरों की तैनाती

राजकीय श्रावणी मेला के दौरान 190 डॉक्टर, 319 पैरामेडिकल स्टाफ, 41 एम्बुलेंस एवं 32 स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया हैं। ऐसे में मेला क्षेत्र में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने नए और पुराने दोनों सदर अस्पताल को उपयोग में लाया जाएगा।

#### मेले में मिलावटी खाद्य सामग्रियों की होगी जांच

श्रावणी मेले को लेकर जिला प्रशासन की ओर से पेड़ा-प्रसाद का दर निर्धारित किया गया है। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा है कि प्रसाद की गुणवत्ता के साथ दुकानदार कोई समझौता नहीं करेंगे। साथ ही निर्धारित दर से अधिक पैसे लेने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा होटलों में खाने का भी दर निर्धारित किया गया है। डीसी ने कहा कि सभी रेस्टोरेन्ट, भोजनालयों एवं होटल मालिक अपने दुकानों में समुचित खाने की सामग्रियों को उपलब्ध रखेंगे जो उत्तम किस्म की स्वच्छ एवं स्वास्थ्यप्रद हो।
जहां से खाद्य सामग्री क्रय करेंगे उस प्रतिष्ठान, दुकान का कैशमैमो निश्चित रूप से दुकान में उपलब्ध रखेंगे। जो दर निर्धारित की गई है, वह अधिकतम है। निर्धारित मूल्य तालिका प्रत्येक दुकान के सामने (सुलभ दृष्टिगोचर स्थान पर) प्रदर्शित की जाएगी। प्रतिष्ठान, दुकानों का रसोई घर साफ एवं स्वच्छ रखेंगे। भोजन के साथ पेयजल निःशुल्क रहेगा।

#### बिहार, बंगाल, बनारस से आने वाले खोवा की होगी जांच

बिहार, बंगाल, बनारस एवं अन्य जगहों से आने वाले खोवा के गुणवत्ता जांच के बाद ही बिक्री करेंगे। सभी स्थायी, अस्थायी दुकानदार दुकान खोलने के लिए संबंधित अनुज्ञप्ति खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, देवघर में ऑनलाइन आवेदन देकर नवीकरण/अनुज्ञप्ति प्राप्त करेंगे। मिलावटी खाद्य सामग्रियों से निपटने के लिए फूड सेफ्टी ऑफिसरों की टीम भी मेले में तैनात की गई है।

### जिले में विभिन्न खेलों को लेकर 15 कोच होंगे नियुक्त




**देवघर (का.प्र)।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता जिला खेल संचालन समिति की बैठक समाहरणालय में हुई। इसमें डीसी ने जिला खेल संचालन समिति के माध्यम से जिले में विभिन्न खेल को लेकर 15 स्वीकृत केंद्रों पर 39 कोच को शॉर्टलिस्ट किया गया है। साथ ही आवश्यक कार्रवाई के साथ साक्षात्कार पश्चात कोच के चयन से जुड़े कार्यों को लेकर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया, ताकि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। मधुपुर प्रखण्ड हेतु फुटबॉल (बालक) डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम, ताईक्वाण्डो (बालक) डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र, ताईक्वाण्डो (बालिका) डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र एवं कबड्डी (बालक) डे-बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम हेतु 3 प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं देवघर प्रखण्ड हेतु बैडमिन्टन (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस इण्डोर स्टेडियम, कबड्डी (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस इण्डोर स्टेडियम, कबड्डी (बालिका) डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस इण्डोर स्टेडियम, लॉनबॉल (बालक) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स कुमैठा, लॉनबॉल (बालिका) डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र स्पॉट्स कॉम्पलेक्स कुमैठा, बास्केटबॉल (बालक) डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स कुमैठा एवं बास्केटबॉल (बालिका) डी-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र सर्पोट्स कॉम्प्लेक्स कुमैठा हेतु कुल 8 प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सारवां प्रखण्ड हेतु एथलेटिक्स (बालक) डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र प्लस-टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय, एथलेटिक्स (बालिका) डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र प्लस-टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय हेतु 2 प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही सारठ प्रखण्ड हेतु तीरंदाजी (बालिका) डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम एवं तीरंदाजी (बालक) डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र प्रखण्ड स्तरीय स्टेडियम हेतु 2 प्रशिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। बैठक में डीडीसी पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी दयानंद दुबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### करौं थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित



**देवघर (का.प्र.)।** मुहर्रम को लेकर करौं थाने में बीडीओ हरि उरांव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें नागादरी , डिण्डाकोली, सालतर, वदिया, गंजोवारी, रानीडीह समेत अन्य पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बीडीओ ने मुहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसे भाईचारा के साथ मनाने की अपील की। मौके पर एसडीपीओ सत्येन्द्र प्रसाद ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैले तो अविलम्ब थाने को सूचना दें। जुलूस में डीजे नगहीं बजेगा। असमाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। बैठक में थाना प्रभारी दीपक कुमार भारतीय, जिला परिषद सदस्य ललन सिंह, भागीरथ गोस्वामी, दिलीप यादव, मनोज सिंह प्रमुख प्रतिधि, मनोज, संजीव चौधरी मौजूद थे।

### ऑडिट के बाद मधुपुर में दो शराब की दुकानें सील



**मधुपुर (निसं)।** झारखंड सरकार के उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग द्वारा एक जुलाई से नयी शराब नीति के तहत सभी सरकारी शराब दुकानों को हैंडओवर लिया जा रहा है। इसी कड़ी में मधुपुर सीओ यामुन रविदास के नेतृत्व उत्पाद विभाग देवघर के सब इंस्पेक्टर मिथिलेश कुमार गठित टीम ने मधुपुर के गांधी चौक और राजबाड़ी रोड स्थित दो शराब दुकानों की ऑडिट की। ऑडिट के बाद दुकानों को शुक्रवार को सील कर दिया गया। सीओ यामुन रविदास ने बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार मधुपुर बाजार स्थित देशी-विदेशी शराब दुकानों की ऑडिट पूर्व की गयी थी। दुकानों में स्टॉक व लेखा-जोखा का मिलान करने के बाद फिलहाल दुकानों को सील कर दिया गया।अगले आदेश तक दुकानें बंद रहेंगी।

### आपदा प्रभावित किसानों को मिला चेक

**मधुपुर(निसं)।** प्राकृतिक आपदाओं विशेष रूप से बाढ़, चक्रवात एवं ओलावृष्टि झ के कारण किसानों को हुई फसल क्षति की भरपाई हेतु शुक्रवार को अंचल-सह-प्रखंड कार्यालय सभागार में कृषि इनपुट अनुदान राशि का वितरण किया गया। यह राहत राशि राज्य आपदा मोचन निधि (एस डी आर एफ) के अंतर्गत दी गई। जिसका वितरण झारखंड के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फुरकान अंसारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1,42,664 (एक लाख बयालीस हजार छह सौ चौंसठ रुपये) की कुल राहत राशि साप्तर, चरपा एवं गोनैया गांव के प्रभावित कृषकों निवास वर्मा, अशोक दास, प्रभु दास, रोहित कुमार दास, गोविंद महतो, सल्लू वर्मा, लक्ष्मण कुमार वर्मा, यमुना वर्मा, अरुण वर्मा सहित दर्जनों लाभुक किसानों के बीच चेक का वितरित की गई। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेसी नेत्री शबाना खातून, उप समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

## मुहर्रम की 9 वीं व 10 वीं को रखें रोजा : मुफ्ती परवेज मिस्बाही



**मधुपुर (निसं)।** इस्लामिक नववर्ष की शुरूआत मोहर्रम माह से होती है, जिसे हिजरी कैलेंडर कहा जाता है। इस महीने की 9 वीं और 10 वीं तारीख को रोजा रखने और अल्लाह की इबादत करने का विशेष महत्व है। इसी संदर्भ में मुफ्ती मोहम्मद परवेज मिस्बाही ने लोगों से अपील की है कि वे इन पवित्र दिनों में रोजा रखें, इबादत करें और देश व समाज की सलामती के लिए दुआ करें। मुफ्ती मोहम्मद अंसार कासमी ने कहा कि इस्लामिक कैलेंडर चांद की स्थिति पर आधारित है और इसकी महत्ता बहुत अधिक है। रोजा, हज, ईद और अन्य अहम धार्मिक आयोजन इसी कैलेंडर के अनुसार तय होते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसे ईस्वी कैलेंडर को आम जीवन में अपनाया गया है, वैसे ही हिजरी कैलेंडर को भी मान्यता दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने मोहर्रम की 10 वीं तारीख को आशूरा के नाम से जाना और इस दिन का रोजा रखने की सिफारिश की है। क्योंकि यह पिछले साल के गुनाहों को मिटाने का जरिया है। इस दिन अल्लाह ने कई नबी और उम्मतों को मुसीबतों से निजात दी थी। इसलिए यह दिन इबादत और तौबा के लिए बेहतरीन मौका है।बेहतर यही होगा कि इस महीने को रोजा, इबादत और इंसानियत की सेवा के रूप में मनाया जाए।मुफ्ती मिस्बाही ने अंत में अपील की कि सभी मुसलमान महर्रम के इन खास दिनों में एकजुट होकर अमन, भाईचारा और शांति के लिए दुआ करें।

## 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा के 42 सफल विद्यार्थी 6 को होंगे सम्मानित



**देवघर(का.प्र.)।** विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान, साइंस एंड मैथमेटिक्स डेवलपमेंट आगेर्नाइजेशन तथा योगमाया मानवोत्थान ट्रस्ट के संयुक्त बैनर तले माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 के 42 सफल विद्यार्थियों को आगामी 6 जुलाई को दीनबंधु उच्च विद्यालय स्थित रवीन्द्र सभागार में पुरस्कृत किया जाएगा। संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने कहा कि 90 प्रतिशत एवं उससे ऊपर प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद इंस्पिरेशन अवार्ड, 80 से 89.99 प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रो. एमएस स्वामीनाथन इंस्पिरेशन अवार्ड जबकि 60 से 79.99 प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को योगमाया देवी इंस्पिरेशन अवार्ड की मानद उपाधि दी जाएगी। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में जसीडीह संत फ्रांसिस स्कूल के क्षितिज भास्कर, डॉ. ए. एन. खोसला डीएवी पब्लिक स्कूल, राउरकेला, सुंदरगढ़, ओड़िशा की सोहानी कुमारी, आशुतोष बालिका उच्च विद्यालय, रोहिणी की रिया कुमारी एवं साधना कुमारी को, देवघर संत फ्रांसिस स्कूल के अनुपम भारद्वाज, ब्लू बेल्स स्कूल की अल्फिया हुसैन को दसवीं बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं स्वामी विवेकानंद इंस्पिरेशन अवार्ड के लिए इसी विद्यालय की स्वीटी कुमारी, ब्लू बेल्स स्कूल की संचिता मणि, प्रेरणा कुमारी, देव वैली हाई स्कूल की सुहानी कुमारी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कोठिया की अंजलि सिन्हा, देवघर संत फ्रांसिस स्कूल की चाहत पिया, आशुतोष बालिका उच्च विद्यालय की परी कुमारी झा, सुईयाघूठी, बांका, बिहार के ऋतु राज, बारहवीं में रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय की निशा कुमारी, मातृ मंदिर गर्ल्स प्लस टू हाई स्कूल की सरस्वती कुमारी एवं यशोदा कुमारी, प्रस्तावित उच्च विद्यालय, बामनडीहा के आदित्य कुमार, जसीडीह संत फ्रांसिस स्कूल के कुमार ऋषभ, आशुतोष विद्यालय की दीक्षा ओझा, श्रुति कुमारी, खुशी कुमारी, साक्षी केशरी, कुमारी रम्भा श्री, तन्नू कुमारी, सभ्यता कुमारी, प्रीति कुमारी, रुक्मिणी कुमारी, रुक्मणि कुमारी, रामेश्वर लाल सर्राफ उच्च विद्यालय के आयुष कुमार, बारहवीं बोर्ड में एएस कॉलेज की अर्चना कुमारी, देवघर महाविद्यालय के अभिषेक कुमार एवं पीयूष कुमार साह, रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय की परी गुप्ता, रानी गुप्ता, दिव्यांका साह, सोहानी साह, आकांक्षा साह, अंजलि केशरी, जवाहर नवोदय विद्यालय, रिखिया, जसीडीह की आयुषी संतोषी, एसएस प्लस टू हाई स्कूल, मोहनपुर हाट की पायल कुमारी, तक्षशीला विद्यापीठ की जिया को सम्मानित किया जाएगा।

## एक नजर

### उपायुक्त ने 47 दिव्यांग एवं 20 बुजुर्गों के बीच किया ट्राई साइकिल का वितरण



**पाकुड़ (एप्र)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तत्वावधान में प्रोजेक्ट समावेश के अंतर्गत एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना कार्यक्रम के तहत कृत्रिम अंग का वितरण कार्यक्रम का आयोजन हिरणपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार,जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत,विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा दिव्यांग ओर बुजुर्गों के बीच ट्राई साइकिल वितरण किया गया। ट्राई साईकिल पाकर लाभुक ने सरकार व जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। दिव्यांगजन हमारी सामाजिक संरचना का अभिन्न हिस्सा हैं और उन्हें सुविधा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता प्रदान करना हमारा दायित्व है। ट्राई साइकिल जैसे साधन उन्हें न केवल गतिशीलता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिव्यांगजनों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में बराबरी का अवसर मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में कार्य करते हुए किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित न रहने दिया जाए।उक्त कार्यक्रम के पश्चात हिरणपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रोजेक्ट प्राकृति के तहत उपायुक्त, जिला परिषद, उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया।मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत,प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडु दिलीप,अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी टिंकल चौधरी सहित मौजूद थे।

### मेरा कचरा मेरी जिम्मेवारी के तहत चलाया अभियान



**पाकुड़ (एप्र)।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत जिला के विभिन्न कार्यालयों में एवं पंचायत स्तर पर विद्यालय,आंगनबाड़ी,पंचायत भवन इत्यादि में कार्यालय के पदाधिकारी कर्मी एवं पंचायत स्तर पर मुखिया, जलसहिया,आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया,स्वयं सहायता समूह की दीदी एवं ग्रामीणों ने श्रमदान कर वैसे स्थान जहां पर गंदगी पड़ी थी ₹मेरा कचरा मेरी जिम्मेवारी₹ को लेकर स्वयं ग्रामीण के द्वारा साफ-सफाई अभियान चलाया गया? स्वच्छता रैली, स्वच्छता शपथ,प्रभात फेरी इत्यादि के माध्यमों से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान गोपनीय कार्यालय में कर्मियों ने श्रमदान कर कार्यालय परिसर,उसके आसपास की गंदगियों की साफ-सफाई की। इस दौरान गोपनीय कार्यालय के कर्मियों ने सफाई कर पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया है।

### शिविर में जनजातीय लाभुकों को योजनाओं के प्रति किया जागरूक



**पाकुड़िया (एप्र)।** प्रखंड अंतर्गत बनियापसार एवं राजपोखर पंचायत भवन में शुक्रवार को पीएम-जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, संबंधित पंचायत की मुखिया सलोमी बेसरा एवं ललिता टुडू,वार्ड सदस्य सहित अन्य के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में पंचायत अंतर्गत ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकारी योजनाएं जैसे आधार कार्ड, ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति,आय प्रमाण-पत्र, राशन, किसान केडिट कार्ड, पीएम किसान, जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा व सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन, मनरेगा एवं आइसीडीएस की योजनाओं आदि का लाभ प्रदान करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर बीपीआरओ त्रिदीप शील, सहायक अभियंता रोहित गुप्ता, पंचायत सचिव सहित पंचायत की मुखिया सालोनी बैसरा, ललिता टुडु, वार्ड सदस्य, जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, आंगनबाड़ी सेविका सहित काफी संख्या में लाभुक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक

**महेशपुर (एप्र)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर सभागार में शुक्रवार को प्रभारी डॉक्टर सुनील कुमार किस्कु की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी सीएचओ, लेबर रूम के कर्मी, कुपोषण वार्ड के कर्मी,एमपीडब्लू,एएनएम,बीटीटी, सहिया साथी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।बैठक में मुख्य रूप से आरसीएच पोर्टल पर डाटा एंट्री की समीक्षा की गई।साथ ही परिवार नियोजन,नियमित टीकाकरण,सुरक्षित प्रसव,आयुष्मान भारत योजना, टीवी, कुष्ठ रोग,एनीमिया मुक्त भारत समेत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रमों का अद्यतन स्थिति की जानकारी लिया।

# सीआई के घर डकैती मामले में चार गिरफ्तार

- हथियार, लूटे गए जेवर व कैश बरामद



**पाकुड़ (एप्र)।** पाकुड़ के प्रभारी सीआई शिवाशीष वात्सल्य के घर 16 जून की रात डकैती मामले में पुलिस ने चार व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटे गए जेवर और कैश के साथ हथियार भी बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि सीआई के घर डकैती की घटना में चारों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार किया है। एसपी निधि द्विवेदी ने घटना का खुलासा का दावा करते हुए शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता रखी। प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को बताया कि 16 जून 2025 को लड्डु बाबू आम बागान में स्थित पाकुड़ अंचल के सीआई शिवाशीष वात्सल्य के घर अज्ञात अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस डकैती की घटना को लेकर नगर थाना में 176/25 दर्ज किया गया था। घटना के उद्वेदन के लिए एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। अनुसंधान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर तीन और चार जुलाई को शहर के विभिन्न स्थानों से चार अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। इन चारों का अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है और जेल भी जा चुका है। इनमें साहिबगंज जिले के राधा नगर थाना क्षेत्र के मारोपुर गांव के रहने वाले रिंकू रजवार, पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के जीतपुर गांव के रहने वाले एमेली मरांडी, नगर थाना क्षेत्र के किताझोर की रहने वाले मंजरुल शेख एवं नगर थाना क्षेत्र के ही दुर्गापुर के रहने वाले मणिलाल ठाकुर शामिल हैं। इन चारों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। इनके निशानदेही पर मंजरुल शेख के बलियाडांगा में स्थित किराए के मकान से हथियार और लूटे गए सामान बरामद हुए हैं। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि बलियाडांगा से तीन देसी कट्टा तथा आठ एमएम के तीन जिंदा कारतूस मिले हैं। उन्होंने बताया कि 51,220 रुपए कैश और जेवर में सोने के कान की बाली, सोने की एक अंगूठी, चांदी के दो जोड़े पायल, चांदी का एक जोड़ा बिछिया, चांदी का एक जोड़ा पांव का बेड़ा बरामद किए गए हैं। शगुन ज्वेलर्स का गुलाबी रंग का एक छोटा बैग भी मिला है। इसके अलावा डकैती की घटना में इस्तेमाल अपराधियों के चार एंड्राइड मोबाइल भी मिला है। एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि 16 जून की रात करीब 9:00 बजे के आसपास उस वक्त डकैती की घटना को अज्ञात अपराधियों ने अंजाम दिया था, जब सीआई शिवाशीष वात्सल्य बैडमिंटन खेलने इनडोर स्टेडियम गए हुए थे। जिस वक्त घटना को अंजाम दिया जा रहा था, उस वक्त सीआई शिवाशीष वात्सल्य के घर उनके ससुराल से रिश्तेदार आए हुए थे। घर में सब रात्रि भोजन कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधी घर में घुस आए और लूटपाट मचाया। घटना के बाद कम से कम 20 की संख्या में नकाबपोश अपराधियों के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने की बात कही जा रही थी। यह घटना पाकुड़ पुलिस के लिए चुनौती के रूप में माना जा रहा था। एसपी निधि द्विवेदी का घटना के कुछ दिन पहले ही पाकुड़ में पदस्थापन हुआ था। एसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित अनुसंधान शुरू किया। एसपी निधि द्विवेदी ने उसी दौरान दावा किया था कि घटना का जल्द खुलासा होगा और सारे अपराधी सलाखों में जाएंगे। इधर लोगों में चर्चा है कि घटना के 19वें दिन खुलासा और चार-चार अपराधी की गिरफ्तारी तथा लूटे गए सामानों के साथ हथियार की बरामदगी ने पाकुड़ पुलिस की काबिलियत को साबित कर दिया है।

#### आपराधिक इतिहास

एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों व्यक्ति का अपराधिक इतिहास रहा है। पूर्व में भी अपराध किया है और जेल भी जा चुका है। उन्होंने बताया कि एमेली मरांडी के खिलाफ अमड़ापाड़ा थाना में 9 मार्च 2024 को भादवि की धारा 392 व 411 के तहत कांड संख्या 09/2024 दर्ज किया गया था। इसके खिलाफ लिट्टीपाड़ा थाना में भी कांड संख्या 42/2022 दर्ज हैं। यह मामला धारा 394, 511 भादवि 26/35 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया था। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि मंजरुल शेख के खिलाफ भी पाकुड़ नगर थाना और हिरणपुर थाना में मामला दर्ज है। नगर थाना में धारा 309 (6) एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत 22 जुलाई 2024 को कांड संख्या 174/2024 दर्ज किया गया था। हिरणपुर थाना में धारा 305, 331 (4) के तहत 17 जनवरी 2025 को कांड दर्ज है। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि मणिलाल ठाकुर पूर्व में पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र से ट्रैक्टर लूट मामले में जेल जा चुका है। उसका और अपराधिक इतिहास संकलित किया जा रहा है। रिंकू रजवार के खिलाफ साहिबगंज जिले के राधा नगर थाना में 307 भादवि की धारा के साथ दर्ज मामले में जमानत पर है। इसका भी आपराधिक इतिहास संकलित किया जा रहा है।

#### एसआईटी में कौन-कौन थे शामिल

एसपी निधि द्विवेदी के द्वारा एसडीपीओ डीएन आजाद के नेतृत्व में गठित एसआईटी में पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी प्रयाग दास, मुफस्सिल थाना प्रभारी संजीव कुमार झा, मालपहाड़ी ओपी प्रभारी अंशु उपाध्याय, हिरणपुर थाना प्रभारी रंजन कुमार, नगर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक दिलीप बास्की, पुलिस अवर निरीक्षक सुबल कुमार दे, पुलिस अवर निरीक्षक कन्हैया यादव के अलावा आरक्षी सूरज मुर्मू तकनीकी शाखा एवं नगर थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एलीट पब्लिक स्कूल में ओलिंपियाड के छात्रों को किया गया सम्मानित



**पाकुड़ (एप्र)।** एलीट पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर हिंदुस्तान ओलंपियाड के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आयोजित समारोह की शुरूआत में विद्यालय के प्रार्थना सभा में अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में हिंदुस्तान ओलंपियाड के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अरविंद साह एवं प्राचार्य अभिजीत रॉय ने कहा कि छात्र-छात्राओं को उनकी कड़ी मेहनत और लगन का प्रतिफल मिला। निदेशक एवं प्राचार्य ने अपने हाथों से बच्चों को सम्मानित किया। यह सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रही थी। हिंदुस्तान ओलंपियाड की ओर से निर्धारित सम्मान राशि भी प्रतिभागियों को चेक के रूप में वितरण किया गया जिसे पाकर अभिभावक गण गदगद हो उठे। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अभिजीत रॉय ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि बच्चों से ही विद्यालय की पहचान मिलती है। आप सभी ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। हमारा विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमें गर्व है कि हमारे बच्चे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व के निर्माण और भविष्य की नींव रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे ओलंपियाड आपको अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। आप सभी अपनी इस सफलता से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें और कभी भी सीखने और आगे बढ़ने से न डरें। वहीं विद्यालय के निदेशक अरविंद साह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मैं सभी सफल प्रतिभागियों को हृदय से बधाई देता हूं। यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि हमारे बच्चे इतनी लगन और मेहनत से पढ़ाई कर रहे हैं। हिंदुस्तान ओलंपियाड जैसे मंच बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर देते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है और वे भविष्य में और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं। मैं हिंदुस्तान समाचार पत्र की जिला टीम को भी इस ओलंपियाड के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देता हूँ। बच्चों, आपका भविष्य उज्ज्वल है। कड़ी मेहनत करते रहें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहें। इस जिला स्तरीय सम्मान को पाकर अभिभावकगण भी गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। यह समारोह बच्चों के लिए एक प्रेरणादायक पल रहा और उन्हें भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

### उपायुक्त ने वीसी के जरिए योजना की समीक्षा कर प्रगति बरकरार रखने के दिए निर्देश



**पाकुड़ (एप्र)।** उपायुक्त मनीष कुमार ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर मनरेगा, अबुआ आवास,15 वें वित्त योजना में पाकुड़ को राज्य में अव्वल बरकरार रखने की निरंतरता बनाए रखने को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि राज्य में जिस तरह से पाकुड़ जिला आवास, मनरेगा,15 वें वित्त, शिक्षा इत्यादि में रोल माडल बना हुआ है उसे हम सब आगे भी जारी रखेंगे। अबुआ आवास एवं जनमन योजना में आवास पूर्णता की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18 आवास एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में 50 आवास प्रतिदिन पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। अबुआ आवास योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में 183 एवं 2024-25 में 2017 लाभुकों का प्रथम किस्त भुगतान पश्चात प्लिंथ जियो टैग लंबित है।जिसमें से 75 प्रतिशत लाभुकों का प्लिंथ निर्माण 10 दिनों के अन्दर कराने का निदेश दिया गया। वहीं आवास प्लस 2.0 के माध्यम से कुल-21314 लाभुकों का सर्व वेरीफिकेशन चेकर के द्वारा 10 दिनों के अन्दर कराने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृति पश्चात प्रथम किस्त भुगतान हेतु लंबित कुल-439 लाभुकों को प्रथम किस्त 10 दिनों के अन्दर भुगतान करने का निदेश दिया गया। साथ ही द्वितीय किस्त भुगतान किये गये लाभुकों का आवास पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2021-22 तक में लंबित आवास को पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। साथ ही कैटिगरी-सी में चिन्हित लाभुकों का स्वंय जाँच कर प्रतिवेदन पुनः दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

### बड़ा घघरी पंचायत भवन में शिविर का आयोजन



**लिट्टीपाड़ा (एप्र)।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन बड़ा घघरी पंचायत भवन परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ संजय कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया. शिविर का मुख्य उद्देश्य पंचायत के गांव जोरडीहा,धनघरा,कलदम,कदवा, बड़ा घघरी,हांथीबथान और बांसजोरी के जनजातीय नागरिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इसमें पीवीटीजी और ट्राइबल परिवारों को पांच प्रमुख क्षेत्रों में सहायता प्रदान की गई और सिकल सेल सहित स्वास्थ्य जाँच किया गया.मूल दस्तावेजों के तहत आधार कार्ड, जाति, निवास, दिव्यांग और आय प्रमाण पत्र बनाए गए। वित्तीय समावेशन के लिए पीएम जनधन योजना, मुद्रा योजना, वन धन योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी गई और लाभ दिया गया। वहीं कृषि और आजीविका के क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान और मनरेगा से संबंधित जॉब कार्ड और काम की मांग के लाभों के लिए आवेदन लिए गए। कई लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिला.

## गांव-गांव में स्वच्छता की गूंज,गांव की स्वच्छता देश की प्रगति



**पाकुड़ (एप्र)।** डीपीएस पाकुड़ के प्रांगण में भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस), जल शक्ति मंत्रालय के विभाग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष सभा का आयोजन किया गया।विशेष सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य जे. के शर्मा ने बच्चों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का उद्देश्य समझाते हुए बताया कि यह सर्वेक्षण सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है जो भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और साफ सफाई की स्थिति में सुधार लाने में मदद करेगी।साथ ही साथ उन्होंने स्वच्छता से सम्बंधित पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान से जुड़े सभी कार्यक्रम के बारे में बताते हुए उन्हें आज ही ₹स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (ररऋ) 2025 सिटिजन फीडबैक₹ ऐप डाउनलोड कर अपने गांव की स्वच्छता पर अपनी अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करने के लिए आह्वान किया.इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता से जुड़े एक बहुत ही आकर्षक नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया। साथ ही साथ उन्होंने नाटिका के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने का भी संदेश दिया। विशेष सभा के दौरान सभी बच्चों और शिक्षकों को अपने आसपास और चारों तरफ साफ - सफाई रखने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार जी ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन मनाए जाने वाला त्यौहार नही, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अंग है।उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल के वक्तव्य को दोहराते हुए ₹ कहा कि स्वच्छता एक बार का लक्ष्य नही बल्कि एक सतत यात्रा है।₹ इस कार्यक्रम में बच्चों की भागीदारी इसे घर-घर में पहुंचाकर गांधी के सपनों को साकार करने में मदद करेगी।डी.पी.एस के इको क्लब के अध्यक्षा सुमित्रा माइती ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 स्वच्छ, स्वस्थ ग्रामीण समुदायों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.जिससे राष्ट्र स्वच्छ भारत के अपने लक्ष्य के करीब पहुंच पाएगा।

## समीक्षा बैठक में योजनाओ की ली गई विस्तृत जानकारी



**हिरणपुर (एप्र)।** शुक्रवार को घाघरजानि स्थित प्रखण्ड कार्यालय सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण , मनरेगा , आवास सहित अन्य योजनाओ की गहन समीक्षा की गई। वही बीडीओ टुडू दिलीप ने स्वच्छता को लेकर उपस्थित कर्मियों को शपथ भी दिलाई गई।बैठक में स्वच्छता सर्वे कार्य को लेकर पंचायत सचिवों को एप डाउन लोड कराया गया। बीडीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी पंचायत सचिव स्वास्थ्य सर्वेक्षण में सक्रियता से भाग ले। मनरेगा अंतर्गत दीदीवाड़ी योजनाओ की स्वीकृति , मानव दिवस सृजन में महिलाओं की भागीदारी , व अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति की भागीदारी बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी बिरसा हरित ग्राम योजनाओ में गढ्ढा , ट्रेंच कटिंग आदि कार्य पांच दिनों में पूर्ण करना है। जिससे कि गढ्ढो में खाद भराई व पौधरोपण का कार्य एक सप्ताह बाद किया जा सके। अबुआ आवास , जनमन आवास व प्रधानमंत्री आवास योजनाओ की समीक्षा के दौरान पंचायत सचिवों को सख्त निर्देश दिया गया कि इसको लेकर लाभुको को जागरूक करें व निर्धारित अवधि में योजना कार्य को पूर्ण कराये। इस अवसर पर बीपीओ ट्विंकल चौधरी , सांख्यकी पदाधिकारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा ने स्वामी विवेकानंद की मनाई पुण्यतिथि, दी श्रद्धांजलि



**पाकुड़ (एप्र)।** भाजपा ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जीतू सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने मूलमंत्र देते हुए कहते हैं कि एक समय में एक काम करो, और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमे डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ। विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही ब्रिटिश भारत के दौरान राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त विवेकानंद ने जातिवाद, शिक्षा, राष्ट्रवाद, धर्म निरपेक्षतावाद, मानवतावाद पर अपने विचार प्रस्तुत किया हैं। विवेकानंद की शिक्षाओं पर उपनिषद, गीता के दर्शन, बुद्ध एवं ईसा मसीह के उपदेशों का प्रभाव है. उन्होंने वर्ष 1893 में शिकागो विश्व धर्म सम्मलेन में वैश्विक ख्याति अर्जित की तथा इसके माध्यम से ही भारतीय अध्यात्म का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हुआ। वर्ष 1893 में खेतड़ी राज्य के महाराजा अजीत सिंह के अनुरोध पर उन्होंने 'विवेकानंद नाम अपनाया। उन्होंने विश्व को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया. वर्ष 1902 में बेलूर मठ में उनकी मृत्यु हुई थी। अपने भाषण के दौरान स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि अमरीकी भाइयों और बहनों, आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है। मैं दुनिया की सबसे पुरानी संत परंपरा और सभी धर्मों की जननी की तरफ से धन्यवाद देता हूं। सभी जातियों और संप्रदायों के लाखों-करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस मंच पर बोलने वाले कुछ वक्ताओं का भी धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने यह जाहिर किया कि दुनिया में सहिष्णुता का विचार पूरब के देशों से फैला है। मुझे गर्व है कि मैं उस धर्म से हूं जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है। हम सिर्फ सार्वभौमिक सहिष्णुता पर ही विश्वास नहीं करते बल्कि, हम सभी धर्मों को सच के रूप में स्वीकार करते हैं। मौके पर जिला महामंत्री रूपेश भगत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शबरी पाल, नगर अध्यक्ष सोहन मंडल, पवन भगत, आलोक मंडल आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### नवप्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों को पहनाया गया डीएसपी बैच

आईजी की अध्यक्षता में आयोजित हुई पिपिंग सेरेमनी



**दुमका (एप्र)।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुमका प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने की। इस अवसर पर नव प्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों श्यामानंद मंडल, हरी प्रसाद शाह एवं समीर उरांव को पुलिस उपाधीक्षक कोटि का बैच पहनाया गया। बैच पहनाने का कार्य आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा एवं एसपी दुमका पीतांबर सिंह खेरवार ने संयुक्त रूप से किया। बैच पहनाए जाने के बाद तीनों अधिकारियों को आईजी एवं एसपी ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान माहौल उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय बना रहा।

### जनता दरबार में 30 आवेदनों का किया निष्पादन



**रानीश्वर(एप्र)।** जिले के रानीश्वर प्रखंड सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निदेशानुसार जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा एवं अंचल अधिकारी शादां नुसरत ने संयुक्त रूप से की। जनता दरबार में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रखंड से संबंधित मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना सहित 24 आवेदन शामिल थे। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड से संबंधित 5 और अंचल कार्यालय से जुड़े जाति, निवासी व अन्य प्रमाण पत्रों से संबंधित कुल 5 आवेदन दर्ज हुए। प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण देते हुए अधिकारियों ने मौके पर ही 30 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर लाभुकों को आवश्यक जानकारी प्रदान की। शेष आवेदनों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मियों के साथ-साथ बिजली विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### केंद्रीय अध्यक्ष बलदेव राय की अध्यक्षता में रैली आयोजित



**दुमका(एप्र)।** समाहरणालय परिसर में केंद्रीय अध्यक्ष बलदेव राय की अध्यक्षता में शुक्रवार को सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हुई बैठक के उपरांत एक रैली निकाली गई। मोहन साह के नेतृत्व में निकाली गई रैली दुमका समाहरणालय से होते हुए पोखरा चौक स्थित सिदो कान्हू प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए स्वामी विवेकानंद चौक होते हुए डीसी के कार्यालय के समक्ष पहुंची। डीसी कार्यालय पर पहुंचने के बाद पांच सदस्यीय टीम ने उपायुक्त से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। मौके पर लुईस हेम्ब्रम, दरबारी मुर्मू, रोहित, रामेश्वर, सुनीता बेसरा, सौदागर मंडल व अन्य मौजूद रहे।

### मुहर्रम को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च



**पथरगामा (एप्र)।** मुहर्रम जुलूस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए बसंतराय पुलिस द्वारा शुक्रवार शाम को मुख्य बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में फ़्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव, पुलिस निरीक्षक विष्णु देव चौधरी प्रशासनिक अधिकारी एवं बीडीओ की उपस्थिति रही। मार्च के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र में लोगों को सुरक्षा का संदेश देते हुए यह सुनिश्चित किया कि मेला शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। मौके पर बसंतराय बीडीओ ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य मेला को पूरी तरह से शांतिपूर्ण, स्वच्छ और सुरक्षित माहौल में आयोजित करना है। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार निगरानी करेगी। दुकानदारों और आगंतुकों से भी अनुरोध है कि वे सहयोग करें, नियमों का पालन करें और किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव ने कहा कि हमारी टीम मेला क्षेत्र में लगातार गश्त करेगी। संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। ट्रैफिक कंट्रोल, पार्किंग व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को लेकर पुख्ता तैयारी की गई है।

### दोषी शिक्षक के खिलाफ की जाए सख्त कानूनी कार्रवाई : अभाविप

**दुमका (काप्र)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका इकाई की ओर से सोमवार को एएन कॉलेज और सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। अभाविप ने कॉलेज परिसर में एक आदिवासी छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा कथित छेड़छाड़ की घटना को लेकर गहरी नाराजगी जताई और तत्काल प्रभाव से दोषी शिक्षक को पद से हटाने की मांग की। एबीवीपी के कार्यकर्त्ताओं ने कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता ने कहा कि कॉलेज परिसर में शिक्षक नीरज प्रसाद द्वारा ऐसी घिनौनी हरकत किया जाना बेहद शर्मनाक है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिषद ने कुलपति से मांग की कि घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी शिक्षक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही एबीवीपी ने कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी उठाई। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है, तो एबीवीपी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। एबीवीपी दुमका के नगर सह-मंत्री विशाल गुप्ता ने कहा कि महिलाओं और विशेषकर आदिवासी छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दोषी चाहे जो भी हो, उसे सजा मिलनी ही चाहिए। अवसर पर मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता, नगर सहमंत्री अमन साहब ,विवेक धर ,विशाल गुप्ता नगर खेल प्रमुख आदित्य जोशी, नगर सोशल मीडिया प्रमुख, राज केसरी ,शिवम कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य अनूप दत्त, पीयूष शर्मा, मनीष मंडल आनंद कुमार आदि मौजूद थे।

# कृषि विज्ञान केंद्र तथा जिला कृषि कार्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**गोड्डा (एप्र)।** उपायुक्त अंजली यादव ने शुक्रवार को ग्रामीण विकास ट्रस्ट - कृषि विज्ञान केंद्र एवं जिला कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त को कृषि विज्ञान केंद्र सभागार में वरीय वैज्ञानिक - सह - प्रधान डॉ. रवि शंकर के द्वारा जिले के किसानों के हित में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे क्रियाकलापों की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने पशु सखी, बागवानी सखी, कृषक मित्रों एवं एफपीओ के सदस्यों को मिट्टी जांच, लीची, अमरुद, नींबू, आम, कटहल की सघन बागवानी तथा पशुओं की देख-रेख, कृत्रिम गभार्धान एवं टीकाकरण संबंधित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि पशुओं में पाइका बीमारी की वजह से पशु प्लास्टिक, कागज एवं दीवार को चाटने लगते हैं जो कि पशु के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पशुओं में दीवार चाटने की आदत को छुड़ाने के लिए पशु चौकलेट चटाया जाता है। घाट कुश्मनी के किसान भारी मात्रा में नेपियर घास लगाते हैं जिससे कि उनको पशु को खिलाने के लिए हरा चारा आसानी से उपलब्ध हो रहा है। तत्पश्चात उपायुक्त ने कृषि विज्ञान केन्द्र के पिछले हिस्से की तरफ बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के फार्म पर स्थित सूकर पालन इकाई, मशरूम इकाई, बत्तख पालन इकाई, अमरुद, आम एवं नींबू की सघन बागवानी, करौदा की बागवानी, मडुआ की खेती, मछली पालन इकाई एवं पशु चौकलेट को देखा गया। जिला कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि गोड्डा जिले के 4 एफपीओ गंगटा फसिया एफपीओ, खुशहाली एफपीओ, तिलका मांझी एफपीओ एवं मां योगनी एफपीओ को 15 लाख रुपये तक का अनुदान राज्य सरकार के द्वारा दिया गया है। मौके पर उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे , जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविन्द कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी आशीषन मिंज, डॉ. सूर्य भूषण, डॉ. रितेश दुबे, राकेश रोशन कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, शशिकांत संजय कुमार झा एवं दुलाल मोदी बैठक में सम्मिलित हुए।

## मूल नक्शे के आधार पर करें जल स्रोतों का सीमांकन : डीसी




**गोड्डा (एप्र)।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में गोड्डा एवं महागामा नगर निकाय अन्तर्गत जलश्रोतों के अतिक्रमण से संबंधित टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि मूलर्स टैंक तालाब एवं राजकचहरी तालाब में अतिक्रमित स्थल को खाली कराया गया है एवं तालाब के चारो ओर खाली कराए गए स्थल पर चाहरदीवारी निर्माण के साथ-साथ जल संरक्षण हेतु तालाब की गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस पर उपायुक्त ने अंचलाधिकारी गोड्डा, महागामा को जल स्त्रोतों का मूल नक्शे के आधार पर सीमांकन करने का निर्देश दिया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा एवं महागामा को इनके कार्यों पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र के सभी जल श्रोतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ के प्रवाह को रोकने हेतु नगर परिषद को किसी नाले का बहाव जलस्त्रोत में है, तो उसका रूट बदलने का निर्देश दिया। शहरी क्षेत्र के सभी जल श्रोतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ के प्रवाह को दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है एवं इसे रोकने हेतु साइन बोर्ड लगवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, नगर प्रशासक सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने ईसीएल अधिकारियों संग की बैठक

**गोड्डा (एप्र)।** समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में ईसीएल से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ईसीएल के अधिकारियों से राजमहल परियोजना अंतर्गत पेंडिंग पड़े कार्यों की जानकारी ली गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ईसीएल के अधिकारियों के साथ पुनर्वासन स्थल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने आरएनआर अप्रूव्ड प्लान, हुरासी प्रोजेक्ट, पहाड़पुर मौजा ,तालझारी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित रैयतों के पुनर्वासन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया। राजमहल परियोजना अंतर्गत विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने विस्थापित परिवारों के लिए चापाकल, बोरिंग, खेल का मैदान, विवाह भवन, पार्क लैंडस्कैपिंग, मंदिर, सिदो-कान्हू स्मारक, ओवरहैड टैंक, जाहेरस्थान, फलदार वृक्ष कटहल, अमरूद, जामून, पपीता, मौरिंगा का पेड़ लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के सहयोग से घास लगाने हेतु नई तकनीक का इस्तेमाल किए जाएं ताकि विस्थापितों के जानवरों के लिए चारा आसानी से उपलब्ध हो सके। ईसीएल के अधिकारियों के द्वारा पुनर्वासन में विशेष ध्यान दिए जाए ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े। मौके पर उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, भू-अर्जन पदाधिकारी रितेश जयसवाल एवं ईसीएल के अधिकारीगण अरुपानन्द नायक, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, राजमहल क्षेत्र, ईसीएल, दिनेश शर्मा, महाप्रबंधक सहित अन्य मौजूद थे।

सरकारी चावल की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई

## वाहन समेत 50 क्विंटल चावल जब्त, दो गिरफ्तार

**दुमका(एप्र)।** प्रखंड क्षेत्र में सरकारी अनाज की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जामा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. विवेक किशोर एवं अंचलाधिकारी अशोक बड़ाइक के नेतृत्व में गुरुवार देर शाम 50 क्विंटल एफसीआई चावल लदे एक वाहन को जब्त किया गया है। इस दौरान मौके से दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी हो कि प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि सरकारी चावल से लदा एक बड़ा वाहन जामा से पालोजोरी की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही बीडीओ व सीओ ने थाना पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए वाहन का पीछा शुरू किया। पीछा किए जाने की भनक लगते ही आरोपितों ने वाहन को पालोजोरी में छिपा दिया, लेकिन पुलिस के दबिश के बाद वाहन मसलिया की ओर भाग निकला। तत्पश्चात मसलिया थाना क्षेत्र के नयाडीह गांव के समीप उक्त वाहन को पकड़ लिया गया और उसे जामा थाना लाया गया। जामा थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि बीडीओ डॉ. विवेक किशोर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में 85 बोरा चावल जब्त किया गया है, जिसकी मात्रा लगभग 50 क्विंटल है। चावल की जांच की जा रही है। वहीं प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी गिरेन्द्र यादव ने बताया कि जब्त किया गया चावल सरकारी योजना के तहत वितरण हेतु था, जिसे अवैध तरीके से स्थानांतरित किया जा रहा था। जब्त चावल को सुरक्षित रूप से जामा थाना को सौंप दिया गया है। जांच के बाद मामले में शामिल अन्य लोगों की भी भूमिका स्पष्ट की जाएगी। हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। बीडीओ के निर्देश पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जनता दरबार में 47 मामलों का हुआ निष्पादन

**रामगढ़(एप्र)।** प्रखंड सभागार भवन में शुक्रवार को उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेन्द्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सर्वजन पेंशन से 28, मंईया सम्मान से 50, पूछताछ से 27 और पारिवारिक लाभ से संबंधित 1 आवेदन शामिल थे। इनमें से 47 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर शीघ्र जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिया गया। जनता दरबार के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 33 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श का लाभ उठाया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष रंजन, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार वर्मा, लिपिक अमित कुमार एवं मोहित राज, स्वास्थ्य विभाग से सबीना टुडू और लैब टेक्नीशियन पंकज कुमार मंडल समेत अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## बीडीओ ने अमड़ापहाड़ी पंचायत का किया औचक निरीक्षण

### योजनाओं में अनियमितता पर जताई नाराजगी

**रामगढ़(एप्र)।** शुक्रवार को रामगढ़ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने ग्राम पंचायत अमड़ापहाड़ी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पंचायत स्तर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन जांच की। योजनाओं में कई खामियां पाई गईं, जिस पर बीडीओ ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को अविलंब सुधार करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने मनरेगा अंतर्गत संचालित बागवानी योजनाओं का भी निरीक्षण किया। विशेष रूप से बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी योजना के अंतर्गत लाभुकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने ग्राम रोजगार सेवक को पौधों की नियमित निकाई-गुड़ाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निर्देश दिया कि खाली जमीन पर अन्य फसलें भी लगाई जाएं, ताकि लाभुकों को आर्थिक मजबूती मिल सके। मौके पर ही बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों को अधिक से अधिक लोगों को योजना



का लाभ दिलाने का निर्देश दिया।

**सिंचाई नाली और शॉकपीट निर्माण में गड़बड़ी उजागर...**

जांच के क्रम में ग्राम जियापानी में पंचायत मद से बनी सिंचाई नाली को जांचा गया। यह योजना मानक के अनुरूप नहीं पाई गई। बीडीओ ने तत्काल प्रभाव से योजना के लिए दी गई अग्रिम राशि की वसूली का निर्देश दिया। वहीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जियापानी के पास बने स्नानघर और शॉकपीट निर्माण की भी जांच की गई। जांच में यह सामने आया कि न तो शॉकपीट का निर्माण हुआ है और न ही स्नानघर का उपयोग हो रहा है। बीडीओ ने इस संबंध में पंचायत सचिव और मुखिया से स्पष्टीकरण मांगा है।

**विद्यालय का निरीक्षण, पंजी अपडेट करने का निर्देश**

इस दौरान बीडीओ ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमड़ापहाड़ी का भी निरीक्षण किया। यहां कुल 82 बच्चों की उपस्थिति पाई गई और मध्यान भोजन मानक के अनुसार चल रहा था। विद्यालय में तीन शिक्षक प्रधानाध्यापक कैलाश प्रसाद तथा सहायक शिक्षक प्रदीप मंडल और शीला टुडू पदस्थापित हैं। निरीक्षण के दौरान छात्र उपस्थिति पंजी, अनुश्रवण पंजी, आगंतुक पंजी आदि की जांच की गई, जिसमें कई त्रुटियां पाई गईं। बीडीओ ने सभी पंजी अद्यतन करने का निर्देश दिया। विद्यालय में सुरक्षा हेतु चहारदीवारी की मांग पर बीडीओ ने पंचायत मद व समिति मद से निर्माण का आश्वासन दिया।

**स्नानघर पर अतिक्रमण हटाने का आदेश...**

पंचायत मद से निर्मित रजनी घर के पास बने स्नानघर और शॉकपीट की जांच के क्रम में पाया गया कि राजकुमार मांझी ने स्नानघर को अतिक्रमण कर आवासीय कक्ष बना लिया है। बीडीओ ने तत्काल अतिक्रमण हटाने और स्नानघर को मुक्त कराने का आदेश दिया। निरीक्षण दल में पंचायत सचिव मनोज कुमार राजहंस, रोजगार सेवक मुन्ना कुमार दास, सहायक अभियंता विकास कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आशीष रंजन, पंचायत राज पदाधिकारी बिनोद राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### आउटसोर्स कर्मियों के हक में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**रांची (एप्र)।** झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा 01 जुलाई 2025 को पारित आदेश के आलोक में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने शुक्रवार को झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम एक ज्ञापन निगम के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम वेतनमान एवं समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने की मांगों को लेकर सौंपा गया। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम में वर्षों से कार्यरत तकनीकी और गैर-तकनीकी श्रमिकों को अब तक न्यूनतम वेतनमान नहीं मिल रहा है।

## एनईपी क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला आयोजित



**दुमका(एप्र)।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में गुरुवार को स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. राजीव कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने इसे नई नीति को धरातल पर उतारने की दिशा में अहम कदम बताया। कार्यशाला में डॉ. जयेन्द्र यादव, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, ने नामांकन प्रक्रिया से जुड़े दिशा-निर्देश साझा करते हुए कहा कि दाखिला प्रक्रिया में पारदर्शिता, छात्रहित और सुगमता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने दस्तावेज सत्यापन में सावधानी बरतने की सलाह दी। कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने कहा कि एनईपी सिर्फ पाठ्यक्रम परिवर्तन नहीं, बल्कि शिक्षण की संस्कृति में व्यापक बदलाव है। उन्होंने सभी कॉलेजों से आग्रह किया कि वे भी इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित करें ताकि शिक्षक और छात्र नई प्रणाली से भलीभांति परिचित हो सकें। विश्वविद्यालय के एनईपी नोडल अधिकारी दीपक कुमार दास ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के जरिए एनईपी की संशोधित रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा हाल ही में किए गए संशोधनों को सत्र 2025-29 से लागू किया जाएगा। कार्यशाला के अंतिम सत्र में विभिन्न कॉलेजों से आए नोडल अधिकारियों ने अपने सुझाव दिये। कार्यक्रम का समापन डॉ. पूनम हेम्ब्रम, सहायक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. इन्द्रजीत कुमार, पंकज, व अन्य टास्क फोर्स सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

मुहर्रम को लेकर उपायुक्त ने की शांति समिति की बैठक, कहा

## ताजिया की लंबाई 4 मीटर से नहीं हो अधिक

**दुमका(एप्र)।** आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने की। पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार समेत जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरीय पदाधिकारी, विभिन्न थाना प्रभारी, शांति समिति सदस्य एवं अखाड़ा प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित रहे। उपायुक्त ने सभी अखाड़ा समितियों से अपील किया कि मुहर्रम का आयोजन शांतिपूर्ण माहौल में हो। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अखाड़ा जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाले जाएं, किसी भी स्थिति में रूट में परिवर्तन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखी



जाएगी। किसी भी अफवाह की तत्काल सूचना संबंधित थाना या जिला कंट्रोल रूम को दें।

**अलर्ट मोड में रहेंगे पुलिस-पदाधिकारी**

उपायुक्त ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहकर संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्ती, भीड़ पर नियंत्रण, आकस्मिक स्वास्थ्य व्यवस्था और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ड्रोन से दुमका शहर की निगरानी की जाएगी। बैठक में तय किया गया कि ताजिया की लंबाई 4 मीटर से अधिक नहीं होगी। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि यथा संभव बिजली आपूर्ति बाधित न हो। वहीं, अग्निशमन विभाग को भी सतर्क रहने और किसी भी स्थिति में तत्परता से कार्रवाई करने को कहा गया।

**शरारती तत्वों की सूचना पुलिस को दें : एसपी**

पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा कि पर्व में खलल डालने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों की पहचान कर पुलिस को जानकारी दें। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर साइबर सेल निगरानी रखेगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**शांति समिति के सदस्यों से अपील**

बैठक में शांति समिति के सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की जानकारी अपने-अपने क्षेत्रों में दें और आम लोगों को जागरूक करें। जुलूस के दौरान लोगों की सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें।

## सिविल सोसायटी ने स्वामी जी को किया श्रद्धासुमन अर्पित



**दुमका (एप्र)।** युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर सिविल सोसायटी दुमका ने शुक्रवार को श्रद्धासुमन अर्पण किया। दुमका में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण साह,रामाकांत साह, मनोज कुमार भालोटीया, सदनलाल वर्मा शामिल थे।

## सुभाषितम्

यदि आप वही करते हैं, जो आप हमेशा से करते आये हैं तो आपको वही मिलेगा, जो हमेशा से मिलता आया है। -टोनी रॉबिंस

### बैंक में जमा राशि का पूर्ण बीमा क्यों नहीं

भारतीय बैंकों में करोड़ों लोगों की राशि बचत खाते और एफडी के रूप में जमा है। सरकार ने बैंकों को अब दिवालिया कानून के अंतर्गत ला दिया है। बैंक में ग्राहकों की जमा राशि पर पहले एक लाख, बाद में 2 लाख और अब अधिकतम 5 लाख रुपए तक का बीमा किया जाता है। इस बीमा की वर्तमान पाँच लाख रुपए की सीमा को दस लाख तक करने की चचाएँ संसद ओर वित्त मंत्रालय में हो रही हैं। सवाल यह है, कि जब सरकारी बैंकिंग को सबसे सुरक्षित समझा जाता था। अब बैंक दिवालिया कानून की जद में आ गए हैं। बैंकों में जमाकर्ता की पूरी रकम सुरक्षित होनी चाहिए। बैंकों में जो राशि जमा है। बैंक डूबने की स्थिति में जमा करता को बैंक में जमा पूरी राशि वापस मिलनी चाहिए। बैंकों के साथ अनुबंध के तहत नागरिक अपनी जीवनभर की बचत बैंकों को सौंपते हैं। डिपॉजिट इंश्योरेंस योजना 1962 से लागू है। आरंभिक सीमा 1,500रुपए थी। बढ़ते-बढ़ते 1993 में इस राशि को एक लाख और 2020 में 5 लाख किया गया। अब वित्त मंत्रालय इस सीमा को संशोधित करने पर विचार कर रहा है। आँकड़े बताते हैं, कि 97.8 प्रतिशत बैंक खाते पूरी तरह से बीमित हैं। इसके बाद भी कुल जमाराशि का केवल 43.1प्रतिशत राशि ही बीमा के दायरे में आती है। बैंक के खाते भले सुरक्षित लगें, पर ?500000 से अधिक जमा राशि आज भी जोखिम में है। बीमा का मूल उद्देश्य प्रत्येक जमाकर्ता के धन वापसी की गारंटी होनी चाहिए। बीमित बैंक खाते में ह्लमिनिमम गारंटीह्व का औचित्य बैंक ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी है। बैंकों का जोखिम आम जमाकताओं के कंधों पर क्यों डाला जा रहा है। मार्च 2024 तक डिपॉजिट इंश्योरेंस फंड में 1,98,753 करोड़ रुपए उपलब्ध थे। वर्ष 2024 मे बैंकों ने 23,879 करोड़ प्रीमियम जमा किया। बीमा दावों का भुगतान केवल 1,432 करोड़ का हुआ। ये आँकड़े दशार्ते हैं, कोष के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध है। बैंक यदि दिवालिया होते हैं, तो अनियंत्रित दावों की स्थिति में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान हो सकती है। इसलिए सरकार और बीमा फंड, बैंकों में जमा राशि को एक निश्चित राशि तक ही बीमा से कवर करने की बात करता है। हालिया मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सरकार 10 लाख या उससे अधिक के विकल्प पर विचार कर रही है। इससे अधिकांश मध्यमवर्गीय खाताधारकों की पूँजी कुछ हद तक सुरक्षित हो जाएगी। मौजूदा निःशुल्क सीमा 10 लाख के ऊपर की राशि के लिए जमाकर्ता को एक ऐड-ऑन कवर की सुविधा दी जानी चाहिए। जैसे वाहन बीमा में ऐक्सेसरी को कवर किया जाता है। पिछले 10 साल से बैंकों में जिनके खाते हैं। उन खाता धारकों से सुनयोजित रूप से लूट की जा रही है। पहले एटीएम पर चार्ज लगाया, फिर बैलेंस, एसएमएस, चेक, मिनिमम बैलेंस एवं तरह-तरह के शुल्क वसूल कर बैंक अपने उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। जिन लोगों की जमा राशि के ब्याज से उनका मासिक खर्च चलता है। बैंक ब्याज दरें घटती चली जा रही हैं। लोग अपना जरूरी खर्च भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अब बैंकों में जमा राशि भी सुरक्षित नहीं रही। करोड़ों लोगों की जीवन भर की कमाई बैंकों में जमा है। ऐसी स्थिति में लोगों की चिंता बढ़ रही है। केंद्र सरकार जितने भी नियम कायदे कानून बना रही है, उसमें उपभोक्ताओं के हितों का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। केंद्र सरकार बैंकों और कॉर्पोरेट हितों का ध्यान रखते हुए बैंक उपभोक्ताओं को बैंक की कमाई का जरिया बना रही है। आयकर के नियम इस तरीके के बना दिए गए हैं। हर लेन-देन बैंक के माध्यम से होते हैं। एक निश्चित राशि से ज्यादा नगद राशि घर पर नहीं रखी जा सकती है। एक निश्चित राशि से ज्यादा का नगद लेन-देन नहीं हो सकता है। बैंकों में जमा रकम से ऑनलाइन धोखाधड़ी हो रही है। सरकार ने बैंक के उपभोक्ताओं को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। हर साल अरबों रुपए की धोखाधड़ी बैंकों से हो रही है। जिनके खाते से धोखाधडी हुई है, वह साइबर क्राइम ब्रांच, पुलिस और बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। न उन्हें पैसा मिल रहा है।

## चिंतन-मनन

### शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ। उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा।

उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीडघ्तों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

# सहकारिता एक बेहतर दुनिया के लिए समावेशी समाधान है

**-किशन सनमुखदास**




वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी काम अकेले करते हैं तो उनकी क्षमता सीमित होती है परंतु यदि वही एक से अधिक व्यक्तियों के सामूहिक कार्यों से किया जाए तो उनकी ताकत, बल, संसाधन,ज्ञान तेजी से कई गुना अधिक हो जाता हैजिसमें आने वाली हर चुनौतियों का मुकाबला कर सफलता पानें की सटीक कुंजी है,यानें हम आपसी सहयोग कर एक संगठन बनाकर, जिसे सहकारी समिति कहा जाता है, कोई भी काम मजबूती से कर सकते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि सहकारी समितियां एक और एक ग्यारह की तरह काम करती हैं क्योंकि वे सदस्यों के सामूहिक प्रयासों और सहयोग के माध्यम से अधिक ताकत और सफलता प्राप्त करती हैं। व्यक्तिगत रूप से, सदस्यों की क्षमताएं सीमित हो सकती हैं, लेकिन जब वे एक साथ आते हैं और एक सहकारी समिति के रूप में काम करते हैं, तो वे अधिक संसाधन, ज्ञान और शक्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और अधिक हासिल कर सकते हैं।संसाधनों का एकीकरण, जोखिम साझा करना,ज्ञान और विशेषज्ञता का आदान- प्रदान,बार्गेनिंग पावर, सामुदायिक विकास का लक्ष्य होता है, क्योंकि सब मिलकर कर रहे हैं, इसीलिए ही हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को हम अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मना रहे हैं। चूँकि वैश्विक स्तरपर सहकारी उद्यनशीलता पारिस्थितिकी तंत्र प्रतिष्ठा को मजबूत करना, सहयोगपूर्ण कानून व नीतिगत कार्य मील का पत्थर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है, सहकारिता क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक संगम से सटीक सफलता की गारंटी हैं, सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान है। साथियों बात अगर हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस मनानेकी करें तो सहकारिताः बेहतर विश्व के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान को आगे बढ़ाना इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है,क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान हो रहा है - एक दुर्लभ, दशक में एक बार आने वाला अवसर,जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक लचीले समाजों के निर्माण में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के दौर में, इस वर्ष की थीम बहुत कुछ कहती है। सहकारी समितियाँ - अपने सदस्यों के स्वामित्व वाली और उनके द्वारा संचालित व्यवसाय - यह दिखा रही हैं कि लाभ से पहले लोगों, ग्रह और उद्देश्य को प्राथमिकता देकर मजबूत समुदायों का निर्माण कैसे संभव है। स्वास्थ्य और आवास से लेकर कृषि, वित्त और स्वच्छ ऊर्जा तक, सहकारी समितियाँ वास्तविक दुनिया के समाधान प्रदान कर रही हैं जो समावेशी, लोकतांत्रिक और टिकाऊ हैं।कॉप्सडे 2025 दो प्रमुख वैश्विक प्रयासों से भी जुड़ता हैः संयुक्त राष्ट्र का उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच , जो प्रमुख सतत विकास लक्ष्यों की समीक्षा कर रहा है, और सामाजिक विकास के लिए आगामी दूसरा विश्व शिखर सम्मेलन । ये मील के पत्थर हमें याद दिलाते हैं कि सहकारी समितियाँ केवल स्थानीय समाधान नहीं हैं - वे बदलाव के लिए एक वैश्विक आंदोलन का हिस्सा हैं।सहकारी दिवस 2025 मनाने में हमारे साथ शामिल हों , और जागरूकता बढ़ाने में मदद करें कि कैसे सहकारी समितियां बेहतर विश्व के लिए प्रगति में सहायक हो रही हैं। इस वर्ष के आयोजन के उद्देश्य (1)जन जागरूकता बढ़ाएँ : सतत विकास में सहकारी समितियों के योगदान पर प्रकाश डालें। (2) वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना : सहकारी समितियों के लिए उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिष्ठानों को मजबूत करना। (3) सहायक ढांचे की वकालत करना : वैश्विक स्तर पर सहकारी समितियों के लिए सक्षम कानूनी और नीतिगत वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना। (4) नेतृत्व को प्रेरित करना : उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व को बढ़ावा देना और युवाओं को सहकारी आंदोलन में शामिल करना। साथियों बात अगर हम सहकारिता को समझने की करें तो,सहकारिता आंदोलनसहकारी समितियों को ऐसे संघों और उद्यमों के रूप में स्वीकार किया गया है जिनके माध्यम से नागरिक अपने समुदाय और राष्ट्र की आर्थिक,सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उन्नति में योगदान करते हुए अपने जीवन को प्रभावी ढंग से बेहतर बना सकते हैं। सहकारी आंदोलन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मामलों में एक विशिष्ट और प्रमुख हितधारक के रूप में भी मान्यता दी गई है।सहकारी समितियों का खुला सदस्यता मॉडल धन सृजन और गरीबी उन्मूलन तक पहुँच प्रदान करता है। यह सदस्यों की आर्थिक भागीदारी के सहकारी सिद्धांत से उत्पन्न होता हैः सदस्य अपनी सहकारी समिति की पूंजी में समान रूप से योगदान करते हैं और लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित करते हैं। क्योंकि सहकारी समितियाँ पूंजी-केंद्रित नहीं बल्कि व्यक्ति-केंद्रित होती हैं, इसलिए वे पूंजी संकेन्द्रण को न तो कायम रखती हैं और न ही बढ़ाती हैं और वे अधिक निष्पक्ष तरीके से धन वितरित करती हैं।सहकारी समितियाँ बाहरी समानता को भी बढ़ावा देती हैं। चूँकि वे समुदाय-आधारित हैं, इसलिए वे अपने समुदायों के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं - पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक रूप से। यह प्रतिबद्धता सामुदायिक गतिविधियों के लिए उनके समर्थन,स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाने के लिए आपूर्ति के स्थानीय स्रोत और निर्णय लेने में देखी जा सकती है जो उनके समुदायों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करती है।स्थानीय समुदाय पर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद, सहकारी समितियाँ अपने आर्थिक और सामाजिक मॉडल के लाभों को दुनिया के सभी लोगों तक पहुँचाने की आकांक्षा रखती हैं।वैश्वीकरण को सहकारी आंदोलन जैसे मूल्यों के एक समूह द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए; अन्यथा, यह अधिक असमानता और अतिरेक पैदा करता है जो इसे अस्थिर बनाता है।सहकारी आंदोलन अत्यधिक लोकतांत्रिक,स्थानीय रूप सेस्वायत्त, किन्तु अंतर्राष्ट्रीय रूप से एकीकृत है, तथा संघों और उद्यमों के संगठन का एक रूप है, जिसके तहत नागरिक स्वयं सहायता और अपने स्वयं के उत्तरदायित्व पर निर्भर रहते हैं।

# छत्तीसगढ़ की राजनीति और नक्सलवादः दामाद की संज्ञा में उलझी सियासत

**- सत्यप्रकाश दुबे**

छत्तीसगढ़ की राजनीति में नक्सलवाद एक बार फिर एक बड़े राजनीतिक विवाद का कारण बन गया है। कुरुद के विधायक और भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता अजय चंद्राकर ने हाल ही में कांग्रेस पर नक्सलियों को ह्लदामादह्व कहकर हमला बोला, जिसके बाद कांग्रेस की ओर से तीखा पलटवार करते हुए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने पूंजीपतियों अदानी-अंबानी को ह्लदामादह्व बताकर भाजपा पर पलटवार किया। इस बयानबाजी ने न केवल प्रदेश की राजनीतिक बहस को गर्मा दिया, बल्कि एक बार फिर यह सवाल उठाया कि क्या नक्सलवाद को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है? छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर यह आरोप लगाया कि नक्सली ह्लकांग्रेस के दामादह्व हैं। उनके अनुसार, जब-जब नक्सली आए, कांग्रेस ने वैसा ही स्वागत किया जैसा कोई दामाद का करता है। उनका तर्क है कि 1980 के दशक में जब छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्यप्रदेश का हिस्सा) पूरी तरह कांग्रेस के अधीन था, तब आदिवासी क्षेत्रों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ, जिसके चलते वहां नक्सलियों की पैठ बनी। वे इसे कांग्रेस की ह्लशोषणकारी राजनीतिह्व का परिणाम बताते हैं। उनके बयान में यह भी संकेत था कि कांग्रेस की सरकारों ने नक्सल समस्या को गंभीरता से लेने की बजाय कभी-कभी उनके प्रति नरमी दिखाई, जिससे उनकी ताकत बढ़ी। चंद्राकर ने कांग्रेस को आदिवासी हितों का सबसे बड़ा शोषक करार देते हुए कहा कि अगर आज छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद जिंदा है तो उसकी जड़ें कांग्रेस की नीतियों में हैं। अजय चंद्राकर के इस बयान पर कांग्रेस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने कहा कि अजय चंद्राकर का बयान पूरी तरह से निराधार और असत्य है। भगत ने पलटवार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार (भाजपा) के संरक्षण में छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और औद्योगिकरण के नाम पर जंगल उजाड़े जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अदानी-अंबानी जैसे पूंजीपतियों का प्रदेश में दामाद की तरह स्वागत हो रहा है। अमरजीत भगत का तर्क था कि आज अगर बस्तर-संरगुजा में विस्थापन, वनाधिकार हनन और औद्योगिक शोषण हो रहा है तो उसकी ज़िम्मेदार भाजपा की आर्थिक नीतियाँ हैं, जिनके केंद्र में कॉर्पोरेट घरानों के हित हैं, न कि आदिवासियों के हक। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद कोई नई समस्या नहीं है। इसकी जड़ें 1970-80 के दशक में उस समय पड़ीं जब आदिवासी क्षेत्रों में भूमि, वन और खनिज संसाधनों की लूट शुरू हुई और राज्यतंत्र की पहुँच वहां नहीं थी। ये क्षेत्र लंबे समय तक विकास से वंचित रहे, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी थी। नक्सलवाद ने शुरू में एक ह्लविरोध की आवाजह्व के रूप में स्थान पाया। उसने स्थानीय आदिवासियों की जमीन, जंगल और अधिकारों की रक्षा के नाम पर समर्थन हासिल किया। लेकिन समय के साथ यह आंदोलन भी हिंसा, खून-खराबा और आतंक का पर्याय बन गया। अब यह सवाल उठने लगा है कि नक्सलवाद की पृष्ठभूमि में कौन ज़िम्मेदार है झ शोषक सरकारें, कॉर्पोरेट-राजनीति गठजोड़ या आदिवासी हितों की अनदेखी? छत्तीसगढ़ में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही समय-समय पर नक्सलवाद को अपने-अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते रहे हैं। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो भाजपा इसे नक्सलियों के प्रति नरम रवैया बताकर हमला करती थी। अब भाजपा सत्ता में है तो कांग्रेस भाजपा पर पूंजीपतियों के संरक्षण में जंगल उजाड़ने और आदिवासियों को बेदखल करने का आरोप लगा रही है। यह ह्लदामादह्व शब्द की राजनीति असल में मुद्दों से भटकाव पैदा करती है। नक्सलवाद जैसे गंभीर और जटिल विषय को राजनीतिक तकरार का हिस्सा बनाकर दोनों ही दलों ने साबित किया है कि वे समस्या के समाधान में नहीं, उसे भुनाने में रुचि रखते हैं। छत्तीसगढ़ का बड़ा हिस्सा वन और खनिजों से समृद्ध है। बस्तर, सरगुजा, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा जैसे इलाके अयस्क, कोयला, बॉक्साइट आदि से भरपूर हैं। पर यही संसाधन इन क्षेत्रों के लिए अभिशाप भी बन गए हैं। बड़े-बड़े खनन प्रोजेक्ट्स, स्टील प्लांट्स और औद्योगिक कॉरिडोरों के लिए आदिवासियों को उनकी भूमि से विस्थापित किया गया, वो भी नाममात्र के मुआवजे पर। वनाधिकार अधिनियम 2006 के बावजूद आज भी हजारों आदिवासी परिवारों को उनके हक से वंचित रखा गया है। जंगल कट रहे हैं, नदियां सूख रही हैं, और इसके बदले स्थानीय लोगों को बेरोजगारी, पलायन और शोषण का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार कॉर्पोरेट घरानों के साथ खड़ी है। विशेष रूप से अदानी और अंबानी जैसे समूहों को खदानें, बिजली प्रोजेक्ट्स, ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर और औद्योगिक पार्कों के ठेके मिल रहे हैं। इसके बदले आदिवासी क्षेत्रों को उजाड़ा जा रहा है। यहाँ ये सवाल उठता है झ क्या विकास की कीमत आदिवासियों की संस्कृति, पहचान और अधिकारों की बलि देकर चुकाई जा रही है? क्या सरकारें केवल उन निवेशकों के लिए नीति बना रही हैं जो पूंजी लाते हैं, जबकि स्थानीय समुदायों को ह्लविकास की बाधाह्व मानकर नजरअंदाज कर दिया गया है? सरकारें नक्सलवाद को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, जबकि यह एक सामाजिक-आर्थिक विसंगति की उपज है। पुलिस और सेना की कार्रवाई, सड़क, बिजली और मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाएं एक स्तर तक असरदार हो सकती हैं, पर जब तक मूलभूत हक जैसे भूमि का स्वामित्व, शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक यह समस्या उभरती ही कौन किसका दामाद है? झ यह सवाल सिर्फ एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक विमर्श के पतन की निशानी है। नक्सलवाद, आदिवासी हित, औद्योगिकरण, विस्थापन झ ये सब गंभीर विषय हैं, जिन पर ठोस नीति, विचार और बहस की जरूरत है। लेकिन दुर्भाग्यवश, यह सब मुद्दे अब बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप और भावनात्मक प्रोपेगेंडा तक सीमित होकर रह गए हैं। छत्तीसगढ़ के लिए आगे की राह सिर्फ सुरक्षा बलों के भरोसे नहीं हो सकती। सरकार को चाहिए कि वह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आदिवासियों के साथ भरोसे की साझेदारी बनाए। ग्राम सभा को अधिकार दें, वनाधिकार कानून को लागू करें, स्थानीय युवाओं को रोजगार दें और शिक्षा-स्वास्थ्य की आधारभूत संरचना पर जोर दें। साथ ही, राजनीतिक दलों को भी इस विषय पर जिम्मेदारी से बात करनी चाहिए। नक्सलवाद को सिर्फ एक दामाद की उपमा देकर उसका उपहास उड़ाना।

## प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर ? पलायन को मजबूर प्रदेश का युवा

**- मयंक डहेरिया**

जैसे जैसे चुनाव के वर्ष का समय नजदीक आता है वैसे वैसे सत्ता में बैठी सरकार भी योजनाओ को गति देने में लग जाती हैं। मध्यप्रदेश के कुछ वर्गो को लुभाने के लिए सरकारी खजाने के भंडार खोल दिए जाते हैं। भाजपा का कांग्रेस के लिए तंज भी वही पुराना वाला शुरू हो जाता कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने वर्षो से इस देश में राज किया लेकिन लोगों के लिए क्या किया केवल मुफ्त की रेवडियां बांटी हैं। लेकिन भाजपा सरकार यह कैसे भूल जाती है कि वो खुद रेवडियां बांटकर ही लगातार चुनाव जीत रही है। दुख इस बात का है कि भाजपा जिन लाड़ली बहनों को हर माह रूपए दे रही है, क्या उन्हें इस बात की जानकारी नही है कि इन बहनों के पढ़े लिखे बेटे बेटियों को भी रोजगार की शक्त जरूरत होगी ? क्या 1250 रुपए में इन बहनों का घर चल सकता है ? आज इनके घरों में बैठे पढ़े लिखे युवाओ के पास कोई विकल्प नही हैं। केवल दूसरे राज्यों में पलायन के सिवा ? मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार बेरोजगारी के मुद्दे में पूरी तरह से फेल और मौन रही है। बीते वर्षों में कुंभ के मेले की तरह 12 वर्षों में आई राजस्व विभाग में पटवारी की नौकरी भी खुद भाजपा की भेंट चढ़ गई। प्रदेश में 6 हजार पदों पर 12 लाख आवेदन आए थे जिसमें 4 लाख से अधिक आवेदन करने वाले वो बेरोजगार थे, जिन्होंने इंजिनियर, एम बीए, और पीएचडी की परीक्षा उत्तीर्ण थी। जिसमें स्नातकोत्तर के 01 लाख 80 हजार, एमबीए के 80 हजार, इंजिनियर बीईड्ड और बीटेक के 85 हजार और पीएचडी के 1000 छात्रों ने पटवारी परिक्षा के लिए आवेदन किया था और जिसके के लिए अभ्यर्थी से 300 रूपए फीस भी ली गई थी। इस परीक्षा में ऐसे मेहनतकश ईमानदार प्रतियोगी भी शामिल हुए थे जिनकी तैयारी वर्षों से चल रही थी जिनका परीक्षा में फेल होना संभव ही नही था । दूसरी तरफ भाजपा सरकार के भ्रष्ट तंत्र में उसी वर्ष ग्वालियर के एक ही सेंटर से 7 गधों ने टॉप करके सबको चौंका दिया था। जब हमारे सहयोगी पत्ररकारों इन टॉपर से बात की इनका इंटरव्यू लिया तो इसमें से एक टॉपर ने मध्यप्रदेश की राजधानी को ग्वालियर बनाकर रख दिया था। इससे बड़ी शर्मनाक की बात कुछ और नही हो सकती। एक ही सेंटर से टॉप करने का जब यह मामला सामने आया था उस समय शिवराज सरकार ने अपनी साख बचाने के लिए परीक्षा के बाकी परिणाम भी तुरंत रोक दिए। या यू कहिए कि एक प्रकार से पूरी परीक्षा के परिणाम ही रद्द कर दिए गए। जिन अभ्यर्थीयों ने मेहनत मजदूरी करके अपनी फीस भरी थी सरकार ने वो भी डकार गई। इन बेरोजगारों से लगभग 3 हजार 600 करोड़ रूपए फीस वसूली गई और न नौकरी मिली और ना ही फीस के रूपए वापस हुए। इस प्रकार सरकार ने उल्टे बेरोजगारों से ही अपनी तिजोरी भर ली ।मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने 22 वर्षों के कार्यकाल में बेरोजगारों को छला है कभी व्यापमं घोटाले में तो कभी पटवारी परीक्षा घोटाले में। यशोधरा राजे सिंधिया ने भी उस समय विधान सभा में इस बात को स्वीकारा था कि प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में रजिस्टर्ड शिक्षित बेरोजगारों की संख्या उस समय 37 लाख 80 हजार 679 थी । जिन्हें आज तक रोजगार नही मिला ।

## आज का राशिफल

**मेष** धन सम्मान का लाभ होगा। भूमि, भवन, वाहन आदि से संबंधित किसी बड़ी डील में लाभ मिल सकता है।

**तुला** आज आर्थिक मामलों में बड़ा लाभ होने के योग हैं। व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभप्रद है।

**वृषभ** आज कारोबार में उन्नति के योग बन रहे हैं। व्यवसाय में कुछ नए क्लाइंट जुड़ सकते हैं।

**वृश्चिक** दिन काफी खर्चीला रहेगा और आपको आमदनी से अधिक व्यय करना पड़ सकता है।

**मिथुन** दिन अनुकूल रहेगा और आपको अचानक से बड़ी मात्रा में कहीं से रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।

**धनु** आज तरक्की के योग बन रहे हैं। भाग्यवश अचानक धन लाभ हो सकता है।

**कर्क** धन, पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर** आज दिन अनुकूल है और आपको कार्यक्षेत्र में परिश्रम के अनुसार लाभ मिलेगा।

**सिंह** दिन भाग्यशाली है और धन लाभ के लिए दिन शुभ है। पुराने निवेशों से अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

**कुंभ** कारोबार में बड़ा लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। पार्टनर्स के साथ कोई बड़ी डील पक्की हो सकती है।

**कन्या** आर्थिक दृष्टि से समय बेहतर हो रहा है। व्यापारियों के लिए नए अवसर उभर सकते हैं।

**मीन** आज आर्थिक लाभ होगा। रोजगार और आर्थिक प्रयासों में सफलता मिलेगी।

## विशेष

### किसी भी सरकार को विपक्ष पसंद नहीं आता है

सरकार कोई भी हो,उसके लिए विपक्ष हमेशा मुसीबत खड़ी करता है। कांग्रेस लंबे समय तक सत्ता में रही है। कांग्रेस हमेशा विपक्ष से परेशान थी। कांग्रेस का लोकतांत्रिक स्वरूप होने के कारण सरकार विपक्ष को जवाब देती थी। आरोपों की जांच भी कराती थी। सरकार अपने ही नेताओं को जेल भेज देती थी। भाजपा विपक्ष के सारे क्रियाकलाप को जानती है। भाजपा कई दशकों तक विपक्ष में रही है।इसलिए भाजपा विपक्ष के किसी भी आरोप का जवाब नहीं देती है।किसी भी आरोप की जांच नहीं कराती है। सरकार आरोप प्रमाणित हो जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं लेती है। कोर्ट से अंतिम निर्णय ना आ जाए, तब तक कोई कार्यवाही नहीं करती है। विपक्षी दल कांग्रेस को अब समझ आ रहा है। विपक्ष हमेशा आरोप लगाता है।

### सामाजिक न्याय की पार्टी कांग्रेस?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस तरह से जाति जनगणना की लड़ाई लड़ रहे थे। 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण करने की मांग कर रहे थे। जिसकी जितनी आबादी उसका उतना अधिकार जैसे नारों के साथ कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों की पार्टी बनने का प्रयास कर रही है।मनुस्मृति को लेकर भाजपा संघ और पंडितवाद पर हमला करते हुए सामाजिक न्याय की जो लड़ाई कांग्रेस लडाई रही है। सरकार को उनकी बात माननी पड़ी। जाति जनगणना और सामाजिक न्याय ने भाजपा की चिंता को बढ़ा दिया है। 10 साल पहले राहुल गांधी को पप्पू समझा था।

## कार्टून कोना




### आज का इतिहास

1556 फ्रांस नरेश हेनरी द्वितीय ने हैम्पसबर्ग के खिलाफ युद्ध पुनः शुरू किया. 1658 औरंगजेब ने मुराद को जेल में डाल दिया. 1796 ब्रिटिश सैनिकों ने एल्वा द्वीप पर कब्जा किया. 1810 अमरीका में सर्कस के क्षेत्र में अग्रणी पी. टेलर बार्नम का जन्म हुआ. 1811 वेनेजुएला ने स्पेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की. 1812 ब्रिटेन ने रूस और स्वीडन से शांति संधि की. 1830 फ्रांस ने अल्जीरिया पर हमला कर अल्जीयर्स पर कब्जा कर लिया. 1940 द्वितीय विश्व युद्ध में फ्रांस ने ब्रिटेन से संबंध तोड़ लिए. 1943 सोवियत मोर्चे पर जर्मनी ने जवाबी कार्यवाही शुरू की. 1947 भारतीय स्वाधीनता अधिनियम- 1947 को ब्रिटिश संसद ने पारित किया. 1959 इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्ण ने संविधान सभा भंग कर दी.

## दैनिक पंचांग

**5 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.13 बजे से |
| चंद्र | तुला में | सिंह | 08.29 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.41 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.52 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.06 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.22 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.28 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.14 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.47 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.17 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | वृष | 01.57 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 03.56 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 186 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 18.59 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 19.52 बजे को समाप्त।
**योग** सिद्ध 20.36 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 05.47 बजे तदनन्तर गर 18.59 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 09.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 47'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872396
**जूलियन दिन** 2460861.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 09
**विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील




**जामताड़ा (एप्र)।** सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने को लेकर जामताड़ा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्रीय शांति समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शों का अनुपालन किया जाएगा। साथ ही डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावे सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक जुलूस तथा अन्य कार्यक्रम होंगे। वही शांति समिति के सदस्यों के देख रेख में जुलूस निकाली जाएगी। इसके अलावे जुलूस निकालने वाले मार्गों की साफ सफाई पर भी चर्चा की गई। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किया और सभी ने आवश्यक सुझाव दिया। सदस्यों ने कहा कि जामताड़ा में हमेशा सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ सभी पर्व त्यौहार को मानते हैं। यहां कभी कोई विवाद नहीं हुआ है। इसलिए एक बार फिर हम लोग आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए मोहर्रम मनाएंगे। मौके पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने मंच संचालन किया। मौके पर एसआई लाल बाबू,संतन मिश्रा, विजय दुबे, अजीत दुबे, विजय भगत,शिखरानी मंडल, गौर बाउरी, इशार्दुल हक आरसी, डी डी भंडारी, राकेश पाल आदि उपस्थित थे।

### ट्रांसफार्मर का जिप सदस्य ने किया उद्घाटन



**नाला (एप्र)।** मड़ालो पंचायत के बेजोपाड़ा गांव में जिप सदस्य बंदना देवी ने ग्रामीणों की आवश्यकता को देखते हुए 100 केबी तथा 25 केबी का दो-दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधिवत रूप से फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर की। मालूम हो कि इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य वंदना देवी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास करना मेरी प्राथमिकता है। चाहे वह बिजली,पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सभी क्षेत्र में हम चाहते हैं कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो। इस दौरान जिला परिषद सदस्य वंदना देवी ने ग्रामीणों की अन्य समस्याएं भी सुनी। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि अजय मंडल, गौतम राय, संतोष दास, सौरभ राय, राजकुमार महतो, अपूर्व राय, सुशांत राय, काजली राय, रूम्पा राय, फूलतुला राय, कविता राय, दुलाली राय सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### बीडीओ ने की मनरेगा एवं अबुआ आवास की समीक्षा



**नारायणपुर(एप्र)।** नारायणपुर प्रखंड परिसर स्थित सभाकक्ष में शुक्रवार को नारायणपुर बीडीओ मुरली यादव ने सभी पंचायत के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक के साथ मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास और पीएम आवास में मजदूरी मद के तहत किए जाने वाले भुगतान को लेकर योजनाओं में जल्द से जल्द मजदूरी के भुगतान के लिए डिमांड करें। मजदूरी मद के लिए जो आवास ओन गोइंग नहीं हुआ है उसे जल्द से जल्द ओन गोइंग करें। बीडीओ ने वित्तीय वर्ष में संचालित बिरसा आम बागवानी योजना की प्रगति रिपोर्ट 7 जुलाई तक जमा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने पुरानी योजनाओं को बंद करके नई योजनाओं को संचालित करने, मनरेगा एक्ट में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं और आदिवासी जॉब कार्डधारियों को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ वाणीपद मित्रा, करुणा कुमारी सहित सभी पंचायत के पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, जेई सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का आगाज




**जामताड़ा (एप्र)।** नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को एक नई दिशा देते हुए 1 से 31 जुलाई तक स्वच्छता अपनाओ बीमारी भगाओ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस एक महीने तक चलने वाले वृहद अभियान का मुख्य उद्देश्य जामताड़ा शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है, जिसके लिए विभिन्न जागरूकता और स्वच्छता संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और उन्हें अपनी दैनिक आदतों में सुधार लाने के लिए प्रेरित करेगा। नगर पंचायत का लक्ष्य है कि इस अभियान के माध्यम से बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सके और जामताड़ा को एक स्वच्छ एवं स्वस्थ शहर के रूप में स्थापित किया जा सके। नगर पंचायत जामताड़ा ने सभी शहरवासियों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में सहयोग करने की अपील की है। यह अभियान न केवल बीमारियों को दूर भगाएगा, बल्कि एक स्वस्थ और खुशहाल जामताड़ा के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**कुंडहित (एप्र)।** जमीन विवाद को लेकर बागडेहरी थाना क्षेत्र के मुड़ाबेड़िया गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडहित लाया गया। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उच्चतर संस्थान रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी के अनुसार मुड़ाबेड़िया गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में काफी दिनों से तनाव चल रहा था। इस दौरान गांव के नकुल गोप सहित पांच लोगों ने एकजुट होकर लाठी- डंडा, कुल्हाड़ी लेकर सनातन गोप के घर में घुसकर महिलाओं के साथ अश्लील व्यवहार करने लगा तथा कुल्हाड़ी से सनातन गोप के माथे पर प्रहार कर दिया। घटना में सनातन गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में सनातन ने बागडेहरी थाना में आवेदन देकर गांव के ही ईश्वर गोप, किशोर गोप, नकुल गोप, रक्षाकर गोप तथा चंडी गोप को आरोपी बनाया है। वहीं दूसरे पक्ष से नकुल गोप की पत्नी प्राप्ति गोप के आवेदन पर सनातन गोप सहित पांच लोगों पर जबरन गाली गलौज तथा मारपीट करने का मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया मारपीट मामले में दोनों पक्षों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# भोगनाडीह में आदिवासी अस्मिता को कुचला गया : मंगल सोरेन

## आदिवासी समाज में उबाल, हाईकोर्ट में याचिका की तैयारी



**फतेहपुर (एप्र)।** जहां सिदो-कान्हू, चांद-भैरव जैसे बलिदानी पैदा हुए, उसी जमीन को सरकार ने लहूलुहान कर दिया यही दर्द और आक्रोश झलकता दिखा मरांग बुरु सांवता सुसार बाइसी के संयोजक मंगल सोरेन की आंखों में। जब वे फतेहपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 30 जून को बरहेट स्थित भोगनाडीह गांव जो कि संथाल विद्रोह के महानायकों सिदो-कान्हू की जन्मस्थली है, वहां सरकार और प्रशासन ने जिस तरह का रवैया अपनाया, वह न केवल लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि आदिवासी अस्मिता पर सीधा हमला है। उन्होंने बताया कि दुमका सर्किट हाउस में संथाल परगना के 6 जिलों के प्रमुख बुद्धिजीवियों और सामाजिक संगठनों की एक आपात बैठक हुई, जिसमें भोगनाडीह कांड पर गहन चर्चा के बाद झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करने पर आम सहमति बनी है। उन्होंने सवाल उठाया कि, आदिवासी त्योहार, स्मृति दिवस और बलिदान दिवस पर भी यदि आदिवासियों को अपमान और लाठी मिलेगी, तो इसे हम कैसे बर्दाश्त करेंगे। मंगल सोरेन ने भोगनाडीह कांड को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह घटना एक गहरी साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है, ताकि आदिवासी समाज को उसके गौरवशाली अतीत से काट दिया जाए। साथ ही उन्होंने पेसा कानून, 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था की दुर्दशा, स्थानीय युवाओं को रोजगार से वंचित रखने और वनाधिकार कानून के अड़चनों को लेकर भी हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार आदिवासी विरोधी नीतियों पर चल रही है और जनजातीय समाज के धैर्य की परीक्षा ले रही है। आने वाले समय में इस मुद्दे को लेकर राज्यव्यापी जन आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। मौके पर पर मरांग बुरु सांवता सुसार बाइसी के सह संयोजक अबिता हांसदा के अलावा सहसंयोजक दिलीप हेंब्रम मौजूद थे।

### पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत लगाया गया शिविर




**नाला (एप्र)।** अपर सचिव जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार तथा उपायुक्त के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बडाऱामपुर पंचायत के एकलव्यपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झांटीपहाड़ी में अवेयरनेस एंड बेनिफिट सैचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के तौर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर जियाउल हसन सर्वर तथा पंचायत राज समन्वयक तरुण कुमार हेम्ब्रम मौजूद थे। इस अवसर पर विभिन्न स्टॉल लगाकर लाभुकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा लाभ प्रदान किया गया। पीएम जनमन कार्यक्रम में आधार कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना,पीएम उज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम जनधन योजना,पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, मनरेगा, मिशन इन्द्रधनुष, सिकल सेल टेस्टिंग, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, केसीसी सहित सभी विभाग के स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारी ने पीएम जनमन कार्यक्रम तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही विभिन्न परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्टॉलों में आवेदन प्राप्त किए गए।

### जल सहियाओं को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**कुंडहित (एप्र)।** शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले राजा की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल सभागार कुंडहित में प्रखंड स्तरीय जल सहियाओं का स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड वॉश कोऑर्डिनेटर रफिक हुसैन ने सभी जलसहियाओं को मोबाइल एसबीएमएसएसजी 2025 को प्रेक्टिस कराकर प्रशिक्षण दिया। तत्पश्चात बीडीओ ने अपने से एसबीएमएसएसजी 2025 का एप्प के माध्यम से फीडबैक देकर सभी जलसहियाओं को अपने अपने ग्राम में प्रत्येक दिन कम से कम 100 ग्रामीणों से फीडबैक दिलाने का निर्देश दिया। साथ ही ग्राम स्तर पर योग्य लाभुकों का स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत शौचालय का ऑनलाइन हेतु दो दिनों के अंदर लाभुकों का आधार एवं पासबुक का जेरॉक्स जल सहियाओं को जमा करने हेतु निर्देश दिया गया, ताकि ग्राम में विभागीय निदेर्शानुसार कोई भी योग्य लाभुक शौचालय के लाभ से वंचित न रह पाए। साथ ही अभी बरसात के मौसम को देखते हुए ग्राम स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम को आगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय, ग्राम के सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थानों की साफ सफाई कार्यक्रम चलाने, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत निर्मित शौचालयों के उपयोग पर विशेष जागरूकता चलाने, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित स्ट्रक्चर को उपयोग कराने हेतु ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की प्रत्येक माह बैठक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में ग्राम के सहायक शिक्षक, सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जेएसएलपीएस के सखी मंडल महिलाओं एवं ग्रामीणों का सहयोग लेने हेतु जल सहियाओं को निर्देश दिया गया। जिसका विभागीय निदेर्शानुसार संबंधित विभाग के पदाधिकारी को सहयोग हेतु पत्र दिया गया है। ग्राम स्तर पर एकल उपयोग पॉलिथीन एवं प्लास्टिक कचरा को संग्रह कर साप्ताहिक रूप से सिग्रिगेशन शेड में रखवाने की व्यवस्था करने का सभी पंचायत के जल सहियाओं को निर्देश दिया गया। मौके पर आईएसए के प्रखंड समन्वयक आशीष गोप एवं प्रखंड के अधिकतर जलसहिया उपस्थित थे।

### दुर्गा मंदिर से हजारों के संपत्ति की चोरी

**करमाटांड़ (एप्र)।** करमाटांड़ में विगत रात्रि को अज्ञात चोरों के द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर हजारों की संपत्ति चोरी कर ली गई। इसको लेकर स्थानीय लोगों एवं पुजारी में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीण इस मामले को लेकर उच्च स्तरीय जांच कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर पूजा समिति के राजकुमार गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन का विशेष रूप से पहल करनी चाहिए। मामले को लेकर लोगों में आक्रोश का माहौल है लोगों ने कहा कि इस मामले को लेकर पुलिस प्रशासन को मामले की जानकारी दी गई है। मामले की जानकारी मिलते ही थाना के एसआई विकास कुमार तिवारी, एएसआई कुलदीप मिंज घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं उन्हें बताया कि इस मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

### चला सख्त हेलमेट जांच अभियान

**जामताड़ा (एप्र)।** सड़क सुरक्षा को लेकर जामताड़ा पुलिस ने अब कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता के निर्देश पर शुक्रवार को जामताड़ा थाना गेट पर एक विशेष हेलमेट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी गई और सैकड़ों की संख्या में ऐसे वाहन चालकों को रोका गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने अपनी उपस्थिति और शक्ति का प्रदर्शन करते हुए बिना हेलमेट चलने वालों को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें मौके पर ही हिदायत दी गई कि अगली बार बिना हेलमेट पकड़े जाने पर न केवल भारी जुमार्ना भरना पड़ेगा, बल्कि कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ेगा।

### जनता दरबार में फरियादियों ने अपनी समस्याओं को लेकर डीसी से लगाई गुहार



**जामताड़ा (एप्र)।** शुक्रवार को उपायुक्त रवि आनंद के द्वारा कार्यालय के सभागार प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना गया। आयोजित जनता दरबार में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए आमजनों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त से गुहार लगाई। उपायुक्त ने सभी आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुनी एवं शिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त ने गंभीर होकर सुनीं लोगों की शिकायतें; कई समस्याओं का हुआ ऑन स्पॉट समाधान।

इस दौरान उपायुक्त के समक्ष आवास, पेंशन, रोजगार, मईया सम्मान योजना, पशु शेड निर्माण संबंधी शिकायत, पुनर्नियोजन, करमाटांड़ प्रखंड में बीडीओ के द्वारा दीदी कैफे बंद करने, डीवीसी विस्थापित, स्पॉन्सरशिप योजना, भूमि विवाद, जमीन अतिक्रमण, जाति प्रमाण पत्र नहीं देने, पुलिस द्वारा केस नहीं लेने, भू अर्जन से जुड़े मामले, योग प्रशिक्षक सहित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुई। उपायुक्त ने जनता दरबार में सभी लोगों शिकायतों का बारी बारी से सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। इस क्रम में एक फरियादी ने आवास को लेकर अपनी समस्या बताई। एक फरियादी ने मईया सम्मान योजना के तहत राशि नहीं मिलने की शिकायत की गई, उसने ऑनलाइन आवेदन और अन्य सभी दस्तावेज दिया। इसके अलावा रोजगार के लिए उपायुक्त से गुहार लगाई।

### फुटबॉल टूर्नामेंट की विजयी टीम का किया गया स्वागत

**करमाटांड़ (एप्र)।** करमाटांड़ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगन्नाथपुर में जिला स्तरीय सुब्रतो कप अंडर-15 फुटबॉल टूर्नामेंट के विजयी टीम का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक, छात्र- छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने विजयी टीम की प्रशंसा की और प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। जिला स्तरीय विजेता फुटबाल खिलाड़ियों को माला पहनाकर और मिठाइयां बांटकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने खिलाडियों, नोडल शिक्षक शंकर पंडित और विद्या सागर स्पोर्ट्स एकेडमी के निवास मंडल को प्रमाण पत्र, फाइल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

### 28 बाइक जब्त

**कुंडहित (एप्र)।** शुक्रवार को कुंडहित पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले 28 मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट पहनाकर कर थाना से छोड़ा गया। बताते चलें कि एसपी राजकुमार मेहता के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर कुंडहित थाना गेट के पास वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन चालकों के हेलमेट आदि की जांच की गयी। जांच के दौरान बगैर हेलमेट पहने वाले 28 मोटरसाइकिल चालकों को पकड़कर मोटरसाइकिल सहित कुंडहित थाना लाया गया। थाना में सभी मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट लाने को कहा गया।

### सहायक अध्यापक आरपार की लड़ाई लड़ने के मूड में



**जामताड़ा (एप्र)।** शुक्रवार को जामताड़ा जिला अंतर्गत नारायणपुर प्रखंड के पबिया डाइट में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की एक अति महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से राज्य कमेटी के सदस्य सुमन कुमार उपस्थित थे। सुमन कुमार ने बताया कि सरकार के द्वारा राज्य के लगभग 1700 सहायक अध्यापकों का जो विभागीय द्वारा तुगलक्की फरमान जारी कर हटाने की साजिश रची है यह कदापि सफल नहीं होने देंगे। झारखंड के चौबीसों जिला में बैठक चल रही है, बैठक करते हुए सहायक अध्यापक शिक्षा विभाग एवं झारखंड सरकार के विरोध में गोल बंद हो रहे हैं। आगामी 13 जुलाई को रांची की धरती पर झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक आहूत की गई है जिसमें यह निर्णय लिया जाएगा की सरकार के विरुद्ध में सड़क से सदन तक आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। बताया कि जामताड़ा जिले में 104 सहायक अध्यापकों का फर्जी संस्थान से सर्टिफिकेट का आरोप लगाते हुए उसकी नौकरी से निकाला गया है जो बर्दाश्त बर्दाश्त से बाहर है। इसके लिए सड़क से सदन तक आंदोलन जारी रहेगा और इस तुगलक्की फरमान को विभाग जब तक वापस नहीं लेती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर शब्बीर अंसारी, भरत स्वर्णकार, सदानंद मंडल, मैनेजर मुर्मू, राजकिशोर तिवारी, अघनू राय, निजामुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर नारायणपुर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**नारायणपुर(एप्र)।** मुहर्रम पर्व को लेकर नारायणपुर थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। यह मार्च थाना क्षेत्र के नारायणपुर, मुरलीपहाड़ी समेत कई जगहों में निकाला गया। पुलिस ने लोगों से अपील किया कि वे पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। किसी भी अफवाह से बचें। फ्लैग मार्च का नेतृत्व नारायणपुर थाना के थाना प्रभारी मुराद हसन ने किया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखना है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखना भी इसका उद्देश्य है। पुलिस ने लोगों से कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने मोहर्रम के दौरान शांति बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए हैं। मौके पर पुलिस निरीक्षक रविन्द्र नाथ यादव,सार्जेंट मेजर किशोर कुमार समेत पुलिस बल उपस्थित थे।

**मधुपुर एवं बनारस के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन**

श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **03157/03158 मधुपुर-बनारस-मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव, यात्रा की तिथियां एवं गठन के अनुसार चलाई जाएगी:-

| मधुपुर-बनारस | | | (03157)(03158) | बनारस-मधुपुर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| सोमवार | - | 12.10 | मधुपुर | 14.30 | - | मंगलवार |
| | 12.35 | 12.45 | जसीडीह | 12.52 | 13.02 | |
| | 17.45 | 17.50 | गया जंक्शन | 07.05 | 07.10 | |
| | 21.05 | 21.15 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन | 03.10 | 03.20 | |
| | 23.30 | - | बनारस | - | 01.50 | |

ऊपरोक्त स्पेशल ट्रेनें यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में सिमुलतला, झाझा, जमुई, किऊल, शेखपुरा, नवादा, तिलैया, अनुग्रह एन रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड एवं वाराणसी स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां: मधुपुर से: 03157** दिनांक 14/07, 21/07, 28/07 एवं 04/08/2025 (सोमवार) = 04 ट्रिप तथा **बनारस से : 03158** दिनांक 15/07, 22/07, 29/07 एवं 05/08/2025 (मंगलवार) = 04 ट्रिप। **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)/शयनयान श्रेणी - 20 एवं एसएलआरडी- 2 = 22 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-नीलामी/2025** **दिनांक : 03.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए I R E P S पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण नीचे दिया गया है:- **नीलामी श्रेणी :** पार्सल स्थान का पट्टा (एसएलआर); **ई-नीलामी सूची क्रम.: एएसएन-पीएआरसी-180725; ई-नीलामी प्रारंभ तिथि/समय:** 18.07.2025, 11:00 बजे। **क्रम सं. एवं ट्रेन सं. एवं एसएलआर** क्रमानुसार : **(1);** 12942 आसनसोल-भावनगर (आरएसएलआर-1)। **(2);** 12361 आसनसोल-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (आरएसएलआर-1)। **(3);** 19436 आसनसोल-अहमदाबाद (आरएसएलआर-1)। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-108/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं.सीओएम/पब/पीआरओ/ई-नीलामी/एमएसएस/25** **दिनांक : 03.07.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 अनुबंध प्रदान करने के लिए IREPS पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। जिसका विवरण नीचे दिया गया है:- **नीलामी श्रेणी :** विविध-स्थैतिक-सेवाएँ; **ई-नीलामी सूची क्रम.: एएसएन-एमएसएस-17-07; ई-नीलामी प्रारंभ तिथि/समय:** 17.07.2025, 12:00 बजे। **क्रम सं.; स्टेशनों/स्थानों का प्रकार एवं नाम** क्रमानुसार : **(1);** आराम कुर्सी की स्थापना एवं संचालन; सूरी रेलवे स्टेशन। **(2);** मेडिकल स्टोर की स्थापना एवं संचालन; देवघर रेलवे स्टेशन। **(3);** मेडिकल स्टोर की स्थापना एवं संचालन; दुमका रेलवे स्टेशन। **(4);** सैलून सेवाओं की स्थापना एवं संचालन; रानीगंज रेलवे स्टेशन। **(5);** सैलून सेवाओं की स्थापना एवं संचालन; उखरा रेलवे स्टेशन; **(6);** सैलून सेवाओं की स्थापना एवं संचालन; दुबराजपुर रेलवे स्टेशन। **(7);** सैलून सेवाओं की स्थापना एवं संचालन; पांडेबेश्वर रेलवे स्टेशन। **(8);** पूजा सामग्री कियोस्क की स्थापना एवं संचालन; बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन। **(9);** पूजा सामग्री कियोस्क की स्थापना एवं संचालन; जसीडीह रेलवे स्टेशन। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं तथा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार उपर्युक्त ई-नीलामी में भाग लें।

(ASN-107/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### लग्जरी वाहन से पुलिस ने दो कार्टून विदेशी शराब बरामद किया




**सोनो(निंस)।** बटिया थाना की पुलिस ने लग्जरी वाहन से दो कार्टून विदेशी शराब बरामद किया, बटिया थाना की पुलिस के द्वारा शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया रहा है ,इसी क्रम में शुक्रवार को बटिया मुख्य मार्ग झुमराज बाबा मोड़ के समीप पुलिस के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था, चकाई की और से आ रही , एक टाटा सफारी ए जिसका नंबर इफ46अ8855 की पुलिस ने रोकने की प्रयास किया गया तो वाहन की चालक ने वाहन को मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ी कर चालक मौके पर से हुआ फरार, पुलिस ने वाहन की जब तलाशी ली गई तो वाहन के अंदर से दो कार्टून विदेशी शराब बरामद की गई, पुलिस के द्वारा वाहन को जप्त कर थाने लाया गया, अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई, फरार चालक और वाहन मालिक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस तकनीकी सहायता एवं गुप्त सूत्रों की मदद से कार्रवाई कर रही है, इस कार्रवाई में बटिया थाने के एसआई दिलिप कुमार,एसआई रामप्रकाश राम, एसआई हरेराम प्रसाद,एसआई नंदकिशोर पासवान सहित पुलिस बल के जवान भी मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में फरियादियों से किया सीधा संवाद




**जमुई(निंस)।** शुक्रवार को जिलाधिकारी श्री नवीन ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर पीड़ित लोगों की गंभीरता से व्यथा सुनी। उन्होंने मौके पर कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया साथ ही कुछ प्रकरणों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। जिले के दूर-दराज से आए लोग जनता दरबार में अपनी बात रखकर संतुष्ट दिखे। वहीं उन्होंने जनता दरबार में भूमि विवाद, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, रैयति भूमि का निबंधन, अनुग्रह अनुदान, खतियान, दखल-कब्जा, जमीन की नापी, प्रधानमंत्री आवास योजना, विकलांग पेंशन, चयन प्रक्रिया, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, अनुज्ञप्ति रद्द, अनुकम्पा नियुक्ति, राशि-गबन, रास्ता अवरुद्ध, मार-पीट, बासगीत पर्चा, पक्की नली गली, आंगनवाड़ी, गैर मजरूआ विवाद समेत अन्य मामले आये। उन्होंने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और इस पर यथोचित कार्रवाई किए जाने की बात कही। जिलाधिकारी महोदय ने इस अवसर पर कहा कि जनता की व्यथा को दूर करना जिला प्रशासन का मुख्य मकसद है ।सरकार द्वारा संचालित जनपयोगी राज्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा एवं आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जमुई जिला परिवहन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक, सुरक्षा कोषांग, श्रम अधीक्षक जमुई, विद्युत विभाग के पदाधिकारी समेत कई विभागीय पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

## पूर्व विधायिका मृतक के परिजनों से मिलीं



**सोनो(निंस)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भरतपुर गांव के राजद के कार्यकर्ता शिवन यादव की मौत की खबर को सुनते ही मृतका के परिजनों से मिलने पहुंचे राजद के पूर्व विधायिका सावित्री देवी और युवा राजद नेता विजय शंकर यादव पहुंचे , मृतक की पत्नी और उनके पुत्र पूर्व विधायिका को देखते ही फफक-फफक कर रोने लगे, पूर्व विधायिका ने मृतक परिजनों को संतावना देते हुए उन्हें हर संभव मदद करने की बचन दिए, उन्होंने कहा कि हम एक ईमानदार कार्यकर्ता खो खो दिए, उनके निधन से मुझे काफी क्षति हुई है, वे एक सरल व्यक्ति थे,दिल के धनी व्यक्ति थे, भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे,इस मौके पर उपस्थित पूर्व पंचायत समिति सदस्य दशरथ यादव, सुरेन्द्र यादव, शंकर यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे,

# सैकड़ों शुभचिंतकों ने दिया नरेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि



**खैरा/जमुई(निंस)।** पकरी स्थित कियूल नदी के किनारे नरेंद्र सिंह के स्मारक स्थल पर शुक्रवार के दिन उपस्थित शुभचिंताको ने उनकी तस्वीर पर फूलमाला अर्पित किए। सर्वप्रथम जमुई के पूर्व विधायक अजय प्रताप अमित कुमार सिंह मंत्री सुमित कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सागर मणि सभी बहुये-बहने एवं बच्चों ने फूल माला अर्पित किया । इधर जमुई के विधायक श्रेयसी सिंह ने भी दिवंगत नेता के तस्वीर पर फूल माला अर्पित किए । दूर दराज से पहुंचे उनके सभी शुभचिंतकों ने उनकी तस्वीर पर फूल माला अर्पित किए । कार्यक्रम स्थल पर कीर्तन भजन सर्व धर्म प्रार्थना सभा हुई और वहां लोगों ने 2 मिनट का मौन प्रार्थना भी किया ।नरेंद्र सिंह का जीवन युवा काल से ही संघर्षपूर्ण रहा है ।वे बराबर गरीबों एवं आम लोगों की समस्याओं के निदान के लिए संघर्ष करते रहे । वे छात्रों की समस्याओं को लेकर पटना विश्वविद्यालय के प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन शुरू कर उसका नेतृत्व किया था ।1974 के छात्र आंदोलन प्रारंभ करने के लिए वरिष्ठ छात्रों की एक बैठक किया ।उस आंदोलन में सक्रिय होकर 3 वर्षों तक कार्य करते रहे और कई बार मीसा के तहत नजर बंद रहे ।वे पहली बार 1985 में चकाई विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में विजय घोषित हुए और अपने दल के उपमुख्य सचेतक 1986 में बने। वर्ष 1990 में वे सूंबे के चिकित्सा शिक्षा मंत्री के रूप में शपथ लिया और बिहार में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर दिखाया। 1999 के दशक में उन्हें लोक जनशक्ति पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया और उस कार्य में भी वे दल के संगठन को काफी मजबूती प्रदान किया । वर्ष 2006 में नरेंद्र सिंह को कृषि मंत्री बनाया गया और वे अपने इस कार्यकाल मे किसानों के हित के लिए कई योजनाएं बनाई और उस दशक में कृषि के क्षेत्र में बिहार में काफी विकास हुआ ।बिहार में कृषि में विकास के लिए उन्हें महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा कृषि कर्मण के सम्मान से सम्मानित किया गया । श्री सिंह कभी भी सत्ता पक्ष के हिमायती नहीं रहे ।बल्कि विपक्ष में रहकर लोगों की समस्याओं को उजागर करते रहे ।उनके पुत्रों ने कहा कि अपने पिता के द्वारा किए गए कल्पना को वे धरातल पर लाने के लिए कृत संकल्पित है ।इस मौके पर जमुई जिला के अलावे अंग क्षेत्र के काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए और इस मौके पर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की तैयारियों को लेकर बैठक



**गिरिडीह(निंस)।** 8 जूलाई को प्रस्तावित सांसद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र-सह-केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में बैठक होनी है, जिसकी तैयारियों को लेकर आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त, रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार बारी-बारी से विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से योजनाओं के क्रियान्वयन और निष्पादन करने का निर्देश दिया गया तथा प्राथमिकता के साथ लंबित मामलों का निराकरण करने की बात कही गई। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को स्पष्ट निर्देशित किया कि अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाएं तथा लंबित योजनाओं के निष्पादन में पूरी पारदर्शिता बरतें एवं जल्द से जल्द निष्पादित किया जाय। इसके साथ ही सभी विभागों को डाटा में सुधार लाने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, सिविल सर्जन समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### बिहार में मुहर्रम को लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट, जुलूस को लेकर गाइडलाइन जारी

**पटना(एजेंसी)।** बिहार में मुहर्रम को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर हैं। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस बीच मुहर्रम जुलूस को लेकर बिहार पुलिस ने गाइडलाइन जारी किया है। पुलिस की गाइडलाइंस के मुताबिक, सभी से सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई है। मुहर्रम के जुलूस निकालने के लिए प्रशासन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस ताजिया नहीं निकाली जा सकेगी। जुलूस के दौरान भड़काऊ नारे, पोस्टर और बैनर लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। जुलूस के आयोजकों को 5-10 स्वयंसेवकों की सूची देनी होगी, जो निगरानी में सहयोग करेंगे। वहीं जुलूस किन मार्गों से गुजरेगा, इसकी पूर्वनिर्धारित रूट चार्ट प्रशासन को देना होगा। इसी रूट पर ही जुलूस की अनुमति मिलेगी। लाइसेंस के लिए आवेदन में आवेदक का नाम, पता, फोन नंबर और फोटो आईडी देना अनिवार्य है। छोटे बच्चों को भीड़ या जुलूस में लाने से बचने की अपील की गई है। किसी भी धर्म या समुदाय की भावना को ठेस पहुंचाने वाले कार्य पर पूरी तरह रोक है। अफवाहों पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर पुलिस की सख्त निगरानी की बात कही गई है।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक आयोजित




**जमुइ(निंस)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स जमुई के कार्यालय में एक अति आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता आगामी सत्र के मुख्य चुनाव पदाधिकारी श्रीकांत केसरी ने की। इस बैठक में सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया ।मुख्य चुनाव पदाधिकारी के द्वारा नए सत्र के सदस्यों को बनाने के लिए सदस्यता अभियान शुरू करने की बात कही। उन्होंने नगर परिषद के अंतर्गत पड़ने वाले सभी अस्थायी दुकानदारों को सदस्य बनने की बात कही साथ ही सदस्यता प्रभारी सतीश वर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि चेंबर के सदस्य वही बनेंगे जो स्थायी दुकानदार होंगे और जो सदस्य बनेंगे वही व्यक्ति चुनाव लड़ने या मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। वैसे व्यवसायी जो झुग्गी झोपड़ी, ठेला एवं सड़क किनारे व्यवसाय करते हैं वैसे व्यवसायी हमारे चेंबर के सदस्य नहीं बन सकते हैं। साथ ही साथ उन्होंने प्रथम चक्र के सदस्यता अभियान को दिनांक 5.7.2025 से 25.7.2025 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा कल से ही सदस्यता अभियान शुरू कर दिया जाएगा जिसकी सूचना ध्वनि प्रसारण यंत्र द्वारा व्यवसाययों को दी जाएगी। सदस्य बनने के लिए एक पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, ब्लड ग्रुप एवं 250 रुपए का निर्धारित शुल्क देना अति आवश्यक है। उन्होंने सभी व्यवसाईयों से अपील करते हुए कहा कि सभी व्यवसाईयों को चेंबर की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए ताकि हमारा चैंबर परिवार और भी ज्यादा सशक्त हो सके।

### मुख्यमंत्री ने बापू टावर में नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का किया उद्घाटन

**पटना(एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गर्दनीबाग स्थित बापू टावर के छठे तल पर नवनिर्मित प्रशासनिक कार्यालय का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री ने बापू टावर का निरीक्षण किया और इस दौरान वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव सह भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम., वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के.शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भूतल तल पर बनाये गये ओरियेंटेशन हॉल को भी देखा। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भूतल, तीसरा तल एवं पांचवें तल पर जाकर विभिन्न दीघाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया। नवनिर्मित बापू टावर के विभिन्न तलों एवं निर्मित 5 रैम्पों के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने महात्मा गांधी के जीवन से संबंधित सभी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली।

# जानेमाने पत्रकार अशोक कुमार सिन्हा का निधन

## पत्रकारिता जगत में शोक की लहर



**जमुई(निसं)।** जिला के वरिष्ठ पत्रकार और जनसुराज जमुई जिला विचार मंच के अध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे और जिले के कल्याणपुर के निवासी थे। उनके परिवार में दो पुत्र, एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार है ।उनके निधन से जिले में पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है ।अशोक कुमार सिन्हा ने अपने दीर्घकालिक पत्रकारिता जीवन में निष्पक्ष और निर्भीक लेखन से समाज को जागरूक करने का काम किया। बीते वर्ष पगडंडी जमुई संस्था द्वारा उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया था। उनके निधन की खबर से जिलेभर में शोक की लहर दौड़ गई ।पत्रकारों, सामाजिक कार्यकताओं और बुद्धिजीवियों ने अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पत्रकार अभिषेक कुमार सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, ऑक्सफोर्ड स्कूल की डायरेक्टर मनोज कुमार सिन्हा, डॉ. सिन्हाज फाउंडेशन की अध्यक्ष मिनी सिन्हा, मिलेनियम स्टार फाउंडेशन के अध्यक्ष सुशांत साईं सुंदरम, काम्प्रा ग्रुप की अपराजिता सिन्हा,ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के जिलाध्यक्ष प्रवीण सिन्हा, समग्र भारत न्यास के डॉ. रवीश कुमार सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक उत्तम कुमार, सिमुलतला आवासीय विद्यालय के शिक्षक आशीष कुमार रूपेश कुमार सिंह,विवेक सिन्हा,हेमंत सक्सेना, राजीव कुमार सिंह, डॉ अरुण निर्मल सिंह, विजय कुमार, राजीव सिन्हा, राजेश निरंजन सिंह, झुना सिंह, निखिल कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हैं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकसंतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### बिहार में महिला मतदाताओं को साधेगी कांग्रेस, 5 लाख सेनेटरी पैड बांटेगी

**पटना(एजेंसी)।** बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है। शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने राज्य की मौजूदा सरकार को घेरा और पार्टी के अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी राज्य में 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटेगी। इस सेनेटरी पैड के कवर (डिब्बे) पर राहुल गांधी की तस्वीर है। राजेश कुमार ने कहा, बिहार के परिपेक्ष्य में महिलाओं के लिए हमने विशेष तैयारी की है। राज्य की महिलाओं को सेनेटरी पैड मिलेगा। ये सेनेटरी पैड प्रत्येक महिला तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए हम अभियान चलाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 5 लाख महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटना है। महिला कांग्रेस हेल्थ के लिए महिलाओं को जागरूक करेगी। हालांकि, बीजेपी ने सेनेटरी पैड पर राहुल गांधी की फोटो पर ऐतराज जाहिर किया है। बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा, सैनिटरी पैड पर राहुल गांधी की तस्वीर बिहार की महिलाओं का अपमान है। कांग्रेस एक महिला विरोधी पार्टी है। बिहार की महिलाएं कांग्रेस, आरजेडी को सबक सिखाएगी।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यक्रम का आयोजन




**गिरिडीह(निंस)।** डी ए वी पब्लिक स्कूल, सीसीएल,गिरिडीह में ' सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा ' के संकल्प के साथ झारखंड सरकार द्वारा विद्यालय प्रबंधन के साथ मिलकर यातायात जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को जागरूक करने का कार्य किया ।इस अभियान में मुख्य रूप से यातायात पुलिस उपाधीक्षक कौशर अली, यातायात इंस्पेक्टर डूगन टोपनो, सहायक इंस्पेक्टर साकेत भारती, कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के इंचार्ज अमित कुमार मिश्रा और कृष्णकांत, समन्वयक विक्की कुमार और आरती कुमारी उपस्थित थे। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्राचार्य ओमप्रकाश गोयल, शबाना रब्बानी, विश्वनाथ घोषाल, बबलू कुमार और कुंदन कुमार उपस्थित रहें। मंच का संचालन वरिष्ट शिक्षिका शबाना रब्बानी ने किया। इस मौके पर यातायात पुलिस उपाधीक्षक कौशर अली ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नियम और संयम यातायात सुरक्षा के प्रमुख बिंदु हैं,सारे नियम को मानते हुए यदि हम संयमित रहकर यातायात करेंगे हमारा जीवन सड़क पर सुरक्षित रहेगा। विद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश गोयल ने अपने वक्तव्य में कहा कि मानव जीवन अमूल्य है,इसीलिए हमें अपने जीवन के साथ-साथ सड़क पर दूसरों के भी जीवन को सुरक्षित रखना हम सब का कर्तव्य है । यदि हम सब यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करेंगे तो सड़क की सुरक्षा भी होगी और मानव जीवन की रक्षा भी होगी।

## निकला फ्लैग मार्च

**मधुबनी(एजेंसी)।** मुहर्रम त्योहार में विधि व्यवस्था, शहर में अमन चैन कायम रहे को लेकर मधुबनी जिला के पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार एवं सदर एसडीएम चंदन कुमार झा के नेतृत्व में नगर थाना से फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर एसपी योगेंद्र कुमार ने कहा कि मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने व लोगो मे सुरक्षा की भावना को पुख्ता करने के लिए शहर के सभी संवेदनशील मार्गो पर फ्लैग मार्च निकाला गया है। एसडीएम चंदन कुमार झा ने कहा कि शांति व सद्भाव के साथ मुहर्रम का त्योहार मनाने की परंपरा मधुबनी जिला में रहा है। फिर भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से लोगों में विश्वास पैदा करने के लिए फ्लैग मार्च निकाली गयी है। फ्लैग मार्च बाटा चौक, शंकर चौक, गादियानी, लहेरियागंज, संतुनगर, महराजगंज होते हुए भौआरा, कोतवाली चौक होकर गुजरेगी।

# स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकता: उपायुक्त



**गिरिडीह(निंस)।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने पत्र प्रेषित कर स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया है कि स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सुगमता पूर्वक पहुंचाना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। स्थानीय ग्रामीणों को सुगम तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलें, सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी की भी लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सबकी जवाबदेही तय की जाएगी। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और उन्हें और अधिक सुलभ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। इसके अलावा उपायुक्त ने सदर अस्पताल समेत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक उपचार केंद्र, हेल्थ सब सेंटर समेत सभी अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है ताकि आमजनों को स्वास्थ्य संबंधित परेशानी न हो। साथ सभी अस्पतालों में साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि बरसात के दिनों में अस्पतालों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराएं। साथ ही अस्पताल में आने वाले मरीजों को बरसात में होने वाली बीमारियों से बचने के उपाय से भी अवगत कराया जाए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया है, जिससे कि आमजनों को स्वास्थ संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी हो और लोग इसका लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने कहा कि कुछ दिन पूर्व स्थानीय मीडिया और एक्स ( ) से प्राप्त डुमरी प्रखंड के कुसुमाकुरा गांव में डायरिया से जुड़ी मामले सामने आए थे, जिसे त्वरित संज्ञान में लेते हुए सिविल सर्जन एवं संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक जांच के निर्देश दिए गए थे। साथ ही साथ सभी संक्रमित मरीजों का बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया गया था, जिसके आलोक में सभी मरीज का समुचित इलाज कर उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके साथ ही कुसुमाकुरा गांव में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच की जा रही है एवं बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से बचाव के बारे में बताया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा मौके पर उपस्थित होकर सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

# कैबिनेट ने रोजगार प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को दी मंजूरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने एक महत्वाकांक्षी योजना ईएलआई (रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना) को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है। विशेष रूप से यह योजना विनिर्माण क्षेत्र और पहली बार नौकरी करने वाले युवाओं पर केंद्रित है। इसके तहत पहली बार काम करने वालों को एक महीने के वेतन (अधिकतम ?15,000) की राशि दो किस्तों में दी जाएगी। साथ ही, नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार देने पर प्रति कर्मचारी ?3,000 प्रति माह तक की सहायता दो वर्षों तक दी जाएगी। योजना का कुल बजट परिव्यय ?99,446 करोड़ है और इसका लक्ष्य 2025 से 2027 के बीच 3.5 करोड़ से अधिक नई नौकरियों का सृजन करना है। योजना के तहत ईपीएफओ पंजीकृत कर्मचारियों और प्रतिष्ठानों को डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। सरकार को उम्मीद है कि इस पहल से देश के श्रमबल का औपचारिकीकरण होगा और युवाओं को अधिक सामाजिक सुरक्षा के साथ स्थायी रोजगार के अवसर मिलेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है, जिसमें विशेष फोकस विनिर्माण क्षेत्र और पहली बार काम करने वाले युवाओं पर है। यह योजना 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक लागू रहेगी और कुल ?99,446 करोड़ के परिव्यय के साथ दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नई नौकरियां उत्पन्न करने का लक्ष्य रखती है। योजना में दो प्रमुख भाग हैं। भाग-अ के तहत ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को दो किस्तों में ?15,000 तक वेतन प्रोत्साहन मिलेगा। पहली किस्त एक माह की सेवा पूरी करने पर और दूसरी किस्त 12 माह की सेवा और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूर्ण करने के बाद दी जाएगी। भाग-इ नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करता है। जिन कर्मचारियों का ईपीएफ वेतन ?25,000 तक है, उनके लिए नियोक्ता को प्रति अतिरिक्त कर्मचारी ?3,000 प्रति माह तक का लाभ मिलेगा। यह प्रोत्साहन कम से कम 6 माह की निरंतर सेवा वाले कर्मचारियों पर लागू होगा। छोटे प्रतिष्ठानों (50 से कम कर्मचारी) के लिए 2 और बड़े प्रतिष्ठानों के लिए 3 अतिरिक्त कर्मचारियों की शर्त होगी। यह योजना न केवल रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगी, बल्कि कार्यबल का औपचारिकरण और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार भी सुनिश्चित करेगी। सरकार को उम्मीद है कि इससे युवाओं को स्थिर रोजगार और एक सुरक्षित भविष्य मिलेगा।

## योगी सरकार के नेम प्लेट लगाने के फरमान को सही बताया



**बरेली (एजेंसी)**। मुजफ्फरनगर सहित यूपी के हर जिले में कांवड़ यात्रा के मार्ग में पड़ने वाली दुकानों, रेस्टोरेंट और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने का फरमान जारी हुआ है। हालांकि, इसकी तस्दीक करने के लिए मुजफ्फरनगर में हिंदू संगठन काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इस पर विवाद हो रहा है। इस बीच बरेली के मौलाना तौकीर रजा ने भी मामले में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक ओर योगी सरकार के फैसले का समर्थन किया है। वहीं दूसरी ओर हुड़दंग मचाने वाले कावड़ियों को आतंकवादी कह दिया है। रजा ने कहा कि जिस प्रकार से मुसलमान दाढ़ी और टोपी रखते हैं, उस प्रकार से हिंदू तिलक नहीं लगाते हैं, सच्चे सनातनी हो, तब तिलक जरूर लगाओ और अपनी पहचान बताओ। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो नेम प्लेट का आदेश दिया है, वहां इस बात का समर्थन करते हैं, क्योंकि आस्था के मामले में किसी किस्म की छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए। बकौल तौकीर रजा ने कहा कि नेम प्लेट से शिनाख्त तक ठीक है, लेकिन पैंट उतरवाकर चेक करना ये जायज नहीं है। रजा ने कहा कि मेरा मानना है कि सरकार ने जो नेम प्लेट का आदेश जारी किया है, उसकी मंशा कुछ भी रही है, यकीनन मकसद सिर्फ नफरत फैलाने का ही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मुसलमान को अपनी पहचान भी नहीं छुपानी चाहिए। उन्हें अपनी दाढ़ी, टोपी और लिबास से दिखा देना चाहिए कि वह एक मुसलमान है और सच्चा हिंदुस्तानी है। तौकीर रजा ने कहा कि जब कोई ठाकुर साहब, किसी पंडित जी को खून की जरूरत पड़ती है, तब वह ब्लड बैंक से जो खून लेता है, उस पर कोई नेम प्लेट लगाने का काम क्यों नहीं होता है। पंडित/ठाकुर की रगों में किसी दूसरे का खून चढाया जाता है, तब इससे उसका धर्म भ्रष्ट नहीं होता है क्या। इसलिए ब्लड बैंक में बाकायदा हर बोतल पर नेम प्लेट होनी चाहिए, जैसे खाने-पीने की दुकान पर लगाई जा रही है।

## एक नजर

### नर्सिंग घोटाले में भ्रष्टाचारियों को बचाने में जुटी मोहन सरकार



**भोपाल (एजेंसी)**। मध्य प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने फिर मोहन यादव सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता सिंघार ने ट्वीट कर कहा कि बीजेपी का भ्रष्टाचार बचाओ अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल के चेयरमैन और सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है, क्योंकि उन्होंने जानबूझकर फर्जी कॉलेजों की फाइलें पेश नहीं कीं। सिंघार ने लिखा कि हाईकोर्ट ने सीबीआई को भी जांच की सारी फाइलें सौंपने का आदेश दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में फर्जी नर्सिंग कॉलेज खुले और बिना क्लास तथा बिना स्टाफ के अयोग्य लोगों को डिग्रियां बांटी गईं। सिंघार के अनुसार, उन्होंने सड़क से लेकर सदन तक लगातार नर्सिंग घोटाले पर सरकार से सवाल किए हैं लेकिन बीजेपी सरकार हर बार चुप रही है। महिला सुरक्षा पर भी उठाए सवाल नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने बीजेपी महिला मोर्चा के कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक छात्रा द्वारा सरकार पर सवाल उठाने का जिक्र किया। सिंघार ने लिखा कि छात्रा ने गंभीर मुद्दा उठाकर मोहन सरकार को घेरा कि महिलाओं की सुरक्षा, बलात्कार और छेड़छाड़ जैसे मामलों पर कभी गंभीर चर्चा नहीं होती और इससे जुड़ी बातें आखिर क्यों दबाई जाती हैं? सिंघार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस पर जवाब में कहा कि मध्य प्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जिसने महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों में फांसी की सजा का प्रावधान किया है, लेकिन यह बयान जमीनी सच्चाई से बिल्कुल अलग है। वहीं कांग्रेस नेता सिंघार ने कहा कि एनसीआरबी की पिछली रिपोर्ट और गृह विभाग के आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ वर्ष 2024 में मध्य प्रदेश में 7,250 बलात्कार के मामले दर्ज हुए हैं, यानी हर दिन औसतन 20 रेप हुए हैं।

### हाईकोर्ट ने डीजीपी शर्मा को सुनाया कोई भी आरोपी आपके आने का इंतजार नहीं करेगा



**जयपुर (एजेंसी)**। राजस्थान हाईकोर्ट ने लापता नाबालिगों के मामलों में राजस्थान पुलिस के मौजूदा तरीकों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है, और विशेष रूप से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव शर्मा से आधुनिकीकरण का आग्रह किया है। कोर्ट ने पुरानी तकनीकों के इस्तेमाल, अंतर-राज्यीय समन्वय में कमी और डीएनए रिकॉर्ड तथा एआई जैसी आधुनिक तकनीकों के अभाव पर चिंता जाहिर की है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि पुलिस अभी भी पुराने तरीकों पर काम कर रही है। उनका मानना है कि पुलिस का यह बहाना कि मोबाइल बंद होने की वजह से वे नाबालिगों को ट्रेस नहीं कर पा रहे हैं, अब मान्य नहीं है। कोर्ट ने पुलिस को मोबाइल ट्रैकिंग से इतर भी नई तकनीकों पर काम करने का आग्रह किया है। दरअसल रामगंज थाना क्षेत्र के एक मामले का ज़िक्र करते हुए, जहाँ 6 फरवरी से एक नाबालिग लापता है, कोर्ट ने तत्काल कार्रवाई पर जोर दिया। यदि किसी नाबालिग की लोकेशन किसी अन्य राज्य में मिलती है, तब राजस्थान से अधिकारी भेजने के बजाय, लोकल पुलिस अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर आरोपी को हिरासत में लेने की कार्रवाई करनी चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीजीपी शर्मा के सामने स्पष्ट किया, कोई भी आरोपी आपके आने का इंतजार नहीं करेगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस के पास डीएनए रिकॉर्ड की अनुपलब्धता पर भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने 2 साल के बच्चे के गायब होने का उदाहरण दिया, जहाँ छह साल बाद भी पुलिस स्केच बनाने में असमर्थ थी। कोर्ट ने पुरजोर सिफारिश की है कि पुलिस को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करना चाहिए, जिससे इसतरह के मामलों में काफी सुविधा मिलेगी।

### पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ियों को भारत में घुसने नहीं देंगे मौलाना शहाबुद्दीन रजवी



**बरेली (एजेंसी)**। आगामी अगस्त और सितंबर माह में बिहार में होने वाले एशिया हॉकी कप में पाकिस्तान की टीम को बुलाने का विरोध शुरू हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इसका विरोध किया है। मौलाना बरेलवी ने कहा है कि खेल मंत्रालय ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों को बुलाने का जो फैसला किया है, उस पर पुनर्विचार करना चाहिए। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि यह खिलाड़ी भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान से आ रहे हैं, जिसने पहलगाम में बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान में जंग हुई। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उसके तहत पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। उस वक्त यही पाकिस्तान के खिलाड़ी, कलाकार, लेखक भारत के खिलाफ जहर उगल रहे थे। ऐसी सूरते हाल में पाकिस्तान के खिलाड़ियों को कैसे कबूल कर लें। इन खिलाड़ियों को भारत किसी भी सूरत में नहीं आने देना चाहिए। मौलाना ने एलान करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान से खिलाड़ी भारत आए तो इनको बिहार की सरजमीं पर खेलने नहीं दिया जाएगा। पूरे भारत में मुसलमानों के साथ-साथ अन्य दूसरे समुदायों को साथ में लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

### अभिनेता से राजनेता बने विजय ने बीजेपी से गठबंधन पर किया इंकार



**चेन्नई (एजेंसी)**। अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने उन्हें 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। टीवीके की बैठक में विजय ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी। अभिनेता ने कहा कि उनके और उनकी पार्टी के विचार बीजेपी से मेल नहीं खाते। विजय ने बीजेपी से हाथ मिलाने की संभावना को खारिज कर कहा, भगवा पार्टी अन्य जगहों पर जहर के बीज बो सकती है, लेकिन तमिलनाडु में ऐसा नहीं कर सकती है। उन्होंने जोर दिया कि आप अन्ना और पेरियार का विरोध या अपमान करके तमिलनाडु में जीत नहीं सकते। उन्होंने कहा कि टीवीके, डीएमके या एआईएडीएमके जैसी नहीं है जो बीजेपी से हाथ मिला ले और उनकी पार्टी हमेशा डीएमके और बीजेपी दोनों का विरोध करेगी। पार्टी ने चुनाव से पहले गठबंधन पर फैसला लेने के लिए विजय को पूरी शक्ति सौंपी है। टीवीके ने राज्य में दो करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। विजय इस साल सितंबर से दिसंबर तक तमिलनाडु का राज्यव्यापी दौरा करने वाले है। पार्टी का दूसरा राज्य सम्मेलन अगस्त में आयोजित होगा।

## बारिश में पुलिया पार करते समय बहने से मौत



**भीलवाड़ा (एजेंसी)**। राजस्थान में लगातार हो रही बारिश के बीच भीलवाड़ा जिले से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। चोहली गांव के पास बनास नदी पार करने की कोशिश में एक 60 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान खाखुदा गांव निवासी शंकर लाल के रूप में हुई है। यह घटना तब हुई जब शंकर लाल चोहली से रामगढ़ की ओर जा रहे थे और उन्होंने नदी के पुलिया को पैदल पार करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि बनास नदी की पुलिया पर करीब चार फीट तक पानी बह रहा था। वहां मौजूद लोगों ने शंकर लाल को रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने चेतावनियों को नहीं माना। जैसे ही वे पुलिया पर चढ़े, तेज बहाव में उनका संतुलन बिगड़ा और पानी में बह गए। वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि वह बहते-बहते एक पेड़ को पकड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन कुछ ही पलों में तेज धारा उन्हें बहा ले जाती है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की मदद से बुजुर्ग का शव बरामद किया है। यह हादसा अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## मुंबई उपभोक्ता फोरम ने दुकानदार और बिस्किट कंपनी को लगाई फटकार




**मुंबई (एजेंसी)**। बिस्किट के टिन में लार्वा मिलने से एक नामचीन बिस्किट कंपनी और दुकानदार को भारी नुकसान हुआ है। इस मामले में शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मुंबई उपभोक्ता फोरम ने बिस्किट कंपनी और विक्रेता को शिकायतकर्ता को 1.5 लाख रुपए मुआवजा और केस खर्च के तौर पर 25 हजार रुपए देने का निर्देश दिया है। क्या है मामला 2019 में शिकायतकर्ता महिला ने चर्चगेट इलाके से एक बिस्किट का टिन खरीदा था। उसमें रखे बिस्किट खाने के बाद उसे उल्टी होने लगी। इस घटना के बाद उसने बिस्किट के टिन की जांच महानगरपालिका की प्रयोगशाला में कराई। इस दौरान बिस्किट में लार्वा होने की बात सामने आई। महिला ने फरवरी 2019 में संबंधित बिस्किट कंपनी और संबंधित दुकानदार को कानूनी नोटिस भेजकर जवाब मांगा। लेकिन बिस्किट कंपनी और दुकानदार द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर महिला ने उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया। कंपनी और विक्रेता ने आरोपों से किया इनकार उपभोक्ता फोरम की सुनवाई में मशहूर बिस्किट कंपनी और दुकानदार ने सभी आरोपों से इनकार किया। बिस्किट कंपनी ने दावा किया, हम अपने सभी उत्पादों के निर्माण में सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हैं। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में बिस्किट का कवर या उत्पाद संख्या नहीं दी है। इसके अलावा हमें ऐसी कोई अन्य शिकायत नहीं मिली है। इसलिए इस आरोप में कोई सच्चाई नहीं है। दुकानदार ने भी दावा किया, मैं कंपनी का केवल सीलबंद उत्पाद ही बेचता हूं। इसलिए मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। उपभोक्ता फोरम का फैसलालंबी सुनवाई के बाद हाल ही में मुंबई उपभोक्ता फोरम ने इस मामले में शिकायतकर्ता महिला के पक्ष में फैसला सुनाया। फोरम ने कहा, खाद्य सुरक्षा नियम 2006 के अनुसार उपभोक्ता का दावा सही है। निमार्ता और विक्रेता यह साबित नहीं कर पाए कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। शिकायतकर्ता ने अपने आरोपों को साबित करने के लिए प्रयोगशाला से वैज्ञानिक रिपोर्ट पेश की है। इसमें साबित हो चुका है कि बिस्किट में लार्वा था। कंपनी और विक्रेता ने इन आरोपों से इनकार करते हुए ऐसा कोई सबूत नहीं दिया है। इसलिए शिकायतकर्ता मुआवजे की हकदार है। इस दौरान उसे काफी शारीरिक और मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी है। इसलिए, कंपनी और विक्रेता को शिकायतकर्ता को मुआवजे के रूप में 1.5 लाख रुपये और मुकदमा खर्च के रूप में 25 हजार रुपये का भुगतान करना चाहिए।

## कृषि और ऑटो सेक्टर को लेकर भारत समझौते के मूड में नहीं, अमेरिका से लौटा भारतीय दल



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका गई भारतीय टीम दिल्ली लौट चुकी है। इस टीम का नेतृत्व वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और मुख्य वातार्कार राजेश अग्रवाल कर रहे थे। भारतीय दल ने 26 जून से 2 जुलाई तक वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों के साथ व्यापारिक बातचीत का एक और अहम दौर पूरा किया, लेकिन कुछ बड़े मुद्दों पर सहमति न बन पाने के कारण बातचीत को अभी जारी रखने पर सहमति बनी है। दरअसल सरकार के सूत्रों ने बताया कि वार्ता में कृषि (एग्रीकल्चर) और ऑटो सेक्टर को लेकर गंभीर मतभेद बने हुए हैं। भारत ने इन क्षेत्रों में टैरिफ रियायतें देने से साफ इंकार किया है। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, यह दोनों सेक्टर भारत के लिए रणनीतिक रूप से संवेदनशील हैं और यहां जल्दबाजी में कोई भी समझौता घरेलू उत्पादकों को संकट में डाल सकती है। भारत ने अमेरिकी मांगों को लेकर अपना रुख सख्त कर लिया है और डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) को भी संदेश भेजा है कि अमेरिका द्वारा ऑटोमोबाइल पर 25 प्रतिशत टैरिफ बढ़ाने के खिलाफ वह जवाबी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। वहीं अमेरिका चाहता है कि भारत टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रिक वाहन, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पाद, सेब, ट्री नट्स और जीएस फसलों और डेयरी उत्पादों पर शुल्क रियायतें दे। अमेरिकी प्रशासन इस व्यापार समझौते को ह्लमार्केट ओपनिंगह्व के रूप में देख रहा है। वहीं भारत, अमेरिका के साथ प्रस्तावित समझौते के तहत अमेरिका से निम्नलिखित सेक्टरों में टैरिफ रियायतें चाहता है। भारत चाहता हैं कि कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा उत्पाद, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन अंगूर और केला भारत का जोर निर्यात को बढ़ावा देने और घरेलू उद्योग को सुरक्षा देने पर है। यह चर्चा तब हो रही है, जब डोनाल्ड ट्रंप सरकार की टैरिफ डेडलाइन 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि भारत जल्दी ही बड़े पैमाने पर टैरिफ कटौती करेगा, जिससे अमेरिका को फायदा होगा। हालांकि भारत की सख्त प्रतिक्रिया यह संकेत देती है कि वह किसी दबाव में समझौता नहीं करेगा। अगर इन संवेदनशील मुद्दों पर सहमति नहीं बनती, तब मिनी ट्रेड डील की संभावना बन सकती है। इसमें विवादित क्षेत्रों को छोड़कर बाकी सेक्टरों पर आंशिक समझौता हो सकता है, ताकि बातचीत की प्रक्रिया पूरी तरह बाधित न हो। कारोबार विशेषज्ञों का मानना है कि इस डील का स्वरूप भले ही सीमित हो, लेकिन इससे दोनों देशों के बीच भरोसे और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिल सकती है।

## सनी कम्युनिकेशन सेंटर के मालिक सनी के घर पर एनआईए की रेड



**धर्मशाला (एजेंसी)**। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के नौरोजी रोड स्थित वार्ड नंबर-4 में शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने रेड की। मैकलोडगंज के टैम्पल रोड पर स्थित सनी कम्युनिकेशन सेंटर के मालिक सनी के बैंक खातों और दस्तावेजों की जांच हो रही है। सनी, मकलोडगंज में रहता है। वहां सनी कम्युनिकेशन सेंटर चलाता है और मास्को निवासी विदेशी महिला क्रिस्टिन से शादी कर चुका है, जो लंबे समय से भारत में रह रही है। सूत्रों के अनुसार, क्रिस्टिन पहले बॉर्डर क्रॉसिंग जैसे अवैध कार्यों में शामिल रही है। जानकारी के मुताबिक, बीते कई दिनों से खुफिया एजेंसी सनी पर नजर रख रही थी। एनआईए की टीम चंडीगढ़ से सुबह करीब 4 बजे धर्मशाला पहुंची। जांच टीम में 10 से 12 अधिकारी शामिल हैं। फिलहाल जांच जारी है और अधिकारी मामले को लेकर अभी तक कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, सनी की पत्नी क्रिस्टिन मास्को (रूस) की निवासी है और पहले बॉर्डर पार करवाने जैसे संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रही है। जांच में सामने आया है कि हाल ही में यह दंपती करीब 10 से 11 लाख अमेरिकी डॉलर लेकर भारत लौटे हैं। लौटने के कुछ ही समय में सनी ने धर्मशाला के आसपास तीन अलग-अलग स्थानों पर जमीनें खरीदीं और इसी महीने की दो मई को मकलोडगंज में एक बड़ी मोबाइल और संचार उपकरणों की दुकान भी शुरू की।

## लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप मामले में पुलिस ने क्राइम सीन रीक्रिएट किया

**कोलकाता (एजेंसी)**। कोलकाता पुलिस ने लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप की जांच के सिलसिले में क्राइम सीन रीक्रिएट किया। पुलिस गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के साथ लॉ कॉलेज पहुंची थी। तीनों मुख्य आरोपियों मोनोजीत मिश्रा, मौजूदा स्टूडेंट प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को सुबह करीब 4.30 बजे कॉलेज ले जाया गया। क्राइम सीन रीक्रिएट करने की प्रक्रिया को पूरा करने में पुलिस को करीब चार घंटे लगे। इसके बाद सभी को पुलिस स्टेशन वापस लाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जो नतीजे मिले हैं, उससे अब महिला के आरोपों से जांच की जाएगी और बाकी सबूतों से पुष्टि की जाएगी। मामले की जांच फिलहाल कोलकाता पुलिस का डिटेक्टिव डिपार्टमेंट कर रहा है। घटना 25 जून को राजधानी के कस्बा क्षेत्र में साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई। 5 दिन बाद, 30 जून को कोलकाता पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को 12 घंटे से भी कम समय में गिरफ्तार किया था। उधर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि छात्र चुनाव होने तक इन कमरों में ताला मार दो।

## बिहार में प्राचार्यों की नियुक्ति के लिए लॉटरी व्यवस्था की मायावती ने की निंदा, केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग



**लखनऊ (एजेंसी)**। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो एवं उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पटना विश्वविद्यालय के पांच कॉलेजों में लॉटरी के जरिए प्राचार्यों की नियुक्ति किए जाने की निंदा करते हुए केंद्र सरकार से इस विकृत प्रयोगका संज्ञान लेकर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्व पर एक लंबी पोस्ट में बिहार में लॉटरी के जरिए प्राचार्यों की नियुक्ति किये जाने की आलोचना की। बसपा नेत्री ने कहा, बिहार के प्रसिद्ध पटना विश्वविद्यालय के पांच प्रतिष्ठित कालेजों में लाटरी की नयी व्यवस्था के तहत प्रिन्सिपलों की नियुक्ति का मामला दिलचस्प होने के कारण देश भर, खासकर मीडिया व शिक्षा जगत में काफी चचार्ओं में है। उन्होंने कहा, स्थापित परम्परा से हटकर लाटरी के जरिए नियुक्ति की विचित्र व्यवस्था लागू करने के कारण केवल कला (आर्ट्स) विषयों की पढ़ाई वाले 1863 में स्थापित पटना कॉलेज में कैमिस्ट्री के प्राध्यापक प्रोफेसर अनिल कुमार प्राचार्य बन गये हैं। उन्होंने दावा किया, बिहार विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान की प्राचार्य प्रोफेसर अल्का यादव, विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए प्रख्यात पटना साइन्स कॉलेज की नयी प्रिन्सिपल नियुक्त हुयी हैं। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी प्रकार की नियुक्ति वाणिज्य महाविद्यालय में भी हुई है जहां पहली बार कला संकाय की महिला प्राध्यापक डॉ. सुहेली मेहता प्राचार्य बन गई, हालांकि उनके विषय की पढ़ाई यहां इस कालेज में नहीं होती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्यसाथ ही, महिला शिक्षा जगत में प्रसिद्ध मगध महिला कॉलेज को लम्बे इतिहास में दूसरी बार पुरुष प्रिन्सिपल मिले हैं। प्रोफेसर एन. पी. वर्मा यहां के नये प्राचार्य होंगे जबकि प्रोफेसर योगेन्द्र कुमार वर्मा की लॉटरी पटना लॉ कालेज के प्रिन्सिपल के रूप में निकली है। बसपा प्रमुख ने कहा, इसको लेकर लोगों में उत्सुकता है कि पारदर्शिता व तटस्थता के नाम पर बिहार सरकार व वहां के चांसलर (कुलाधिपति) द्वारा इस प्रकार लॉटरी के माध्यम से की गयी प्रिन्सिपल की नियुक्तियों को सही ठहराकर क्या इस व्यवस्था को भाजपा-शासित अन्य राज्यों में भी लागू किया जाएगा बसपा नेत्री मायावती ने इस प्रयोग को उच्च शिक्षा व्यवस्था में खराबी है।

## एक नजर

### लंबी गिरावट के बाद स्प्राइट एग्रो के शेयर में दो दिनों से लग रहा अपर सर्किट

**मुंबई (एजेंसी)।** एक समय निवेशकों को करोड़पति बनाने वाला स्प्राइट एग्रो का शेयर अब फिर से चर्चा में है। एक लंबी गिरावट के बाद इस शेयर में बीते दो दिनों से 5-5 फीसदी अपर सर्किट लग रहे हैं। गुरुवार को यह शेयर 3.25 रुपए पर बंद हुआ। शुक्रवार को भी इस शेयर में अपर सर्किट लगा है। कंपनी ने हाल ही में एक्सचेंज को जानकारी दी कि उसने 102 करोड़ का एग्री कमोडिटी ऑर्डर पूरा कर लिया है। इससे पहले भी कंपनी कुल 299 करोड़ मूल्य के ऑर्डर पूरे कर चुकी है। इन खबरों से निवेशकों का कुछ भरोसा फिर लौटता नजर आ रहा है। स्प्राइट एग्रो के शेयर ने एक साल में निवेशकों को करोड़पति बना दिया था। 18 अगस्त 2023 को यह शेयर महज 0.33 पर था। ठीक एक साल बाद 9 अगस्त 2024 को यह 44.66 तक पहुंच गया। इस दौरान इसने निवेशकों को 13,435 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया। अगस्त 2024 के बाद शेयर में जबरदस्त गिरावट शुरू हो गई। 1 जुलाई 2025 को यह गिरकर 2.93 पर पहुंच गया था यानी ऑल टाइम हाई से अब तक यह शेयर 90 फीसदी से ज्यादा गिर चुका है।

### एसबीआई ने आरकॉम का लोन अकाउंट फ्रॉड घोषित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के लोन खाते को फ्रॉड बता दिया है। यह फैसला हाल ही में बैंक की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन कमेटी की रिपोर्ट के बाद लिया गया। एसबीआई का आरोप है कि कंपनी ने लोन की राशि का दुरुपयोग किया और फंड को रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड (आरटीएल) और समूह की अन्य कंपनियों में डायवर्ट किया गया। साथ ही कंपनी ने लोन की शर्तों का भी उल्लंघन किया। बैंक अब आरकॉम के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया में है, जिससे उनकी अन्य वित्तीय गतिविधियों पर प्रभाव पड़ सकता है। इस घटनाक्रम से टेलीकॉम सेक्टर में एक नई कंट्रोवर्सी शुरू हो गई है। वहीं अनिल अंबानी ने एसबीआई को पत्र लिखकर इस निर्णय पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक ने यह फैसला बिना किसी ठोस सबूत और उचित प्रक्रिया के लिया है। उनके अनुसार, उन्हें या कंपनी को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया, जो न्यायसंगत प्रक्रिया का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट, बॉम्बे हाईकोर्ट और आरबीआई के दिशा-निदेशों की अनदेखी की है।

### भारत-अमेरिका के बीच मिनी ट्रेड डील की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अमेरिका के बीच 9 जुलाई से पहले एक मिनी ट्रेड डील की घोषणा की जा सकती है। यह डील दोनों देशों के बीच प्रस्तावित 43 लाख करोड़ रुपए के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में पहला कदम मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डील को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बन चुकी है, हालांकि सभी शर्तों का खुलासा अभी संभव नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने अमेरिका को अपने कृषि क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अमेरिका लंबे समय से भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए बाजार की मांग कर रहा था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया। भारत का तर्क है कि देश की 60 फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर है, इसलिए इस क्षेत्र को विदेशी हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना जरूरी है। अमेरिका ने भी फिलहाल इस मुद्दे पर दबाव न डालने का फैसला किया है। दूसरी ओर, भारत ने अमेरिका से एनर्जी और डिफेंस उत्पादों की खरीद शुरू कर दी है ताकि व्यापार संतुलन बना रहे। साथ ही भारत सरकार ने अमेरिकी मोटरसाइकिल और व्हिस्की पर आयात शुल्क कम करने की भी घोषणा की है। जानकारों का मानना है कि इस मिनी डील के बाद आने वाले तीन वर्षों में भारत-अमेरिका व्यापार में वास्तविक बदलाव दिखने लगेंगे। यह समझौता दोनों देशों के लिए रणनीतिक दृष्टि से अहम है और इसके जरिए वैश्विक व्यापार में एक नया समीकरण बन सकता है।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज 15 से अधिक प्रोडक्ट्स को मिलाकर नई कंपनी तैयार करेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने एफएमसीजी कारोबार को नए सिरे से संगठित करने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपने लोकप्रिय उपभोक्ता ब्रांड्स जैसे कैंपा कोला, इंडिपेंडेंस और अन्य 15 से अधिक प्रोडक्ट्स को मिलाकर एक नई इकाई झ न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड (एनआरसीएल) बनाने पर विचार कर रही है। यह कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड से अलग होकर सीधे रिलायंस इंडस्ट्रीज के अंतर्गत काम करेगी, ठीक उसी तरह जैसे जियो संचालित होती है। इस कदम का उद्देश्य एफएमसीजी सेगमेंट पर विशेष ध्यान केंद्रित करना और उन निवेशकों को आकर्षित करना है, जो इस सेक्टर में दिलचस्पी रखते हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स की मौजूदा वैल्यूएशन 8.5 लाख करोड़ से अधिक है और यदि एनआरसीएल का आईपीओ लॉन्च होता है, तो यह भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गमों में से एक बन सकता है। एनआरसीएल का बिजनेस मॉडल आक्रामक होगा। कंपनी अपने प्रोडक्ट्स को स्थापित ब्रांड्स जैसे कोका-कोला और हिंदुस्तान यूनिलीवर की तुलना में 20झ40 फीसदी कम कीमत पर बेचेगी। साथ ही रिटेलर्स को अधिक मार्जिन प्रदान कर तेज वितरण नेटवर्क खड़ा करेगी। हाल ही में एनसीएलटी से इस रीस्ट्रक्चरिंग को मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम रिलायंस को टाटा, आईटीसी और रेमंड जैसी कंपनियों की रणनीति की राह पर आगे बढ़ने में मदद करेगा, जिन्होंने अपने विभिन्न बिजनेस यूनिट्स को अलग-अलग लिस्ट कर उनकी वास्तविक वैल्यू सामने लाई है। इस रणनीति से रिलायंस के उपभोक्ता ब्रांड्स को नया विस्तार मिलेगा और कंपनी को नए विकास पथ पर ले जाया जा सकेगा।

### चीन से आयात पर निर्भरता घटाने केमिकल फंड की जरूरत: नीति आयोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रसायन के क्षेत्र में भारत की आयात पर बहुत अधिक निर्भरता पर रोक लगाने के लिए नीति आयोग ने वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए 8 प्रमुख बंदरगाह आधारित क्लस्टर बनाने, रसायन क्षेत्र में सहायता के लिए एक केमिकल फंड बनाने और विभिन्न सब्सिडी देने का सुझाव दिया है। भारत रसायनों का प्रमुख निर्यातक है, लेकिन भारी आयात पर भी निर्भर है। केंद्र के नीति से जुड़े थिंक टैंक के मुताबिक इसकी वजह से 2023 में इस सेक्टर में 31 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ है। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत की केमिकल जीवीसी में मौजूदा हिस्सेदारी अभी 3.5 प्रतिशत है। भारत के करीब 34 प्रतिशत रसायनों का आयात चीन से होता है, जिसका कुल व्यापार घाटा 29 अरब डॉलर है। नीति आयोग ने कहा कि राजकोषीय और गैर-राजकोषीय हस्तक्षेपों की एक व्यापक श्रृंखला वाले लक्षित सुधारों से भारत को 1 लाख करोड़ डॉलर का रासायनिक क्षेत्र बनाने और 2040 तक जीवीसी में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे वह एक वैश्विक रासायनिक महाशक्ति बन जाएगा। इसमें उम्मीद जताई गई है कि 2030 तक भारत का रसायन के क्षेत्र व्यापार घाटा शून्य हो जाएगा। नीति आयोग के मुख्य कार्याधिकारी और पूर्व वाणिज्य सचिव बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि दुनिया की आर्थिक और भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत इस समय आदर्श स्थिति में है। भारत अच्छी स्थिति में है। हम बिल्कुल सही जगह पर हैं।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

**मुंबई (एजेंसी)।**



भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। आज सुबह बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई पर बीच में उसमें गिरावट आने लगी हालांकि अंत में खरीदीदारी से बाजार में उछाल आया और ये हरे निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 193.42 अंक बढ़कर 83,432.89 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 55.70 अंकों के उछाल के साथ ही 25,461.00 अंकों पर बंद हुआ।

आज सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए, जबकि बाकी की 10 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी की 50 में से 31 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ उछला के साथ बंद हुए। वहीं 19 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 1.60 फीसदी ऊपर आये जबकि टाटा ग्रुप के ट्रेंट के शेयर आज सबसे ज्यादा 11.93 फीसदी गिरे। सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज इंफोसिस के शेयर 1.38 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.19फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 1.14 फीसदी, एचसीएल टेक 0.92 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.81 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.68 फीसदी, एसबीआई 0.59 फीसदी, टीसीएस 0.57 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.56 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.50 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.38 फीसदी, एलएंडटी 0.35 फीसदी, बीईएल 0.33 फीसदी, एनटीपीसी 0.21 फीसदी, टाइटन 0.17 फीसदी बढ़कर बंद हुए। वहीं टाटा स्टील के शेयरों में 1.72 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.13 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.87 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.42 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.34 फीसदी, आईटीसी 0.24 फीसदी के अलावा टाटा मोटर्स के शेयरों में 0.21 फीसदी की गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह बाजार में हल्की तेजी रही है। सेंसेक्स 67 अंकों की बढ़त के साथ 83,307 के स्तर पर कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 13 अंकों की तेजी के साथ 25,418 पर पहुंच गया। आज सुबह बैंकिंग, मेटल और रियल्टी शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों की नजर इस खबर पर थी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा 9 जुलाई से लागू किए जाने वाले टैरिफ से राहत मिल सकती है।

### सोने में हल्की तेजी, चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरूआत शुक्रवार को सुस्ती के साथ हुई। लेकिन बाद में सोने के भाव सुधर गए। सोने के भाव 96,800 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,07,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरूआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 47 रुपये की गिरावट के साथ 96,735 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,782 रुपये था। इस समय यह 52 रुपये की तेजी के साथ 96,834 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 96,840 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,735 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 400 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,836 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,236 रुपये था। इस समय यह 316 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,920 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,07,920 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,07,836 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरमी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,335 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,342.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,338.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.05 डॉलर के भाव पर खुले।

## सेबी ने जाने स्ट्रीट पर लगाया हेराफेरी का आरोप

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अमेरिका की ट्रेडिंग फर्म जाने स्ट्रीट को भारतीय शेयर बाजार में ट्रेडिंग से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी का आरोप है कि यह फर्म बाजार में हेराफेरी कर गैरकानूनी तरीके से मुनाफा कमा रही थी। सेबी ने एक अंतरिम आदेश में जाने स्ट्रीट को 4,844 करोड़ रुपये की अवैध कमाई लौटाने का भी निर्देश दिया है। सेबी के एक पूर्णकालिक सदस्य ने 105 पेज के आदेश में लिखा है कि इस मामले के तथ्यों को देखते हुए तत्काल रोक के आदेश जरूरी हैं। जब तक जांच पूरी नहीं होती और उससे जुड़े मामले निपट नहीं जाते, सभी एक्सचेंजों को जेएस ग्रुप की सभी गतिविधियों पर लगातार नजर रखनी होगी, ताकि यह फर्म भविष्य में हेराफेरी न कर सके। सेबी के मुताबिक जाने स्ट्रीट का तरीका कुछ इस तरह था कि कंपनी पहले ऑप्शंस सेगमेंट में आक्रामक पोजिशन बनाती थी और फिर शेयर बाजार में बड़ी खरीदारी करके दाम को प्रभावित करती थी। खासकर साप्ताहिक इंडेक्स ऑप्शन की एक्सपायरी वाले दिनों में, जब कैश और फ्यूचर्स सेगमेंट में ट्रेडिंग कम होती है, उस वक्त यह कंपनी भारी ट्रेडिंग करके इंडेक्स को अपनी दिशा में मोड़ देती थी और ऑप्शंस में मोटा मुनाफा कमाती थी। जांच में पाया गया कि कंपनी ने बैंक निफटी के 12 स्टॉक्स और उनके फ्यूचर्स में भारी खरीदारी की, जिससे इन शेयरों के दाम ऊपर गए और कंपनी ने ऑप्शंस में बड़ी पोजिशन बनाकर मोटा फायदा उठाया। सेबी के अनुसार जाने स्ट्रीट ने बैंक निफ्टी से जुड़े शेयरों में असामान्य रूप से अधिक संख्या में बाय ऑर्डर दिए।

## एसएमपीपी को भारतीय सेना ने दिया 300 करोड़ का ठेका

**मुंबई (एजेंसी)।** रक्षा उपकरण विनिमार्ता कंपनी एसएमपीपी को भारतीय सेना से 300 करोड़ रुपये के दो ठेके हासिल हुए हैं। एसएमपीपी ने कहा कि हासिल किए गए इस ठेके से कंपनी आपात प्रावधान के तहत भारतीय सेना को बुलेटप्रूफ जैकेट और उन्नत बैलिस्टिक हेलमेट की आपूर्ति करेगी। एसएमपीपी भारतीय सेना को 27,700 बुलेटप्रूफ जैकेट और 11,700 उन्नत बैलिस्टिक हेलमेट की आपूर्ति करेगी। एसएमपीपी के एक अधिकारी ने कहा कि एसएमपीपी भारत में व्यक्तिगत सुरक्षा बाजार में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ आगे रहा है, जो अनुसंधान एवं विकास पर इसके अत्यधिक ध्यान से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने पहले ही 17 से अधिक पेटेंट दाखिल किए हैं और 10 पेटेंट दिए जा चुके हैं। एसएमपीपी रक्षा उपकरणों का स्वदेशी विनिमार्ता है।


## समाहरणालय, गोड्डा (जिला भू–अर्जन शाखा)

**प्रपत्र VII अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

संख्या– 11/2020-21 (पथ) **1573**/भू0अ0 गोड्डा दिनांक :– **01.07.2025**

चूँकि उपायुक्त, गोड्डा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **तलझारी–पोड़ैयाहाट–डाण्डे मोड़ PWD पथ का 2 लेन पुर्ननिमार्ण कार्य(कुल लम्बाई– 31.00 कि0मी0) पथ निर्माण हेतु मौजा– दुरपत सीट नं0– 01, थाना नं0– 66, अंचल– पोड़ैयाहाट**, जिला– गोड्डा में कुल– **1.913** एकड़ यानि ...... हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **1.913** एकड़ यानि ...... हेक्टेयर है और जो **मौजा– दुरपत सीट नं0– 01, थाना नं0– 66, अंचल– पोड़ैयाहाट**, जिला– गोड्डा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हिस्से की भूमि का रकबा (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उत्तर | दक्षिण | पूरब | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 12 | 421 | निजी | धानी–I | 0.058 | 0.1175 | मो0 शंभा, पति– रघुनंदन मिरधा | पथ | 423 | 420 | 170 |
| 2 | | 420 | निजी | धनी–II | 0.047 | 0.03917 | मो0 आरूनी पति– स्व0 भागीरथ मिरधा | पथ | 424 | 418 | 421 |
| 3 | | 418 | निजी | धनी–II | 0.020 | 0.03917 | अविनाश यादव, पिता– गानेश्वर मिरधा | पथ | 417 | 411 | 420 |
| 4 | | 453 | निजी | मकान में सहन | 0.025 | 0.03916 | जयकान्त मिरधा, पिता– स्व0 रामेश्वर मिरधा | पथ | 513 | 454 | नाला |
| 5 | | 470 | निजी | बाड़ी–I | 0.012 | | | पथ | 508 | 471 | 468 |
| 6 | | 756 | निजी | बाड़ी–I | 0.021 | | | 765 | पथ | 754 | 754 |
| 7 | | 98 | निजी | धानी–III | 0.039 | | | 80 | पथ | 182 | 99 |
| 8 | | 99 | निजी | बाड़ी–II | 0.013 | | | 98 | पथ | 98 | 100 |
| 9 | 14 | 679 | निजी | बाड़ी–I | 0.121 | 0.0242 | निरानंद मंडल पिता– कोदनारायण मंडल | 680 | पथ | पथ | 688 |
| 10 | | | | | | 0.0242 | माधुरी देवी, पति– रामदेव मंडल(जिवित) | | | | |
| 11 | | | | | | 0.0242 | अजय मंडल, पिता– कोदनारायण मंडल | | | | |
| 12 | | | | | | 0.0242 | पुरूषोत्तम मंडल, पिता– कोदनारायण मंडल | | | | |
| 13 | | | | | | 0.0242 | संजीव मंडल, पिता– कोदनारायण मंडल | | | | |
| 14 | 16 | 451 | निजी | बाड़ी–I | 0.029 | 0.00579125 | मो0 ——, पति– स्व0 शांति राउत | पथ | नाला | 453 | पथ |
| 15 | | 388 | निजी | बाड़ी–I | 0.010 | 0.00579125 | शत्रु राउत, पिता– स्व0 सतो राउत | 389 | पथ | 381 | 405 |
| 16 | | 100 | निजी | धानी–III | 0.018 | 0.00579125 | मो0 ——, पति– स्व0 लुथरू राउत | 97 | पथ | 99 | 101 |
| 17 | | 101 | निजी | बाड़ी–II | 0.064 | 0.00579125 | मंडल राउत, पिता– स्व0 सतो राउत | 102 | पथ | 100 | नाला |
| 18 | | 102 | निजी | धानी–III | 0.018 | 0.023165 | मो0 साखो राउत पिता– स्व0 नरसिंह राउत | 94 | पथ | 101 | नाला |
| 19 | | | | | | 0.04634 | मो0 ——, पति– स्व0 शकर राउत | | | | |
| 20 | | | | | | 0.0115825 | करमन राउत, पिता– स्व0 झुपर राउत | | | | |
| 21 | | | | | | 0.0115825 | झालो राउत, पिता– स्व0 झुपर राउत | | | | |
| 22 | | | | | | 0.023165 | राजेश राउत, पिता– स्व0 मौजी राउत | | | | |
| 23 | 19 | 404 | निजी | बाड़ी–I | 0.008 | 0.001 | नरेश राउत, पिता– सहदेव राउत | 403 | पथ | 405 | 402 |
| 24 | | 402 | निजी | बाड़ी–I | 0.017 | 0.001 | सुरेश राउत, पिता– सहदेव राउत | 400 | पथ | 404 | 401 |
| 25 | | 401 | निजी | बाड़ी–I | 0.014 | 0.001 | दिवाकर राउत, पिता– सहदेव राउत | 400 | पथ | 402 | 342 |
| 26 | | 342 | निजी | बाड़ी–I | 0.021 | 0.003 | नकुल राउत, पिता– इश्वर राउत | 343 | पथ | 401 | 206 |
| 27 | | | | | | 0.003 | किशोरी राउत, पिता– इश्वर राउत | | | | |
| 28 | | | | | | 0.003 | जयकांत राउत, पिता– इश्वर राउत | | | | |
| 29 | | | | | | 0.003 | जनार्दन राउत, पिता– इश्वर राउत | | | | |
| 30 | | | | | | 0.005 | मो0 शोभा, पति– सरयु राउत | | | | |
| 31 | | | | | | 0.001666 | मो0 सुदामा, पति– स्व0 रामजीवन राउत | | | | |
| 32 | | | | | | 0.001666 | मो0 भीखी, पति– स्व0 रंजित राउत | | | | |
| 33 | | | | | | 0.001668 | कनन राउत, पिता– गरजू राउत | | | | |
| 34 | | | | | | 0.005 | गणेश राउत, पिता– नारायण राउत | | | | |
| 35 | | | | | | 0.00375 | होरील राउत, पिता– कमल राउत | | | | |
| 36 | | | | | | 0.00375 | शंकर राउत, पिता– कमल राउत | | | | |
| 37 | | | | | | 0.00375 | शिवजी राउत, पिता– भागवत राउत | | | | |
| 38 | | | | | | 0.00375 | नंददेव राउत, पिता– भागवत राउत | | | | |
| 39 | | | | | | 0.015 | मो0 सुदामा, पति– स्व0 कोचोल राउत | | | | |
| 40 | 21 | 697 | निजी | बाड़ी–I | 0.029 | 0.029 | गोरेलाल पंडा, पिता– घोलटन पंडा | 699 | पथ | 696 | पथ |
| 41 | 24 | 411 | निजी | धनी–II | 0.007 | 0.00175 | अंजु यादव, पत्नी लक्षीया देवी | पथ | 412 | 410 | 418 |
| 42 | | | | | | 0.00175 | मो0 मकुनी देवी, पति– स्व0 जगरनाथ मिरधा | | | | |
| 43 | | | | | | 0.00175 | मो0 बेचनी, पति– स्व0 हीरालाल मिरधा | | | | |
| 44 | | | | | | 0.00175 | मो0 होरनी, पति– स्व0 भगवान मिरधा | | | | |
| 45 | 25 | 475 | निजी | बाड़ी–I | 0.015 | 0.00375 | अंजु यादव, पत्नी लक्षीया देवी | पथ | 493 | 476 | 471 |
| 46 | | | | | | 0.00375 | मो0 मकुनी देवी, पति– स्व0 जगरनाथ मिरधा | | | | |
| 47 | | | | | | 0.00375 | मो0 बेचनी, पति– स्व0 हीरालाल मिरधा | | | | |
| 48 | | | | | | 0.00375 | मो0 होरनी, पति– स्व0 भगवान मिरधा | | | | |
| 49 | 30 | 197 | निजी | धानी–III | 0.025 | 0.03525 | सुकुमार गिरीह, पिता– हवीबी गिरीह | 193 | पथ | 198 | 198 |
| 50 | | 108 | निजी | धानी–III | 0.044 | 0.017625 | हलधर गिरीह, पिता– भेदो गिरीह | 107 | पथ | नाला | 109 |
| 51 | | 109 | निजी | बाड़ी–II | 0.047 | 0.00440625 | दशरथ गिरीह, पिता– हरिमुनि गिरीह | 105 | पथ | 108 | सीमा |
| 52 | | | | | | 0.00440625 | बाबुलाल गिरीह, पिता– हरिमुनि गिरीह | | | | |
| 53 | | | | | | 0.00440625 | जनार्दन गिरीह, पिता– हरिमुनि गिरीह | | | | |
| 54 | | | | | | 0.00440625 | प्रदीप गिरीह, पिता– हरिमुनि गिरीह | | | | |
| 55 | | | | | | 0.02275 | मो0 दुलारी, पति– जगदेव गिरीह | | | | |
| 56 | | | | | | 0.011375 | सुरेश गिरीह, पिता– मान्देव गिरीह | | | | |
| 57 | | | | | | 0.011375 | सौदागर गिरीह, पिता– वासुदेव गिरीह | | | | |
| 58 | 35 | 183 | निजी | धानी–III | 0.032 | 0.032 | जमाबंदी रैयत बदी मरीक के वारिशान। | 184 | पथ | 196 | 182 |
| 59 | 35 | 182 | निजी | धानी–III | 0.026 | 0.0065 | मो0 भदुली, पति– लुटन मरीक | 185 | पथ | 183 | 98 |
| 60 | | | | | | 0.0065 | उदो मरीक, पिता– सुलतान मरीक | | | | |
| 61 | | | | | | 0.0065 | मो0 मंगली पति– मुनु मरीक | | | | |
| 62 | | | | | | 0.00325 | करू मरीक, पिता– दुनु मरीक | | | | |
| 63 | | | | | | 0.001625 | कैलाश मरीक, पिता– समली मरीक | | | | |
| 64 | | | | | | 0.001625 | गोविन्द मरीक, पिता– समली मरीक | | | | |
| 65 | 41 | 479 | निजी | | 0.117 | 0.02925 | जागेश्वर राउत, पिता– स्व0 हरि राउत | पथ | 480 | 483 | पथ |
| 66 | | | | | | 0.02925 | मो0 अहिल्या, पति– स्व0 श्रीकांत यादव | | | | |
| 67 | | | | | | 0.0117 | शिवशंकर यादव, पिता– जागेश्वर यादव | | | | |
| 68 | | | | | | 0.0117 | लक्ष्मण यादव, पिता– जागेश्वर यादव | | | | |
| 69 | | | | | | 0.0117 | मो0 नीलम, पति– कपिल यादव | | | | |
| 70 | | | | | | 0.0117 | महेन्द्र प्रसाद, पिता– जागेश्वर राउत | | | | |
| 71 | | | | | | 0.0117 | सुरेश यादव, पिता– जागेश्वर राउत | | | | |
| 72 | 49 | 693 | निजी | बाड़ी–I | 0.090 | 0.045 | मो0 मुकुनिया, पति– भागीरथ | 691 | पथ | 689 | 394 |
| 73 | | | | | | 0.045 | बसन्ती देवी, पति– कान्हो राउत | | | | |
| 74 | 69 | 206 | निजी | धानी–III | 0.026 | 0.026 | बालदेव राय, पत्नी स्व0 माद्री देवी | 207 | पथ | 341 | 201 |
| 75 | | 201 | निजी | धानी–III | 0.023 | 0.007666 | कन्हाय गिरीह, पिता– अर्जुन गिरीह | 205 | पथ | 206 | 198 |
| 76 | | | | | | 0.007666 | घनश्याम गिरीह, पिता– अर्जुन गिरीह | | | | |
| 77 | | | | | | 0.007668 | शंकर गिरीह, पिता– अर्जुन गिरीह | | | | |
| 78 | | 760 | निजी | बाड़ी–I | 0.02 | 0.01766 | शिवम बघोत, पिता– धाना बघोत | 759 | पथ | 758 | 761 |
| 79 | | 761 | निजी | बाड़ी–II | 0.011 | 0.01766 | कटकी बघोत, पिता– धाना बघोत | 762 | पथ | 760 | 362 |
| 80 | | 198 | निजी | धानी–III | 0.016 | 0.003536 | उषा देवी, पिता– सरयु बघोत | 203 | पथ | 201 | 197 |
| 81 | | 196 | निजी | धानी–III | 0.059 | 0.003536 | सुनिता देवी, पिता– सरयु बघोत | 186 | पथ | 197 | 183 |
| 82 | 78 | | | | | 0.003536 | मिला देवी, पिता– सरयु बघोत | | | | |
| 83 | | | | | | 0.003536 | रेणु देवी, पिता– सरयु बघोत | | | | |
| 84 | | | | | | 0.003536 | मजु देवी, पिता– सरयु बघोत | | | | |
| 85 | | | | | | 0.01766 | देवन यादव, पिता– बालदेव बघोत | | | | |
| 86 | | | | | | 0.01766 | बिनोदी यादव, पिता– बालदेव बघोत | | | | |
| 87 | | | | | | 0.00884 | उमेश यादव, पिता– जीवन यादव | | | | |
| 88 | | | | | | 0.00884 | मदन यादव, पिता– जीवन यादव | | | | |
| 89 | 82 | 754 | निजी | बाड़ी–I | 0.025 | 0.0125 | महेश गिरी, पिता– विष्णु गिरी | 755 | पथ | 753 | 756 |
| 90 | | | | | | 0.0125 | मो0 मीरा देवी, पति– अभिराम गिरी | | | | |
| 91 | 86 | 487 | निजी | बाड़ी–I | 0.080 | 0.01333 | नंददेव राउत, पिता– मलोरी राउत | पथ | 488 | 677 | 484 |
| 92 | | | | | | 0.01333 | सहदेव राउत, पिता– मलोरी राउत | | | | |
| 93 | | | | | | 0.01334 | महेन्द्र राउत, पिता– मलोरी राउत | | | | |
| 94 | | | | | | 0.020 | मो0 सोनिया, पति– मंगल राउत | | | | |
| 95 | | | | | | 0.010 | जगदीश राउत, पिता– बुधवा राउत | | | | |
| 96 | | | | | | 0.010 | नरेश राउत, पिता– बुधवा राउत | | | | |
| 97 | 106 | 757 | निजी | बाड़ी–I | 0.011 | 0.001375 | खीरो पातर, पिता– लक्ष्मण पातर | 759 | पथ | 756 | 760 |
| 98 | | | | | | 0.001375 | त्रिवेणी पातर, पिता– लक्ष्मण पातर | | | | |
| 99 | | | | | | 0.00825 | जमाबंदी रैयत भैरो पातर के वारिशान। | | | | |
| 100 | 114 | 463 | निजी | बाड़ी–I | 0.032 | 0.02233 | ज्योतिष चन्द्र यादव, पिता– दुखराज यादव | पथ | 461 | 462 | पथ |
| 101 | | 464 | निजी | बाड़ी–I | 0.015 | 0.02233 | घनश्याम यादव, पिता– दुखराज यादव | पथ | 467 | 468 | 463 |
| 102 | | 471 | निजी | बाड़ी–I | 0.020 | 0.02234 | हरिकिशोर यादव, पिता– दुखराज यादव | पथ | 472 | 475 | 470 |
| 103 | 120 | 483 | निजी | बाड़ी–I | 0.030 | 0.030 | मौजी खीरहर वो सुदन खीरहर पेशरान कारू खीरहर वो चुलाई खीरहर वल्द लोकी खीरहर के वारिशान। | पथ | 482 | 484 | 479 |
| 104 | | 484 | निजी | बाड़ी–I | 0.038 | 0.038 | | पथ | 485 | 487 | 483 |
| 105 | 127 | 380 | निजी | बाड़ी–I | 0.023 | 0.023 | राजमरीक वो कटकी मरीक पेशरान काली मरीक वो हीरो मरीक वल्द सुफल मरीक वो मो0 तारो जौजे हीरा मरीक के वारिशान। | 378 | पथ | 362 | 381 |
| 106 | | 200 | निजी | धानी–III | 0.013 | 0.013 | | 198 | पथ | 198 | 199 |
| 107 | | 199 | निजी | धानी–III | 0.015 | 0.015 | | 198 | पथ | 200 | 198 |
| 108 | 128 | 455 | निजी | मकान मे सहन | 0.009 | 0.009 | जमाबंदी रैयत रुजू खीरहर के वारिशान। | पथ | 458 | 457 | 454 |
| 109 | | 457 | निजी | बाड़ी–I | 0.010 | 0.010 | | पथ | 458 | पथ | 455 |
| 110 | 131 | 694 | निजी | बाड़ी–I | 0.025 | 0.001041 | प्रतिक गायण, पिता– तेजनारायण गायण | 707 | पथ | 693 | 395 |
| 111 | | | | | | 0.001041 | भागीरथ गायण, पिता– तेजनारायण गायण | | | | |
| 112 | | | | | | 0.001043 | विश्वजीत गायण, पिता– तेजनारायण गायण | | | | |
| 113 | | | | | | 0.003125 | हरिनारायण गायण, पिता– सहदेव गायण | | | | |
| 114 | | | | | | 0.003125 | शिवनारायण गायण, पिता– सहदेव गायण | | | | |
| 115 | | | | | | 0.003125 | मनोहर गायण, पिता– सहदेव गायण | | | | |
| 116 | | | | | | 0.003125 | राजु गायण पिता– प्रमेश्वर गायण | | | | |
| 117 | | | | | | 0.003125 | मनोज गायण, पिता– प्रमेश्वर गायण | | | | |
| 118 | | | | | | 0.003125 | अशोक गायण, पिता– प्रमेश्वर गायण | | | | |
| 119 | | | | | | 0.003125 | संजय गायण पिता– प्रमेश्वर गायण | | | | |
| 120 | 139 | 454 | निजी | बाड़ी–I | 0.006 | 0.01033 | प्राली पंजियारा, पिता– जगदेव पंजियार | पथ | 456 | 455 | 454 |
| 121 | | 468 | निजी | बाड़ी–I | 0.025 | 0.01033 | श्रीकांत पंजियारा, पिता– जगदेव पंजियारा | पथ | 469 | 470 | 464 |
| 122 | | | | | | 0.01034 | नवलाल पंजियारा, पिता– जगदेव पंजियारा | | | | |
| 123 | 147 | 410 | निजी | धानी–III | 0.008 | 0.01433 | कैलाश यादव, पिता– महादेव मिरधा | पथ | 411 | 409 | 411 |
| 124 | | 476 | निजी | बाड़ी–I | 0.035 | 0.01433 | बैजनाथ यादव, पिता– महादेव मिरधा | पथ | 477 | पथ | 475 |
| 125 | | | | | | 0.01434 | सुदीन यादव, पिता– महादेव मिरधा | | | | |
| 126 | 155 | 409 | निजी | धानी III | 0.013 | 0.0065 | सनाथ यादव, पिता– सोखरन मिरधा | पथ | 408 | 406 | 410 |
| 127 | | | | | | 0.0065 | राजेन्द्र यादव, पिता– पदारथ मिरधा | | | | |
| 128 | 163 | 405 | निजी | बाड़ी–I | 0.011 | 0.0055 | नागेश्वर मांझी, पिता– जल्धर मांझी | 389 | पथ | 388 | 404 |
| 129 | | | | | | 0.0055 | मो0 जानकी, पति– स्व0 सुदीन मांझी | | | | |
| 130 | 171 | 406 | निजी | धानी–III | 0.003 | 0.0015 | बसंत मिरधा, पिता– भुनेश्वर मिरधा | पथ | 450 | पथ | 408 |
| 131 | | | | | | 0.00075 | मो0 छेमा, पति– स्व0 अरविन्द यादव | | | | |
| 132 | | | | | | 0.00075 | नकुल यादव, पिता– सूर्यनारायण मिरधा | | | | |
| 133 | 173 | 695 | निजी | बाड़ी I | 0.121 | 0.04033 | मनधन गिरीह, पिता– विरेलाल गिरीह | 707 | पथ | 694 | 696 |
| 134 | | | | | | 0.04033 | उपेन्द्र गिरीह, पिता– विरेलाल गिरीह | | | | |
| 135 | | | | | | 0.02017 | प्रकाश गिरीह, पिता– गुनसागर गिरीह | | | | |
| 136 | | | | | | 0.02017 | मनोज गिरीह, पिता– गुनसागर गिरीह | | | | |
| 137 | 175 | 688 | निजी | बाड़ी I | 0.041 | 0.041 | सरयु मंडल, पिता– रजली मंडल | 687 | पथ | 679 | 689 |
| 138 | | 689 | निजी | बाड़ी–I | 0.036 | 0.00225 | दिनेश मंडल, पिता– बदरी मंडल | 690 | पथ | 688 | 693 |
| 139 | | | | | | 0.00225 | उमेश मंडल, पिता– बदरी मंडल | | | | |
| 140 | | | | | | 0.0045 | मनोजर मंडल, पिता– जगदेव मंडल | | | | |
| 141 | | | | | | 0.0045 | तेजनारायण मंडल, पिता– जगदेव मंडल | | | | |
| 142 | | | | | | 0.0045 | मो0 सुशीला, पति– रामजी मंडल | | | | |
| 143 | | | | | | 0.018 | दखल रैयत मो0 मैना के वंशज नामालूम कमरु साह पिता हिरालाल साह | | | | |
| 144 | 178 | 753 | निजी | बाड़ी–I | 0.064 | 0.002668 | विजय साह पिता– कन्हई साह | 752 | पथ | पथ | 754 |
| 145 | | | | | | 0.001333 | मनोज साह पिता– कन्हई साह | | | | |
| 146 | | | | | | 0.001333 | गणेश साह, पिता– जगनाथ प्रसाद साह | | | | |
| 147 | | | | | | 0.001333 | दिनेश साह, पिता– जगनाथ प्रसाद साह | | | | |
| 148 | | | | | | 0.001333 | सचिदानन्द साह, पिता– उमापति साह | | | | |
| 149 | | | | | | 0.004 | जय प्रकाश साह, पिता– उमापति साह | | | | |
| 150 | | | | | | 0.004 | मो0 शांति देवी, पति– भोला साह | | | | |
| 151 | | | | | | 0.009 | कैलाशपति साह पिता– शिवनारायण साह | | | | |
| 152 | | | | | | 0.009 | रोशन कुमार, पिता– राजपति साह | | | | |
| 153 | | | | | | 0.009 | मो0 सुशीला, पति– राजेन्द्र साह | | | | |
| 154 | | | | | | 0.009 | महावीर साह, पिता– रामगोविन्द साह | | | | |
| 155 | | | | | | 0.003 | शांति देवी, पिता– राधे साह | | | | |
| 156 | | | | | | 0.003 | गीता देवी, पिता– राधे साह | | | | |
| 157 | | | | | | 0.003 | ममता देवी, पिता– राधे साह | | | | |
| 158 | | | | | | 0.003 | पार्वती देवी, पिता– राधे साह | | | | |
| 159 | 16 | 176 | निजी | पर्ती अप्राप्त | 0.045 | 0.045 | अधियाचना के आधार पर खखरू राउत, रोहिनी राउत, नारंगी राउत | पथ | 175 | 178 | 170 |
| 160 | | 177 | निजी | | 0.003 | 0.003 | | पथ | 180 | 180 | 178 |
| 161 | | 452 | निजी | | 0.014 | 0.014 | | पथ | 451 | 451 | 451 |
| | | | | कुल रकबा :– | 1.913 | 1.913 | एकड़ | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

**मौजा– दुरपत सीट नं0– 01, थाना नं0– 66, अंचल– पोड़ैयाहाट**, जिला– गोड्डा में कुल– **1.913** एकड़ यानि ...... हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

उपरोक्त भूमि चिन्हित एवं मापित है, इस जमीन में इच्छुक/हितबद्ध सभी व्यक्तियों को किसी प्रकार की आपत्ति की स्थिति में स्वयं अथवा प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक– **31.07.2025 से 07.08.2025** तक कार्यालय अवधि– 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के समक्ष उपस्थित होकर अपना आवेदन दो प्रति में दे सकते है।

अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी दावे एवं पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित दावे या धारा– 12 के तहत जमीन के मेजरमेंट से संबंधित आपत्ति/दावा प्रस्तुत करेंगे। साथ ही बँटवारे के आधार पर प्राप्त भूमि के दावा के संबंध में सक्षम न्यायालय का आदेश की प्रति देंगे।

ह0/–
उपायुक्त, गोड्डा

**PR 356493 (Land Reforms)25-26*D**

हिन्दी दैनिक
श्वेत पत्र
आपकी बात सच के साथ
देवघर, शनिवार, 05 जुलाई, 2025



## एक नजर

### अमेरिका में बिग ब्यूटीफुल बिल हुआ पास रूस से ज्यादा ताकतवर हुआ अमेरिका



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी कांग्रेस में नया बिल पास हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे ह्यबिग ब्यूटीफुल बिलह्व बताया है। ट्रंप शासन के नए बिल में वित्तीय वर्ष 2025 के लिए आईसीई का बजट 9.3 बिलियन डॉलर है। इस तरह आईसीई के बजट में तीन गुना बढ़ोत्तरी की गई है। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के टैक्स और खर्च बिल की योजना आईसीई को पांच साल में 100 से 150 बिलियन डॉलर के बीच आवंटित करने की है। इसका मतलब है कि आईसीई का सालाना बजट करीब 30 बिलियन डॉलर रहेगा। वहीं, एफआई का सालाना बजट 545 मिलियन डॉलर कम कर दिया गया है। एफबीआई का बजट 10.6 बिलियन डॉलर से घटाकर 10.1 बिलियन डॉलर कर दिया गया है। इस तरह एफआई और आईसीई का सालाना बजट करीब 40 बिलियन डॉलर सालाना हो गया है। इसमें अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम बल (आईसीसी) का बजट बढ़ा दिया गया है। वहीं, एफबीआई के बजट में थोड़ी कटौती की गई है। इन सारी चीजों के बीच यह दावा किया जा रहा है कि एफबीआई और आईसीई का संयुक्त बजट, रूस के सैन्य बजट से ज्यादा है। अब जरा नजर डालते हैं रूस के सैन्य बजट पर। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अप्रैल 2025 में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक रूस इस साल अपनी सेना पर 15.5 ट्रिलियन रूबल खर्च करने की तैयारी में है। इसे डॉलर में कन्वर्ट करें तो यह 174.16 बिलियन डॉलर पहुंचता है। ऐसे में यह साफ हो जाता है कि रूसी सेना का बजट, अमेरिका के एफबीआई और आईसीई पर खर्च से कहीं ज्यादा है। असल में आईसीई और एफबीआई का पांच साल का अनुमानित बजट करीब 180 बिलियन डॉलर है। इसकी तुलना रूसी सेना के सालाना बजट से होने लगी। इसीलिए यह दावा वायरल हो गया।

### रुस ने दी तालिबान को मान्यतु क्या अब भारत भी चलेगा पुतिन की राह पर

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता देने वाला पहला देश बन गया। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के ऑर्डर से मॉस्को ने



तालिबान को अपनी प्रतिबंधित संगठनों की सूची से हटाया है। इसके साथ ही नए युग की शुरूआत हो गई है। सोवियत संघ के समय अफगानिस्तान भंवर में फंस गया था। ये रूस और अमेरिका के बीच शीत युद्ध का अड्डा बन गया था। तब सोवियत संघ ने अपनी आर्मी वहां भेज दी थी। इससे निपटने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद से मुजाहिदीन तैयार किए। जब रूसी सेना वहां से हटी, तब अफगानिस्तान को इसका परिणाम झेलना पड़ा। दशकों तक आपसी नस्लीय लड़ाई में पिसने का फायदा उठाकर पाकिस्तान ने तालिबान को उकसाया और अफगानिस्तान पर उसका कब्जा हो गया। अब पुतिन के फैसले को मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। रूस से भारत की दोस्ती जगजाहिर है। ऑपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान के दावों पर तालिबान ने भी हमारा साथ दिया। बिक्रम मिस्री तालिबान विदेश मंत्री से मिल भी चुके हैं। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी वाला बताया है।अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी ने कहा कि रुस का यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है।

### युवक फ्लाइट में कर रहा था हरकतें, पीछे बैठे यात्री ने की शिकायत तो दबा दिया गला

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में फ्रंटियर एयरलाइंस की फ्लाइट में 30 जून को भारतीय मूल के इशान शर्मा को दूसरे पैसेंजर केनू इवांस के साथ मारपीट के आरोप में हिरासत में किया गया था। ये फ्लाइट फिलाडेल्फिया से मियामी




जा रही थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में इशान और केनू एक-दूसरे से लड़ते दिख रहे हैं, जबकि दूसरे लोग उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विवाद उड़ान भरने के कुछ समय बाद हुआ। केनू इवांस ने कहा कि इशान उसकी आगे वाली सीट पर बैठा था और अजीब हरकतें कर रहा था जैसे बार-बार हंसना और बड़बड़ाते हुए किसी को मारने की धमकी दे रहा था, जिससे केनू परेशानी हो रही थी। इशान के हरकतों से परेशान होकर केनू ने केबिन क्रू मेंबर से मदद के लिए कहा, जिसके बाद इशान गुस्से में आ गया और लड़ाई करने लगा और इवांस का गला पकड़ लिया। ईशान को मियामी एयरपोर्ट पर उतरते ही हिरासत में ले लिया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक दूसरी ओर अदालत में पेशी के दौरान इशान के वकील ने दावा किया कि वे बस मेडिटेशन कर रहे थे, जिसे पीछे बैठे केनू इवांस ने गलत समझ लिया। अदालत ने इशान पर 500 ??डॉलर यानी 42 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है और उसे इवांस से कांटेक्ट करने, उसके स्कूल या घर के पास जाने से रोकने के लिए स्टे-अवे ऑर्डर जारी किया है।

### पिता को बेटे ने दी अनोखी विदाई, उनके विदाई समारोह में नोटों की बारिश करवा दी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के डेट्राइट शहर में एक व्यक्ति ने अपने पिता को अनोखी विदाई दी। ये विदाई सोशल मीडिया में चर्चा का केंद्र बन गई। दरअसल इस विदाई में हेलिकॉप्टर से फूलों के साथ पैसों की बारिश करवा दी। आयोजक व्यक्ति ने बताया कि उसके पिता, डैरेल थॉमस, एक सफल कारोबारी और दानवीर थे। उनकी अंतिम ख्वाहिश थी कि उनके विदाई समारोह में आम लोगों के लिए भी कुछ किया जाए। बेटे ने यह ख्वाहिश पूरी कर हेलिकॉप्टर से 4 लाख 17 हजार रुपये (लगभग 5,000 अमेरिकी डॉलर) की नकद राशि और गुलाब की पंखुड़ियां लोगों पर बरसा दीं। जैसे ही आसमान से पैसे गिरने लगे, समारोह में उपस्थित लोगों और आसपास की भीड़ में अफरा-तफरी मच गई।

# थाईलैंड में दो दिनों में बदले दो प्रधानमंत्री: अब तीसरे फुमथम वेचायाचाई ने संभाली जिम्मेदारी

**बैंकॉक (एजेंसी)।** थाईलैंड की राजनीति में पिछले दो दिनों से बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। देश को 48 घंटे के भीतर दूसरा कार्यवाहक प्रधानमंत्री मिला है। गुरुवार को गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने 24 घंटे के भीतर कार्यकाल समाप्त करने वाले सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट की जगह ली। इससे पहले बुधवार को सूर्या को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था, जब थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को कोर्ट ने नैतिकता के उल्लंघन के मामले में पद से हटा दिया था। शिनावात्रा पर आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ एक निजी फोन कॉल में थाई सेना प्रमुख की आलोचना की थी। यह कॉल लीक होकर सार्वजनिक हो गई थी। कॉल में शिनावात्रा ने सेना प्रमुख को अपना विरोधी बताया और हुन सेन को चाचा कहकर संबोधित किया। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है, ऐसे में यह बयान राजनीतिक संकट का कारण बन गया। इस ऑडियो के सार्वजनिक होने के बाद शिनावात्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा को



नुकसान पहुंचाने, सेना को कमजोर करने और मंत्री पद की नैतिकता के उल्लंघन के आरोप लगे। उनके खिलाफ विपक्षी दलों ने आंदोलन शुरू कर दिया और गठबंधन के कुछ सहयोगी दलों ने समर्थन वापस ले लिया। आखिरकार कोर्ट के निर्देश पर उन्हें 1 जून को पद से हटा दिया गया। नए प्रधानमंत्री का चयन शिनावात्रा की बर्खास्तगी के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट का कार्यकाल महज 24 घंटे चला। गुरुवार को थाई राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में फुमथम वेचायाचाई को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। फुमथम वेचायाचाई फिलहाल देश के गृह मंत्री हैं और सत्ताधारी पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। सरकार ने सोशल मीडिया पर उनके नियुक्त होने की आधिकारिक घोषणा की। अब आगे क्या? राजनीतिक जानकारों का मानना है कि थाईलैंड में जारी सत्ता संकट का यह अंत नहीं है। सेना, न्यायपालिका और राजनीति के बीच टकराव और गठबंधन सरकार की अस्थिरता अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि फुमथम कब तक इस जिम्मेदारी को संभाल पाते हैं, या देश को जल्द नए आम चुनाव की ओर बढ़ना पड़ेगा।

## तालिबान सरकार को रुस ने दी इस्लामिक अमीरात की मान्यता

**मॉस्को (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा गुरुवार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और



अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी वाला बताया है। अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी ने बैठक के बाद बयान में कहा कि रुस का यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है। रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की है। रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी।

## पुतिन के मामले में बड़े बेआबरु दिख रहे ट्रंप बार-बार मनाने के बाद नहीं मान रहा मॉस्को

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में पुतिन की सेना को बड़ा झटका लगा है। रूसी नौसेना के डिप्टी चीफ की मौत हुई है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन के बीच फोन पर बातचीत हुई। हालांकि ये बातचीत फिर बेनतीजा साबित हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद कहा है कि वह इस बातचीत से खुश नहीं हैं। ट्रंप से बातचीत के बाद भी पुतिन ने बड़ा हमला यूक्रेन पर किया है। रूस की कुर्स्क सीमा पर यूक्रेनी हमले में रूसी नौसेना के डिप्टी कमांडर-इन-चीफ मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की मौत हुई थी। यह अब तक की सबसे बड़ी सैन्य हानि में से एक मानी जा रही है, क्योंकि गुडकोव पुतिन के करीबी और फ्रंटलाइन ब्रिगेड



कमांडर थे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की है कि गुडकोव की मौत युद्ध क्षेत्र में हुई। इसी बीच ट्रंप और पुतिन के बीच गुरुवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई, लेकिन ट्रंप ने खुद कहा कि इस बातचीत से उन्हें कोई प्रगति नहीं मिली। ट्रंप ने कहा, ह्यमैं खुश नहीं हूं। मैंने पुतिन से फोन पर युद्ध रोकने के लिए बात की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। पुतिन ने इस दौरान यूक्रेन युद्ध में पीछे हटने से इंकार किया और रूस के युद्ध लक्ष्यों पर कायम रहने की बात कही। जबकि ट्रंप लगातार बिना शर्त सीजफायर के लिए रूस को मनाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कोई बयान नहीं दिया, जो उनके पहले के व्यवहार के विपरीत है। पिछली कॉल्स में वे पुतिन से अच्छी भावना और संवाद की बात करते रहे हैं। ट्रंप और पुतिन की फोन कॉल के कुछ घंटों बाद ही रूस ने कीव सहित यूक्रेन के 13 से ज्यादा इलाकों पर रात भर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। कीव के ओबोलोन और सोलोमियनस्की इलाकों में आवासीय इमारतों की छतों पर आग लग गई, जबकि स्कूल और मकानों के पास मलबा गिरा। दक्षिणी शहर पोल्टावा में एक वाहन पर ड्रोन गिरने से दो लोग घायल हो गए। यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि हमले देर रात 10 बजे से शुरू हुए और सुबह तक चलते रहे, जिससे यह महीनों बाद का सबसे लंबा हमला माना जा रहा है।

## अपर क्रॉस सिंड्रोम बना तेजी से फैलती हुई स्वास्थ्य समस्या

**लंदन (एजेंसी)।** मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने घंटों तक झुककर बैठने की आदत के लोग तेजी से अपर क्रॉस सिंड्रोम की समस्या से जूझने को मजबूर है। यह समस्या गर्दन, कंधों और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों में असंतुलन पैदा करती है। यह स्थिति बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को प्रभावित कर रही है। समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह लगातार दर्द, अकड़न और गर्दन-कंधे की गतिशीलता में कमी जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इस स्थिति में कुछ मांसपेशियां बहुत ज्यादा टाइट हो जाती हैं, जैसे अपर ट्रेपेजियस, लेवेटर स्कैपुला और पेक्टोरलिस मेजर व माइनर, जबकि कुछ



मांसपेशियां कमजोर पड़ जाती हैं, जैसे डीप नेक फ्लेक्सर्स, लोअर ट्रेपेजियस और सेरेटस एंटीरियर। जब शरीर को साइड से देखा जाता है, तो यह असंतुलन एक क्रॉस जैसी आकृति बनाता है, इसलिए इसे अपर क्रॉस सिंड्रोम कहा जाता है। इसकी वजह से आगे की ओर झुकी हुई गर्दन, गोल कंधे और ऊपरी पीठ पर अनावश्यक भार जैसी खराब मुद्राएं विकसित हो जाती हैं। इसके प्रमुख कारणों में लगातार झुककर बैठना, निष्क्रिय जीवनशैली, बार-बार सिर झुकाकर मोबाइल देखना, बाहों को लंबे समय तक ऊपर उठाकर काम करना और नियमित व्यायाम की कमी शामिल हैं। ये कारण धीरे-धीरे शरीर के पोस्चर को बिगाड़ते हैं और मांसपेशियों के बीच संतुलन खत्म कर देते हैं। अपर क्रॉस सिंड्रोम के लक्षणों में गर्दन और कंधों में लगातार दर्द, सिरदर्द, गर्दन की गति में कमी, मांसपेशियों में थकान और हाथों में झुनझुनी या सुन्नपन होना शामिल है। इससे प्रभावित व्यक्ति को काम करने में परेशानी, आराम में भी दर्द और क्वालिटी ऑफ लाइफ में गिरावट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही, कंप्यूटर स्क्रीन को आंखों के समकक्ष रखना और मोबाइल का इस्तेमाल करते समय गर्दन को ज्यादा झुकने से बचाना चाहिए। नियमित रूप से गर्दन और कंधे की स्ट्रेचिंग और स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज करने से भी इस स्थिति को काफी हद तक रोका और सुधारा जा सकता है।

## रोम में हुए दो विस्फोट, दूर तक फैला मलबा, हादसे में 21 लोग घायल



**रोम (एजेंसी)।** इटली की राजधानी रोम के एक पेट्रोल स्टेशन और गैस डिपो में भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में 21 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट के बाद आग का एक बड़ा गोला आसमान में दिखाई दिया। यह विस्फोट सुबह 8 बजे हुआ। ब्लास्ट के बाद घटनास्थल से 300 मीटर दूर तक मलबा बिखर गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां एक के बाद एक दो विस्फोट हुए। पहले विस्फोट से पहले गैस की गंध आ रही थी। इसके बाद दूसरा विस्फोट हुआ और आग का एक बड़ा गोला आसमान में छा गया। विस्फोट के बाद लोगों को घरों से निकाला गया है। वाहन चालकों को वहां से हटाया गया। पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने रोम के मेयर से बात की।

## तालिबान जैसा होगा शासन, बांग्लादेश में लागू करेंगे शरीयत कानून: फैजुल करीम

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की कट्टरपंथी इस्लामी संगठन जमात-चर मोंई के प्रमुख पीर मुफ्ती सैयद मुहम्मद फैजुल करीम ने एक इंटरव्यू में स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह देश में तालिबान शासित अफगानिस्तान की तर्ज पर शरीयत कानून लागू करेंगे। फैजुल करीम ने कहा, अगर राष्ट्रीय चुनाव जीतकर सरकार बनी तो इस्लामिक मूवमेंट बांग्लादेश देश में शरीयत कानून लागू करेगा। फैजुल करीम ने अफगानिस्तान के वर्तमान शासन प्रणाली की सराहना करते हुए कहा, हम अफगानिस्तान की शासन प्रणाली को अपनाएंगे। तालिबान सरकार ने जो अच्छा किया है, उसे लागू करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सत्ता में आए तो हिंदुओं समेत सभी अल्पसंख्यकों को शरीयत के तहत अधिकार दिए जाएंगे। फैजुल करीम ने यह भी कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और रूस जैसे देशों की कुछ अच्छी बातें होंगी तो उन्हें भी अपनाया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह कहा कि वे शरीयत के विरोध में नहीं हों। हालांकि करीम ने आश्वासन दिया कि अल्पसंख्यकों को शरीयत के तहत अधिकार मिलेंगे, लेकिन तालिबान जैसे शासन मॉडल के उदाहरण को देखते हुए यह बयान अल्पसंख्यकों के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। मानवाधिकार कार्यकताओं और अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि ऐसी विचारधारा देश की धर्मनिरपेक्षता, महिला अधिकारों और न्याय व्यवस्था को कमजोर कर सकती है। जमात-चर मोंई जैसे संगठनों का खुलेआम चुनाव लड़ने और शरीयत लागू करने की बातें करना यह दशार्ता है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दौरान इस्लामी कट्टरपंथी संगठन राजनीतिक रूप से सक्रिय हो रहे हैं। बांग्लादेश में हाल ही में सत्ता परिवर्तन हुआ है, जहां पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को छात्रों के आंदोलन के बाद अपदस्थ किया गया था और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाई गई है।


**ई0 – प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0 – 16/2025-26/EE/BCD/DUMKA, दिनांक– 04-07-2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE-PARIPA IN JARMUNDI BLOCK UNDER dumka DISTRICT. | Rs.59,95,100.00 | 08 माह |
| 2 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE-BODAPAHARI IN GOPIKANDER BLOCK UNDER dumka DISTRICT. | Rs.59,95,100.00 | 08 माह |
| 3 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE-KUSMAHA IN JARMUNDI BLOCK UNDER dumka DISTRICT | Rs.59,95,100.00 | 08 माह |
| 4 | CONSTRUCTION OF MULTIPURPOSE CENTRE AT VILLAGE-BHARUDIH IN DUMKA BLOCK UNDER dumka DISTRICT. | Rs.59,95,100.00 | 08 माह |

1. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि / समय :– 17–07–2025 के 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय :– 26–07–2025 के 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।
4. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 28–07–2025 के 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 – प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, दुमका।
5. प्रोक्योरमन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 8210084525
6. ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 6200213814
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–2229 दिनांक–06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
10. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका

PR 356553 Building(25-26)#D



**ई0 – प्रोक्योरमेन्ट सेल कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन नोटिस**
**टेन्डर रेफरेन्स नं0 – 15/2025-26/EE/BCD/DUMKA,**
**दिनांक– 04-07-2025**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | RENOVATION OF HOSTEL BUILDING IN ITI, SARIYAHAT UNDER SARIYAHAT BLOCK, DIST-DUMKA | Rs.54,08,300.00 | 04 माह |
| 2 | RENOVATION OF GRADE -III QUARTER BUILDING IN ITI, SARAIYAHAT UNDER SARIYAHAT BLOCK, DIST -DUMKA. | Rs.53,41,80000 | 04 माह |
| 3 | RENOVATION OF ADMINISTRATIVE BUILDING ITI, JARMUNDI UNDER JARMUNDI BLOCK, DIST-DUMKA. | Rs.52,18,700.00 | 04 माह |

1. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि / समय :– 16–07–2025 के 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय :– 25–07–2025 के 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।
4. निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान :– 26–07–2025 के 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 – प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन अंचल, दुमका।
5. प्रोक्योरमन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 8210084525
6. ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 6200213814
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–2229 दिनांक–06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
10. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका।

PR 356522 Building(25-26)D


आर. एन .आई रजि0 न0 JHAHIN/2006/24924 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक–मुद्रक कमलेश तुलस्यान एस बी राय रोड देवघर द्वारा प्रकाशित तथा आदित्य पब्लिकेशन हाउस, बंधा बाय–पास रोड,बंधा, देवघर (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक–कमलेश तुलस्यान (मो0 9431132132)। कार्यकारी संपादक– श्याम कुमार श्रृंगारी' (इस अंक में प्रकाशित समाचारों का चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी)। फोन नं. 7004539007 फैक्स नं. (06432) 275355, डाक पंजीयन संख्या : SP-13/09 Email : shwetpatra10@gmail.com

## एक नजर

### आजकल परिवार के साथ लंदन में समय बिता रहे विराट



**लंदन (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद आजकल भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपने परिवार के साथ लंदन में रह रहे हैं। भारतीय टीम आजकल यहां टेस्ट सीरीज खेल रही है पर विराट ने उससे दूसरी बनायी हुई है और वह पूरा समय परिवार के साथ बिता रहे हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें विराट और उनकी पत्नी अनुष्का लंदन की एक सड़क पर टहलते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह कैमरे की ओर पलटकर देखते हैं और फिर अनुष्का के साथ आगे बढ़ जाते हैं। विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय भी लंदन में ही थे। ऐसे में ये पहली बार नहीं है जब विराट और अनुष्का को यहां देखा गया है। यहां भारतीय मूल के लोगों की काफी तादाद होने के कारण उनके प्रशंसकों की भी बड़ी संख्या काफी है। विराट संन्यास के बाद आध्यात्म से भी जुड़े और इसी कारण प्रेमानंद महाराज के आश्रम में भी उनके दर्शनों के लिए पहुंचे थे। कोहली के लिए पिछला कुछ समय अच्छा नहीं रहा है उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी जीत थी पर उनकी ये खुशी अधिक देर नहीं रही क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत की खुशी में आयोजित विक्ट्री परेड में हुई भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई, जिससे भी विराट दुखी हो गये थे। विराट के संन्यास के बाद अब शुभमन गिल उनकी जगह पर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कमाल कर रहे हैं। शुभमन ने पहले और दूसरे टेस्ट में शतक लगाकर विराट के ही अंदाज में जश्न मनाया।

### लीवरपूल के फुटबॉलर की कार हादसे में मौत , रोनाल्डों ने संवेदना जतायी



**जमोरा (एजेंसी)।** इंग्लैंड के लीवरपूल क्लब से खेलने वाले पुर्तगाल के एक फुटबॉलर की कार हादसे में मौत हो गयी है। लीवरपूल के फॉरवर्ड डिएगो की कार पुर्तगाली सीमा के करीब जमोरा प्रांत में हादसे का शिकार हो गयी। इस दौरान जोटा के साथ उनके छोटा भाई 26 साल के आंद्रे भी गाड़ी में थे। आंद्रे भी एक पेशेवर फुटबॉलर आंद्रे थे और पुर्तगाल की टीम पेनाफिल के लिए खेलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, स्पेन के जमोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की हादसे में मौत हुई है। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी। उनकी गाड़ी में आग लग गई थी। डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल है, इस खिलाड़ी ने अंतिम गोल एवर्टन के खिलाफ मैच में किया था। अभी वह लिवरपूल से खेल रहे थे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी गोल 2 अप्रैल को किया था। ये गोल एवर्टन और लिवरपूल के बीच खेले गए मुकाबले में बना था। लिवरपूल एफसी ने डियागो की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि इस कठिन समय में हमारी हार्दिक संवेदनाएं डियोगो के परिवार के साथ हैं। साथ ही कहा कि। फुटबॉल ने एक चैंपियन खो दिया है जिसकी कमी हमेशा खलेगी। हम क्लब में अपने दोस्तों और सहकर्मियों का समर्थन करना जारी रखेंगे। एलएफसी ने सोशल मीडिया में लिखा, लिवरपूल फुटबॉल क्लब डियोगो के दुखद निधन से स्तब्ध है। वहीं पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी डियोगो के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी परिवार के लिए अपनी संवेदनाएं जतायी हैं।

### थर्ड एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप में पदक जीतना चाहती है वान्या




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** वह 3 सितंबर को मलेशिया में होने वाजी थर्ड एशिया पैसिफिक योग चैंपियनशिप में सात साल की वान्या शर्मा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वान्या का लक्ष्य इसमें पदक जीतना है। थर्ड एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप में भारत, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, नेपाल सहित 11 देश हिस्सा लेंगे। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करने वाजी वान्या दो साल की छोटी उम्र से योग का अभ्यास कर रही हैं। अब वह सात साल की उम्र में योग में प्रशिक्षिक हो गई हैं। वह खुद भी योग करती हैं और लोगों को भी सिखाती हैं। वान्या का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड सहित कई जगह शामिल है। आगामी चैंपियनशिप के लिए वान्या जमकर तैयारी में लगी हुई हैं। इसमें परिवार भी उनकी सहायता कर रहा है। वान्या ने कहा, मैं इस टूनामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं नए-नए आसनों की तैयारी कर रही हूं। मेरा प्रयास अपने देश के लिए पदक जीतना रहेगा। वर्तमान समय में देशभर में योग के प्रचार प्रसार के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विशेषतौर पर योग को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर ले जाने के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

### पीसीए ने शुभमन को कहा, आपका ताज सबसे अधिक चमक रहा




**चंडीगढ़(एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले दोनो टेस्ट मैच में शतक लगाने के साथ ही भारतीय टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल छा गये हैं। इसके बाद से ही उन्हें बधाईयां मिल रही हैं। शुभमन ने पहले टेस्ट में शतक और अब दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाया है। उनकी 269 रन की ऐतिहासिक पारी पर उनके गृह राज्य पंजाब क्रिकेट संघ ने एक बेहद प्यारा संदेश दिया है। इस इसमें कहा गया है कि ताज पहने नहीं, कमाए जाते हैं। आपका ताज सबसे अधिक चमक रहा है। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने उनके एक साक्षात्कार को सोशल मीडिया में साझा किया है। ये तक का वीडियो है जब गिल शुरूआती किशोरावस्था में थे। इस वीडियो के साथ पीसीए ने जो लिखा है, वो सबसे अहम है। पीसीए ने पोस्ट किया, ह्य शुभमन आपने सिर्फ नेतृत्व ही नहीं किया बल्कि राज किया। पंजाब के हृदय से लेकर भारतीय क्रिकेट की आत्मा तक। आपने दुनिया को दिखाया है कि मैदान पर राजसीपन कैसा होता है। सिर्फ कप्तान ही नहीं - एक ताकत, एक आग, एक सुनहरा भविष्य। ताज पहने नहीं जाते - उन्हें कमाया जाता है और आज, आपका ताज सबसे अधिक चमक रहा है।

## राष्ट्रपति ने डूरंड कप फुटबॉल 2025 ट्रॉफी का अनावरण करने के साथ ही खेलों का महत्व बताया

# अनुशासन, संकल्प और टीम भावना को मिलता है बढ़ावा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज एक भव्य समारोह में डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 की ट्रॉफियों का अनावरण किया। राष्ट्रपति ने इस दौरान खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे अनुशासन, संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की ताकत है। इसी कारण हम इसे राष्ट्रीय एकीकरण का भी एक साधन मानते हैं। इसी कारण ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, डूरंड कप जैसे आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देते हैं बल्कि इससे फुटबॉल खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को विकसित करने के लिए भी एक मंच मिलता है। जिसपर खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि फुटबॉल का लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान है। यह सिर्फ एक खेल नहीं है; यह एक जुनून है। फुटबॉल का खेल रणनीति, धैर्य और एक साझा लक्ष्य की ओर मिलकर काम करने के बारे में बताता है। डूरंड कप का 2025 संस्करण इसी माह 15 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों - पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर, मेघालय और झारखंड के छह स्थानों पर खेला जाएगा। असम के कोकराझार में लगातार तीसरे साल डूरंड कप होने जा रहा है। इस टूनामेंट ने 2019 में अपना घरेलू मैदान नई दिल्ली से कोलकाता में स्थानांतरित कर दिया था और लगातार छठे संस्करण के लिए यह बना रहेगा। डूरंड कप ने देश की प्रमुख प्रतियोगिता के रूप में स्थापित कर लिया है, तथा इसमें भाग लेने वाली टीमों की संख्या 16 से बढ़कर 24 हो गई है, जिसमें सभी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीमों की भागीदारी भी शामिल है। यह टूनामेंट इस मायने में खास है कि इसमें सेना की टीमें भारत के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लबों के खिलाफ मुकाबला करती हैं और पिछले कुछ संस्करणों में पड़ोसी देशों की सेना टीमों के साथ विदेशी भागीदारी भी देखी गई है।

### जोकोविच ने विंबलडन में अपना 99वां मैच जीता

**लंदन(एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूनामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंच गये हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे जोकोविच ने दूसरे दौर में ब्रिटेन के डैन इवांस को 6-3, 6-2, 6-0 से हरा दिया। इसी के साथ ही जोकोविच ने विंबलडन में अपना 99वां मैच जीता है। इसी के साथ ही वह तीसरे दौर में 19वीं बार पहुंचे हैं। ये ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का अब तक का सबसे अच्छा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं स्विटजरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में जगह बनायी। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, ह्य19 बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह संख्या यानिक सिनर और कार्लोस अल्कारेज की उम्र के करीब है। गौरतलब है कि पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को 22 साल के अल्कारेज और 23 साल के सिनर ने हराया था। वहीं महिल एकल में सातवीं वरीयत प्राप्त मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीयता प्राप्त ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत हासिल की। एक अन्य मैच में आंद्रीवा ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-6 से पराजित किया जबकि नवारो ने वेरोनिका कुदरमेतोवा को 6-1, 6-2 से हराया। विंबलडन विजेता एलेना रिबाकिना ने मारिया सकारी को 6-3, 6-1 से पराजित किया।

# भारत ने 2036 ओलंपिक मेजबानी के लिए दावेदारी पेश की



**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारत ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश की है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्विट्जरलैंड के लूजान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अधिकारियों से मुलाकात कर आधिकारिक तौर पर ओलंपिक मेजबानी का दावा किया। भारतीय ओलंपिक संघ ने पिछले काफी समय से कहा है कि वह ओलंपिक का आयोजन करना चाहता है और उसके लिए प्रयास कर रहा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा के अलावा केंद्रीय खेल मंत्रालय और गुजरात सरकार के प्रतिनिधि शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक तौर पर मेजबान शहर के तौर पर अहमदाबाद के नाम की दावेदारी की। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने आईओसी के सामने आधिकारिक तौर पर मेजबान सिटी के तौर पर अपने किसी शहर का नाम दिया है। साल 2032 का ओलंपिक खेल ब्रिसबेन में होना है इसलिए भारत ने 2036 ओलंपिक के लिए दावेदारी की है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ऊषा ने कहा है, भारत में ओलंपिक खेल का होना न सिर्फ एक भव्य आयोजन होगा बल्कि उसका सभी भारतीयों पर ऐसा प्रभाव पड़ेगा जो पीढ़ियों में कभी कभार पड़ता है। उषा ने लूजान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अधिकारियों के साथ भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा भी किया है। उन्होंने कहा कि बातचीत काफी अच्छी रही है।

## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर समेटा




**सेंट जॉर्ज (एजेंसी)।** अल्जारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर ही आउट कर दिया। इस मैच में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया की ओर से केवल एलेक्स कैरी और बीयू वेबस्टर ही अर्धशतक लगा पाये। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इस मैच में 16 रन बनाने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के 16वें बल्लेबाज हैं। ख्वाजा ने 83 टेस्ट की 149 पारियों में से रन बनाये हैं। वहीं स्टीव स्मिथ केवल 3 रन ही बना पाये। बारिश से बाधित इस मैच में मेजबान गेंदबाज हावी रहे। अल्जारी ने 16 ओवर में 61 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं जेडन सील्स ने दो विकेट हासिल किये जबकि शमार जोसेफ, एंडरसन फिलिप और जस्टनी ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला। बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष बल्लेबजा विफल रहे। सलामी बल्लेबाज ओपनर सैम कांस्टास ने 25, उस्मान ख्वाजा ने 16 और कैमरन ग्रीन ने 26 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 29 रन बनाये। छठे नंबर पर उतरे बीयू वेबस्टर ने 60 रन की पारी खेलकर पारी संभाली। सातवें नंबर के उतरे एलेक्स कैरी ने 63 रन बनाये। इननों ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचाया। कप्तान पैट कमिंस ने भी 17 रन जबकि. नाथन लायन ने 11 और जोश हेजलवुड ने 10 रन बनाए।

### भारतीय फुटबॉल टीम की मुश्किलें बढ़ी , नये कोच ने भी पद छोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय फुटबॉल टीम टीम की मुश्किलें बढ़ गयी है। टीम के नये कोच मनोलो मार्केज ने भी अपना पद छोड़ दिया है। मार्केज ने एक साल से भी कम समय में अपना पद छोड़ दिया। उन्हें पिछले साल अगस्त में इगोर स्टिमैक के पद छोड़ने के बाद कोच बनाया गया था। मार्केज ने अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) के साथ आपसी सहमति से पद छोड़ा है। वहीं पिछले साल टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए स्टिमैक को राष्ट्रीय संघ ने कोच पद से हटा दिया था। मार्केज को एआईएफएफ ने उन्हें तीन साल के लिए राष्ट्रीय टीम का कोच बनाया था पर अचानक ही उनके इस्तीफे से साफ है कि एआईएफएफ में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। वहीं एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने कहा है कि, एआईएफएफ और मनोलो ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। साथ ही कहा कि एआईएफएफ जल्द ही नया मुख्य कोच नियुक्त करेगा। वहीं सवाल ये भी उठता है कि जिस प्रकार से कम समय के अंतराल में कोच हटाये जा रहे हैं उससे भारतीय टीम कैसे आगे बढ़ेगी।



टूर डि फ्रांस साइकिल रेस में भाग लेते हुए यूएई टीम अमीरेट्स के तदेज पोगाकर व अन्य प्रतियोगी।

# शुभमन इंग्लैंड में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी बने

**बर्मिंघम(एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं। अपनी 269 रनों की पारी के साथ ही शुभमन ने लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर के अलावा राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर को भी पीछे छोड़ दिया। शुभमन अब इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर के नाम था, जिन्होंने 1979 में द ओवल में 221 रन बनाए थे। इसके अलावा राहुल द्रविड़ ने 2002 में द ओवल में 217 रन बनाए थे। वहीं सचिन तेंदुलकर ने उसी साल लीड्स में 193 रनों की पारी खेली थी। रवि शास्त्री ने 1990 में द ओवल में 187 रन बनाए थे। वहीं शुभमन ने 269 रन बनाने के इन सभी को पीछे छोड़ दिया है। अब वह इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये है। शुभमन ने इस पारी के दौरान यशस्वी जायसवाल के साथ तीसरे विकेट के लिए 67 रन और ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 47 रन जोड़े। इसके बाद रवींद्र जडेजा के साथ छठे विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी ने बड़ी साझेदारी कर भारतीय टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। इस दौरान जडेजा ने भी 89 रन बनाये। शुभमन ने अपनी इस पारी के साथ ही कई अन्य अहम रिकार्ड बनाये हैं। वह इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय कप्तान बने हैं। इसके अलावा 25 साल के शुभमन गिल मंसूर अली खान पटौदी के बाद टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय कप्तान बन गए। वह सेना देशों (दक्षिण , अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ) में दोहरा शतक लगाने वाले पहले एशियाई कप्तान और टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी बने हैं।

# डब्ल्यूटीसी में रोहित को पीछे छोड़ने शुभमन को चाहिये तीन शतक



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल आजकल इंग्लैंड दौरे में छाये हुए हैं। शुभमन ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में भी शतक लगाया है। इससे उनके शतकों की संख्या अब सात हो गयी है। इस प्रकार देखा जाये तो शुभमन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में 7 शतकों के साथ ही सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा शतक भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम है। रोहित ने इस चैंपियनशिप में कुल 9 शतक जड़े हैं। उन्होंने टेस्ट से संन्यास ले लिया है। वहीं शुभमन जिस प्रकार खेल रहे हैं उससे वह पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में रोहित की बराबरी कर सकते हैं या उन्हें पीछे छोड़ सकते हैं। शुभमन अगर दो शतक लगा दें तो रोहित की बराबरी पर आ जाएंगे। वहीं तीन शतक से उन्हें पीछे छोड़ देंगे। भारत की ओर से ऋषभ पंत के नाम 6 हैं और वह तीसरे नंबर पर हैं। वहीं डब्ल्यूटीसी में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज की सूची में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट 18 शतकों के साथ टॉप पर हैं। वहीं रूट के अलावा कोई बल्लेबाज अभी तक 15 शतक से आगे नहीं आ पाया है। वहीं 13 शतकों के साथ ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ दूसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे अधिक शतक लगाने के मामले में रुट 18 शतक के साथ पहले। वहीं ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ 13 शतकों के साथ ही दूसरे व ऑस्ट्रेलिया के ही मार्नस लाबुशेन 11 शतक लगाकर तीसरे नंबर पर हैं। भारत के रोहित 9 शतक के साथ ही चौथे नंबर पर हैं जबकि श्रीलंका के डी सिल्वा 8 शतक सके साथ ही पांचवें नबर पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 8 शतक के साथ ही छठे जबकि ऑस्ट्रेलि के उस्मान ख्वाजा के भी 8 शतक हैं और वह भी छठे नंबर पर है।

### जडेजा एजबेस्टन में सबसे अधिक अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में शामिल



**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द जडेजा ने यहां मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अर्धशतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। जडेजा एजबेस्टन के मैदान पर सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के एक खास क्लब में शामिल हो गये हैं। इसमें सुनील गावस्वकर , गुंडप्पा विश्वनाथ , एमएस धोनी, विराट कोहली और ऋषभ पंत शामिल हैं। जडेजा इस मैदान पर संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक अर्धशतक बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। भारत जडेजा ने इस मैच में कप्तान शुभमन गिल के साथ 6 विकेट के लिए शानदार शतकीय साझेदारी की जिससे भारतीय टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। इसी दौरान 50 रन पूरे करने के साथ ही वह धोनी और विराट कोहली के की बराबरी पर आ गये। इस मैदान पर गावस्कर ने सबसे अधिक तीन अर्धशतक लगाये हैं। वहीं धोनी, जडेजा, कोहली, पंत और विश्वनाथ ने बर्मिंघम में दो बार पचास या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। जडेजा ने इस मैदान पर शतक भी लगाया है। ऐस में अगर इस मैच में भी वह शतक लगाते हैं तो दो टेस्ट शतक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे।